सितम्बर 2020

# ज्ञानम सामयिकी

# Gyanम्

6 months G.K PACK



## 3 RECORDS BY INDIA

India's Tiger census sets world record

Indian Railways achieves 100% punctuality record

UP creates new record in tree plantation

Scan code to download app

GET IT ON Google Play | Download on the App Store

For Admission Call or WhatsApp

**9646 888 377**

**LIVE MEGA COMBO Batch 2020**

**RECORDED Punjab Patwari / Naib Tehsildar Course**
ਪੰਜਾਬੀ ਭਾਸ਼ਾ ਵਿਚ

**DOWNLOAD THE GYNAM APP**

ONLINE COURSES | DAILY CURRENT AFFAIRS | FREE STUDY MATERIAL

GET IT ON Google Play | Download on the App Store

A Monthly Magazine by Gyanm Publications

₹70

TO GET
NOTIFICATIONS FOR
UPCOMING
GOVERNMENT JOBS
Whatsapp
GOVT JOB to
99 146 33222

ज्ञानम्

# ज्ञानम् सामयिकी

सितम्बर- 2020

वर्ष - 4 अंक - 11

ज्ञानम् एजुकेशन एंड ट्रेनिंग इन्स्टीच्यूट प्राइवेट लिमिटेड, दूसरी मंज़िल, एससीओ: 13-14-15, सैक्टर 34-ए, चंडीगढ़ द्वारा प्रकाशित


## विषय सूची


| | |
|---|---|
| करेंट अफेयर्स मई – जुलाई 2020 | 3-52 |
| बुलेट न्यूज़ फरवरी – अप्रैल 2020 | 53-63 |
| GK टेस्ट पेपर - 1 एवं 2 | 64-72 |
| IBPS PO PRE Model Test Paper | 73-88 |
| नवीनतम ज्ञान बिंदु | 89-112 |


## स्मरणीय तथ्य

| | |
|---|---|
| रेपो दर | 4.00% |
| रिवर्स रेपो दर | 3.35% |
| सीमांत स्थायी सुविधा दर | 4.25% |
| बैंक दर | 4.25% |
| सांविधिक तरलता अनुपात- SLR | 18.00% |
| नकद आरक्षित अनुपात - CRR | 3.00% |
| आधार दर | 8.15 to 9.40% |

## भारत का रैंक

| | |
|---|---|
| बजट पारदर्शिता सूचकांक | 53 |
| वैश्विक ऊर्जा संचार सूचकांक | 7 |
| ग्लोबल प्रेस फ्रीडम इंडेक्स | 142 |
| समावेशी इंटरनेट सूचकांक | 46 |
| वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट | 144 |
| बौद्धिक संपदा सूचकांक | 40 |
| सस्टेनेबिलिटी इंडेक्स | 77 |
| फ्लॉरिशिंग इंडेक्स | 131 |
| जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक | 9 |
| ग्लोबल टैलेंट कॉम्पिटिटिव इंडेक्स | 72 |
| कार्बन प्रकटीकरण परियोजना रिपोर्ट | 5 |
| लोकतंत्र सूचकांक 2019 | 51 |
| भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक | 80 |
| सामाजिक गतिशीलता सूचकांक | 76 |
| हैनली पासपोर्ट इंडेक्स | 84 |
| जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक | 9 |
| मानव विकास सूचकांक | 129 |
| जेंडर गैप इंडेक्स | 112 |
| ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स | 5 |
| वर्ल्ड टैलेंट रैंकिंग | 59 |



# राष्ट्रीय समाचार

## जुलाई

### भारत की बाघ जनगणना का विश्व रिकॉर्ड




2018-19 के लिए भारत में की गई बाघ जनगणना विश्व में कहीं भी सबसे लंबे वक्त तक "कैमरे के ज़रिये वन्यजीव सर्वेक्षण" करने का गिनीज़ बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है. 141 विभिन्न इलाकों में 26,838 स्थानों पर कैमरा ट्रैप (मोशन सेंसरों से लैस बाहरी फोटोग्राफिक उपकरण, जो किसी जानवर के पास से गुज़रने पर रिकॉर्डिंग शुरू करते हैं) रखे गए, जिनके ज़रिये 1,21,337 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया. इस सर्वेक्षण के अनुसार देश में बाघों की अनुमानित संख्या 2,967 है जो इनकी कुल वैश्विक आबादी का लगभग 75 प्रतिशत है. कुल बाघों में से 2,461 (लगभग 83 प्रतिशत) की फोटो खींची गई हैं.

### भारतीय रेलवे की बड़ी उपलब्धि

भारतीय रेलवे के इतिहास में पहली बार ट्रेनों के संचालन के मामले में 100 प्रतिशत समय की पाबंदी हासिल कर रेलवे ने नया कीर्तिमान दर्ज किया है. रेल मंत्रालय ने कहा कि हालांकि लागू प्रतिबंधों और लॉकडाउन के कारण भारतीय रेलवे अपनी क्षमता से काफी निम्न स्तर पर काम कर रही है, फिर भी 1 जुलाई को चलीं सभी 201 ट्रेनें बिना किसी देरी के समयानुसार अपने अपने निर्धारित स्टेशन पर पहुंचीं.

### दुनिया की पहली ऑनलाइन B.Sc. डिग्री




भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान IIT मद्रास ने दुनिया की पहली ऑनलाइन B.Sc. (प्रोग्रामिंग और डाटा साइंस) डिग्री शुरू की है. डेटा साइंस सर्वाधिक तेज़ी से उभरते क्षेत्रों में से एक है, जिसमें 2026 तक एक करोड़ 15 लाख लोगों के लिए रोज़गार सृजित होने का अनुमान है. यह कार्यक्रम 12वीं उत्तीर्ण कर चुके हर उस व्यक्ति को उपलब्ध होगा, जिसने अंग्रेज़ी और गणित सहित 10वीं पास की है और जो किसी भी ऑन-कैंपस स्नातक पाठ्यक्रम का छात्र है. इस अनूठे कार्यक्रम से उम्र, विषय या भौगोलिक स्थिति के सभी अवरोध मिटाये जा सकेंगे, जिससे अधिकाधिक लोगों को कुशल पेशेवरों की भारी मांग वाले डेटा विज्ञान क्षेत्र में विश्वस्तरीय पाठ्यक्रम सुलभ हो पायेगा.

## मोदी ने किया संयुक्त राष्ट्र ECOSOC को संबोधित



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र की 75वर्षगांठ पर आयोजित सत्र में संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (UN ECOSOC) के उच्च-स्तरीय खंड में एक आभासी मुख्य भाषण दिया. अपने भाषण में पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्र की भूमिका और सदस्य देशों की उम्मीदें संगठन से कैसे बढ़ीं पर ध्यान केंद्रित किया क्योंकि संयुक्त राष्ट्र इस प्रयोजन के लिए 193 सदस्य देशों को साथ लाता है. उन्होंने COVID-19 के खिलाफ लड़ाई में भारत द्वारा 150 देशों को दी गई चिकित्सा सहायता पर प्रकाश डाला. संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के छह प्रमुख अंगों में से एक 1945 में स्थापित ECOSOC यूएन द्वारा किए गए आर्थिक, सामाजिक, मानवीय और सांस्कृतिक गतिविधियों की दिशा और समन्वय का काम करता है. **UN ECOSOC-** United Nations Economic and Social Council

## वित्त मंत्री ने लिया FMCBG की बैठक में भाग

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 18 जुलाई को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में तीसरी G20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स (FMCBG) की बैठक में आभासी रूप से भाग लिया. इस बैठक में वित्त मंत्री ने साल 2020 के लिए अन्य जी-20 वित्तीय प्राथमिकताओं के साथ-साथ स्पष्ट रूप से COVID-19 संकट के बीच वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण पर चर्चा की.

## भारत में कम हुई गरीबी

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के सहयोग से ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (OPHI) द्वारा किये गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में 2005-06 से लेकर 2015-16 के दौरान 27 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर आए हैं. यह इस दौरान किसी भी देश में गरीबों की संख्या में सर्वाधिक कमी है. यह अध्ययन जिसमें 75 देशों को शामिल किया गया था, वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) पर आधारित था जो प्रत्येक वर्ष व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से गरीब लोगों के जीवन की जटिलताओं को मापता है. MPI की गणना पोषण, स्कूली शिक्षा, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, आवास और परिसंपत्तियों से वंचित करने जैसे संकेतकों के आधार पर की जाती है. अध्ययन के अनुसार 2005-06 में भारत में 55.1 प्रतिशत लोग गरीबी में थे. 2015-16 में यह संख्या घटकर 27.9 प्रतिशत पर आ गयी.

**MPI-** Multidimensional poverty index

## भारत विनिर्माण में तीसरा

विनिर्माण इकाई की लागत प्रतिस्पर्धा और परिचालन स्थितियों के संदर्भ में भारत 48 देशों के बीच वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थानों की सूची में तीसरे स्थान पर है. चीन और अमेरिका ने इस सूचकांक शीर्ष दो पदों को बरकरार रखा है. अमेरिका स्थित वैश्विक रियल एस्टेट सलाहकार - कुशमैन एंड वेकफील्ड द्वारा संकलित यह सूचकांक यूरोप, अमेरिका और एशिया प्रशांत के 48 देशों के बीच वैश्विक विनिर्माण के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थानों को रैंक करता है. इस सूचकांक में प्रत्येक देश को स्थितियों, लागत और जोखिम के पैमानों पर आधारित 20 कारकों का आंकलन कर रैंकिंग दी जाती है.

## निकारागुआ ISA में हुआ शामिल

मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ गणराज्य अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 87वां देश बन गया है. ISA भारत और फ्रांस द्वारा सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और दोहन करने के लिए 2015 में भारत और फ्रांस द्वारा शुरू किए गए 121 देशों का एक गठबंधन है. इसका मुख्यालय हरियाणा के गुरुग्राम में स्थित है. उनमें से ज्यादातर ऐसे देश शामिल हैं जहां सूरज की रोशनी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और जो पूरी तरह से या आंशिक रूप से कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच स्थित हैं.

**IAS -** International Solar Alliance

## CBIC का CBDT से समझौता

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने डेटा का स्वचालित और नियमित आदान प्रदान सुगम बनाने के लिए केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. इसके साथ साथ दोनों संस्थान अपने अपने डेटाबेस में उपलब्ध ऐसी कोई जानकारी भी एक-दूसरे के साथ साझा करेंगे, जो दूसरे संगठन के लिए हो उपयोगी सकती है.

## फिश प्लांट अनुबंध पर भारत के हस्ताक्षर

भारत और मालदीव ने मालदीव के दो द्वीपों में नेबरहुड फिश प्रोसेसिंग प्लांट स्थापित करने से संबंधित अनुबंध पर हस्ताक्षर किए. यह मछली प्रसंस्करण संयंत्र हाई इम्पैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट (HICDP) परियोजनाओं की श्रृंखला कड़ी हैं, जो भारत और मालदीव कुल मिलाकर 55 लाख डॉलर के अनुदान से स्थापित करेंगे. HICDP भारत और मालदीव के बीच विकास की जीवंत साझेदारी का महत्वपूर्ण आयाम है. ये परियोजनाएं द्वीपों पर आबाद समुदायों की ज़रूरतों से प्रेरित हैं.

द्वीपों का छोटा सा समूह मालदीव कन्या कुमारी के लगभग 700 किमी दक्षिण में स्थित है. यह समुद्र तल से औसतन सिर्फ 1.5 मीटर ऊंचा है, जो इसे दुनिया में सबसे कम ऊँचाई पर स्थित देशों में से एक बनाता है.



## भूटान ने भारत के लिए खोला नया वाणिज्यिक मार्ग



भारत और भूटान ने 15 जुलाई को जयगांव (पश्चिम बंगाल) और पासाखा (भूटान) के बीच एक नया वाणिज्यिक मार्ग खोला. भारत सरकार द्वारा अहले (पसाखा) में एक अतिरिक्त भूमि सीमा शुल्क स्टेशन खोला गया है. पसाखा इंडस्ट्रियल एस्टेट के लिए नियत औद्योगिक कच्चे माल और माल की आवाजाही के लिए नया भूमि मार्ग द्विपक्षीय व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देगा और जयगांव-फुंटशोलिंग मार्ग पर वाहनों के आवागमन को कम करेगा.

## देश का "पहला केबल-स्टे" रेल ब्रिज

देश का "पहला केबल-स्टेड" रेल पुल जल्द ही जम्मू और कश्मीर में अंजी खड्ड पर बनाया जा रहा है. यह पुल कटरा और रियासी को आपस में जोड़ेगा. इस पुल मुख्य एकल स्तम्भ नदी के तल से 331 मीटर ऊंचा है. पुल की कुल लंबाई 473.25 मीटर है. यह उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (USBRL) परियोजना का हिस्सा है. इसका निर्माण भारत सरकार के उपक्रम कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन द्वारा किया जा रहा है.

## रेलवे ने लॉन्च किया CO पोस्ट COVID कोच

रेल कोच फैक्ट्री (कपूरथला) ने COVID-19 वायरस संक्रमण के प्रसार को रोकने के प्रयास के तौर पर नया अत्याधुनिक पोस्ट-COVID कोच लॉन्च किया है. इस कोच में यात्रियों को COVID-मुक्त यात्रा अनुभव देने के लिए हैंड्स-फ्री सुविधाएं जैसे कॉपर- कोट्ड हैंड रेल और कुंडे, प्लाज़्मा वायु शोधन और टाइटेनियम डाई-ऑक्साइड की कोटिंग दी गई है.

## बांग्लादेश ने खोलीं मोंगला और चटोग्राम बंदरगाहें

16 जुलाई को जहाज़रानी मंत्री मनसुख मांडविया द्वारा कोलकाता बंदरगाह से बांग्लादेश के चटोग्राम पोर्ट से अगरतला जाने वाला पहला प्रायोगिक मालवाहक जहाज़ रवाना किया गया. एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) के अनुसार जो माल चटोग्राम और मोंगला समुद्री बंदरगाहों (दोनों बांग्लादेश में) तक पहुँचेगा, वह सड़क, रेल और पानी के मार्ग से अगरतला वाया अखौरा (त्रिपुरा) तक; डावकी (मेघालय) वाया तमबिल; सुतारकंडी (असम) वाया शीओला और श्रीमंतपुर (त्रिपुरा) वाया बिबीर ले जाया जाएगा. SoP में जलमार्ग, सड़क और रेलवे शामिल हैं. इससे असम, मेघालय और त्रिपुरा को चटोग्राम और मोंगला बंदरगाहों के माध्यम से समुद्री व्यापार मार्गों तक पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

## भारत की पहली NPNT अनुरूप ड्रोन उड़ान

पुणे स्थित क्विडिच इनोवेशन लैब्स ने एस्टेरिया एयरोस्पेस (बेंगलुरु) के साथ मिलकर कर्नाटक के तुमकुरु में पहली 'नो-परमिशन, नो-टेकऑफ' या NPNT- अनुपालन वाले ड्रोन की उड़ान पूरी की, जो दिसंबर 2018 से ड्रोन नियमन नीति प्रभावी होने के बाद इस तरह का पहला परिचालन था. इस साल मार्च में सरकार से डिजिटल स्काई योजना के तहत छह ग्रीन जोन को NPNT अनुपालित ड्रोन के अबाधित परिचालन के लिए सुरक्षा मंजूरी मिली थी. वर्तमान में अन्य क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाना गैरकानूनी है और और 250 ग्राम (नैनो ड्रोन) से ऊपर के ड्रोन के लिए NPNT का अनुपालन जरूरी है.

## गंगा पुनरोद्धार के लिए विश्व बैंक का सहयोग

विश्व बैंक ने गंगा नदी के पुनरोद्धार कार्यक्रम और इसमें प्रदूषण का स्तर कम करने में समर्थन देने हेतु 40 करोड़ डॉलर (लगभग 300 करोड़ रुपये) की सहायता देने की घोषणा की है. इस सहायता से 50 करोड़ लोगों की जीवनदायिनी इस नदी का बेसिन प्रबंधन मज़बूत करने में मदद मिलेगी. विश्व बैंक के अनुसार भारत की जीडीपी का 40% से अधिक हिस्सा इस घनी आबादी वाले गंगा बेसिन में उत्पन्न होता है, जिसके फलस्वरूप इसका रखरखाव देश की जल और खाद्य सुरक्षा के लिहाज़ से आवश्यक है.

## वैश्विक पारदर्शिता सूचकांक में भारत 34वां

शिकागो स्थित वैश्विक रियल एस्टेट सेवा प्रदाता जोन्स लैंग लासेल (जेएलएल) ने अपना द्विवार्षिक वैश्विक पारदर्शिता सूचकांक (जीआरईटीआई) जारी किया है. इस सूचकांक में शीर्ष स्थान पर यूके है, जिसके बाद क्रमश: अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया आते हैं. भारत इस सूची में 34वें स्थान पर रहा. यह सूचकांक रियल एस्टेट मार्केट में पारदर्शिता का अनूठा मानक है और विदेशी बाज़ारों में कार्यरत कंपनियों के लिए महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शिका है. शहरी जीवन से संबंधित 210 संकेतकों के आधार पर हुए इस सर्वेक्षण में 99 देशों के 163 शहर शामिल थे.

## 59 चीनी मोबाइल ऐप पर लगा प्रतिबंध

भारत सरकार ने देश की रक्षा, सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता और देशवासियों के डेटा और उसकी गोपनीयता की रक्षा के प्रयोजन से 29 जून को 59 चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया. यह प्रतिबंध सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2009 (सार्वजनिक सूचनाओं की पहुँच को अवरुद्ध करने हेतु प्रक्रिया और सुरक्षात्मक उपाय) की धारा 69 ए के तहत लगाया गया है. इन प्रतिबंधित ऐप्स की सूची में में टिकटॉक , शेयर इट, यूसी ब्राउज़र, वीबो, एक्सेंडर, वी चैट, क्लब फैक्ट्री, वमेट, बिगो लाइव जैसे कुछ लोकप्रिय ऐप्स शामिल हैं. गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर शीर्ष 10 ऐप में शुमार टिकटॉक के भारत में लगभग 11.9 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता थे.



### भारत चाबहार रेल परियोजना से हुआ बाहर



ईरान ने भारत को चाबहार रेल परियोजना से हटा दिया है. इस परियोजना के तहत चाबहार पोर्ट से अफगानिस्तान की सीमा के साथ जहेदान तक रेलवे ट्रैक बनाया जाना शामिल है. ईरानी सरकार ने फंडिंग और परियोजना को शुरू करने में हो रही देरी का आरोप लगाते हुए भारत को इस परियोजना से बाहर करने का निर्णय लिया है. ऐसे में अब स्थानीय ईरानी निधियों द्वारा ही इस परियोजना को पूरा करेगा.

- *भारत और भूटान ने पूर्वी भूटान के त्राशियांगत्से जिले में खोलांगछू नदी के निचले हिस्से में 600 मेगावाट की खोलोंगचु जलविद्युत परियोजना के निर्माण हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.*
- *भारत और यूरोप के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 15 जुलाई को भारत-यूरोपीय संघशिखर सम्मेलन वर्चुअल मोड में आयोजित किया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया.*

## जून

### गलवान घाटी में हुई घातक झड़प

15 जून को लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच डी-एस्केलेशन प्रक्रिया के दौरान हिंसक झड़प हुई. इस झड़प में भारतीय कमांडिंग अधिकारी सहित बीस भारतीय सैनिक शहीद हो गए. इस झड़प में चीनी पक्ष के सैनिक भी हताहत हुए. दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने बिगड़ती स्थिति को सँभालने के लिए झड़प के स्थान पर बैठक की. वर्ष 1975 के बाद से भारत-चीन सीमा पर दोनों पक्षों के बीच यह पहली मुलाकात थी.




### भारत- ऑस्ट्रेलिया वर्चुअल मीट

4 जून को पहली बार दो प्रधानमंत्रियों (भारत और ऑस्ट्रेलिया) के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से द्विपक्षीय आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया. ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन इस वर्ष भारत की यात्रा करने वाले थे लेकिन कोरोना संकट के कारण यह वर्चुअल शिखर सम्मेलन आयोजित करने पर सहमति बनी. दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों जैसे रक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खनन और शिक्षा आदि से जुड़े सात समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए.

*भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रगाढ़ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, जिनमें समय के साथ साथ और मज़बूती हो रही है. दोनों देशों का स्वतंत्र, समावेशी और समृद्ध भारत-प्रशांत क्षेत्र के प्रति साझा दृष्टिकोण है. ऑस्ट्रेलिया भारत की वैश्विक पहलों जैसे अंतरर्ष्ट्रीय सौर गठबंधन और भारत-प्रशांत महासागर पहल का समर्थन करता है. ऑस्ट्रेलिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सदस्यता देने का भी समर्थन किया था.*

### सुरक्षा परिषद का सदस्य बना भारत

193 सदस्यीय महासभा में 184 मतों की भारी जीत के बाद भारत को 8वीं बार दो साल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थाई सदस्य चुना गया है. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद UNO का सबसे शक्तिशाली अंग है. भारत का दो वर्षीय कार्यकाल 1 जनवरी, 2021 से शुरू होगा. भारत आठवीं बार प्रतिष्ठित सुरक्षा परिषद के लिए निर्वाचित हुआ है, जिसमें पांच स्थायी सदस्य और 10 अस्थाई सदस्य शामिल होते हैं. भारत के अलावा आयरलैंड, मैक्सिको और नॉर्वे ने भी सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता हासिल की है.

### पहली "भारतीय जलवायु परिवर्तन आकलन" रिपोर्ट जारी

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) ने जलवायु संकट की स्थिति पर भारत की पहली राष्ट्रीय रिपोर्ट "भारतीय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन का आकलन" शीर्षक से जारी की है. इस रिपोर्ट में भारत के संदर्भ में जलवायु की रूपरेखा में दीर्घकालिक परिवर्तनों और उनके जोखिमों का विश्लेषण किया गया है. MoES- The Ministry of Earth Sciences

### वैश्विक AI भागीदारी में भारत शामिल

यूएसए, यूके, ईयू, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फ्रांस और अन्य सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं द्वारा वैश्विक कृत्रिम बुद्धि गठबंधन (GPAI) शुरू करने के लिए 15 जून को की गई लीग में भारत भी शामिल हो गया है. संस्थापक सदस्य के रूप में GPAI में शामिल होकर भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के वैश्विक विकास में सक्रिय रूप से भाग लेगा और साथ ही समावेशी विकास के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उपयोग से जुड़े अपने अनुभव का दोहन करेगा. GPAI भागीदार देशों की क्षमताओं और अनुभवों का उपयोग कर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुडी चुनौतियों और अवसरों की बेहतर समझ विकसित करने पर केंद्रित अपनी तरह की प्रथम पहल है. इसका उद्देश्य मानव अधिकारों, विविधता, समावेशन, नवाचार और आर्थिक विकास पर आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का विवेकपूर्ण विकास और उपयोग सुनिश्चित करना है.

**QS यूनिवर्सिटी रैंकिंग में मात्र 8 भारतीय संस्थान**




QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) को सर्वोच्च स्थान दिया गया है, जबकि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और हावर्ड यूनिवर्सिटी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर मौजूद हैं. यह तीनों ही अमेरिकी संसथान हैं. QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2021 में मात्र 8 भारतीय शिक्षण संस्थान ही शीर्ष 500 में अपनी जगह बना पाए हैं. इस सूची में 172वें स्थान पर मौजूद IIT बॉम्बे की भारतीय संस्थानों में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है जबकि IISc बैंगलोर 185वें रैंक पर और IIT- दिल्ली 193वें स्थान पर है.

***लंदन की Quacquarelli Symonds*** *उच्च शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सेवाएं, विश्लेषण और जानकारी प्रदान करने वाली दुनिया की अग्रणी एजेंसी है. QS रैंकिंग में उच्च शिक्षा संस्थानों का पद्धतिगत मूल्यांकन किया जाता है और जो इनमें प्रवेश लेने के आकांक्षी छात्रों को अपने पसंदीदा चुने हुए मार्ग के साथ छात्रों को संरेखित करने के लिए विशेषज्ञ सलाह प्रदान करती है.*

**IIT मद्रास सर्वश्रेष्ठ संस्थान**

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) के तहत उच्च शैक्षिक संस्थानों की रैंकिंग 2020 जारी की. यह रैंकिंग शैक्षिक संस्थानों को विभिन्न मानकों पर अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने, अनुसंधान के क्षेत्र में कमियों को पहचाने तथा उन्हें सुधारने में मदद करती है.

**समग्र सर्वश्रेष्ठ संस्थान:** आईआईटी, मद्रास

**सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय:** भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु

**सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन संस्थान:** आईआईएम, अहमदाबाद

**सर्वश्रेष्ठ इंजीनियरिंग संस्थान:** आईआईटी, मद्रास

**सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा शिक्षा संस्थान:** एम्स, नई दिल्ली

**सर्वश्रेष्ठ डेंटल साइंस संस्थान:** मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज़, दिल्ली

**सर्वश्रेष्ठ कॉलेज:** मिरांडा हाउस (लड़कियों के लिए), दिल्ली

राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग निम्न मापदंडों के आधार पर दी जाती है - 'शिक्षण, अधिगम और संसाधन',,अनुसंधान और पेशेवराना परिपाटियां, स्नातक स्तर परिणाम', आउटरीच और समावेशन' और अनुभव.

❖ ***एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक****ने लाखों लोगों (बीजिंग) - पर हुए कोविड19 महामारी के बुरे प्रभावों की रोकथाम के लिए अपने प्रयासों को मज़बूती देने के लिए भारत को 75 करोड़ डॉलर का ऋण देने को स्वीकृति दी है.*

## मई

**मेगा प्रोत्साहन पैकेज हुआ जारी**

सरकार ने 13 मई को आत्म-निर्भर भारत अभियान के तहत 20 लाख करोड़ रुपये के प्रोत्साहन पैकेज की पहली खेप की घोषणा की, जो राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 10 प्रतिशत के बराबर है. प्रधानमंत्री ने स्थानीय (स्वदेशी) उत्पादों पर ज़ोर दिया और देशवासियों से "Vocal about Local" होने का आग्रह किया. पैकेज के कुछ प्रमुख आकर्षण हैं:

- *45 लाख MSME इकाइयों के लिए 12 महीने की भुगतानमुक्त अवधि सहित कुल - 3 लाख करोड़ रुपये के प्रतिभू.मुक्त ऋण-*
- *दाबित MSME के लिए 20 हजार करोड़ रुपये -2 लाख इकाइयों को फायदा मिलेगा .*
- *MSME फंड ऑफ फंड्स के माध्यम से 50,000 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश किया जाएगा.*
- *शिशु मुद्रा लोन योजना के तहत ऋण लेने वालों को 1500 करोड़ रूपये की ब्याज सब्सिडी .*
- *सरकारी निकायों और सार्वजनिक उपक्रमों को अगले 45 दिनों के भीतर सभी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों )MSME) को बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया है.*
- *अधिक इकाइयों को शामिल करने के लिए MSME की परिभाषा का विस्तार:*
  - *सूक्ष्म इकाइयां :1 करोड़ रुपये तक के निवेश और 5 करोड़ रुपये से कम के सालाना कारोबार वाली कंपनियां .*
  - *लघु इकाइयां :10 करोड़ रुपये तक के निवेश और 50 करोड़ से कम के सालाना कारोबार वाली कंपनियां .*
  - *मध्यम इकाइयाँ :20 करोड़ रुपये तक के निवेश और 100 करोड़ रुपये से कम के सालाना कारोबार वाली कंपनियां .*
- *स्थानीय उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के लिए 200 करोड़ रुपये तक की सरकारी खरीद के लिए अब वैश्विक स्तर पर निविदाएं आमंत्रित नहीं की जाएंगी .*
- *2.5 लाख किसानों के लिए 2 लाख करोड़ रु के रियायती ऋण*
- *लघु, सीमांत किसानों को नाबार्ड के माध्यम से 30,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आपातकालीन कार्यशील पूंजी कोष उपलब्ध कराया जाएगा.*
- *8 करोड़ प्रवासियों, जिनमें राशन कार्ड से वंचित लोग भी शामिल हैं, को अगले दो महीनों के लिए 10 किलो खाद्यान्न और 2 किलो दालें मुफ्त में देने के लिए 3,500 करोड़ रुपये की राशि.*
- *50 लाख ठेले रेहड़ियां लगाने वालों को संबल देने के लिए -5,000 रु की राशि .*
- *शहरी गरीबों और प्रवासियों के लिए पीपीपी मोड से किफायती किराये के आवासों और परिसरों का निर्माण किया जाना है.*
- *6 लाख रुपये से 18 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए किफायती आवास योजना का मार्च 2021 तक विस्तार किया जाएगा.*
- *आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम -31 जुलाई से बढ़ाकर 30 नवंबर की गई है .*
- *भविष्य निधि खाते में कर्मचारियों, नियोक्ताओं का योगदान कम कर 10% किया गया है .*
- *TDS / TCS की मौजूदा दरों में 25% की कमी, जो 14 मई से शुरू होकर लागू 31 मार्च, 2021 तक लागू रहेगी .*
- *विवाद से विश्वास योजना को बिना किसी दंड के 31-12-20 तक बढ़ाया गया.*
- *बिजली वितरण कंपनियों को (डिस्कॉम)90,000 करोड़ रुपये की एकमुश्त राशी की घोषणा की ताकि बिजली उत्पादक कंपनियों को भुगतान करने में मदद मिले.*

## आत्मनिर्भर भारत के लिए 4वीं किश्त

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 16 मई को आत्मनिर्भर भारत आर्थिक पैकेज की चौथी किश्त की घोषणा की. इस पैकेज में आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों (कोयला, खनिज, रक्षा उत्पादन, नागरिक उड्डयन, सामाजिक बुनियादी ढांचा, बिजली वितरण क्षेत्र, सामाजिक बुनियादी ढांचा, अंतरिक्ष) में संरचनात्मक सुधारों पर ज़ोर दिया गया है. रक्षा क्षेत्र में एफडीआई सीमा 49% से बढ़ाकर 7% कर दी गई है। निजी क्षेत्र को अब कोयला खनन में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी.

## आत्मनिर्भर भारत के लिए 5वीं किश्त

17 मई को आर्थिक पैकेज की पांचवीं और अंतिम किश्त का अनावरण किया गया. इनमें ढांचागत सुधारों के तहत सात क्षेत्रों -- मनरेगा, स्वास्थ्य और शिक्षा, कोविड-19 से प्रभावित व्यवसाय, कंपनी अधिनियम का विकेन्द्रीकरण, कारोबारी सुगमता, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों से संबंधित नीति, राज्य सरकार और उससे संबंधित संसाधनों पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा. मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए अतिरिक्त 40 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं ताकि लौटने वाले प्रवासियों की रोज़गार में मदद की जा सके.



## भारत पीपीई किट का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता

कपड़ा मंत्रालय की आधिकारिक घोषणा के अनुसार चीन के बाद अब भारत केवल दो महीनों में ही पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (PPE) बॉडी सूट का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है. भारत में प्रति दिन तीन लाख से अधिक पीपीई और एन 95 मास्क का उत्पादन हो रहा है. उल्लेखनीय है कि कोरोना संकट काल के शुरू होने से पहले भारत में एक भी पीपीई किट का उत्पादन नहीं किया जा रहा था.

## धारचूला-लिपुलेख सड़क हुई पूरी

सीमा सड़क संगठन ने धारचूला से लिपुलेख तक जाने वाली सड़क, जिसे कैलाश-मानसरोवर यात्रा मार्ग भी कहा जाता है, का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. यह नई सड़क पिथौरागढ़-तवाघाट-घाटीबगढ़ सड़क का विस्तार कर बनाई गई है. घाटीबगढ़ से निकलने वाली यह सड़क कैलाश मानसरोवर के प्रवेश द्वार लिपुलेख दर्रे पर समाप्त होती है. इस सड़क से पहली बार सीमावर्ती गाँवों को सड़क मार्ग से जोड़ा गया है और कैलाश मानसरोवर यात्रा करने वाले श्रद्धालु अब 90 किमी की मुश्किल चढ़ाई करने के बजाए अब इसी सड़क के जरिए अपनी चीन सीमा तक की यात्रा वाहनों से पूरी कर पायेंगे.

## AIIB देगा COVID-19 के लिए 50 करोड़ डॉलर



भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को दुरुस्त करने के लक्ष्य से भारत और AIIB (एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक बीजिंग) ने नई दिल्ली में "COVID-19 इमरजेंसी रिस्पांस और हेल्थ सिस्टम्स प्रिपेयर्डनेस प्रोजेक्ट" नामक 50 करोड़ डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए. इस फंड से संक्रमित लोगों, संवेदनशील आबादी, चिकित्सकीय और आपातकालीन कर्मियों और सेवा प्रदाताओं, चिकित्सकीय और परीक्षण सुविधाओं और राष्ट्रीय और पशु स्वास्थ्य एजेंसियों की जरूरतें पूरी करने में मदद मिलगी. यह स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत को इस बैंक से मिली पहली मदद है.

**AIIB** *नामक बहुपक्षीय विकास बैंक एशिया और इसके आस-पास के क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक स्थितियों की बेहतरी लाने के मिशन के साथ महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्त पोषण प्रदान करता है. बीजिंग में स्थित मुख्यालय वाले इस संस्थान ने जनवरी 2016 में काम शुरू किया था और अब दुनिया भर में इसके 78 स्वीकृत सदस्य देश हैं.*

## भारत में सर्वाधिक लोगों का आंतरिक विस्थापन

'इंटरनेशनल डिस्प्लेसमेंट मॉनीटरिंग सेंटर' (IDMC) द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट 'द ग्लोबल रिपोर्ट ऑन इंटरनल डिसप्लेसमेंट (GRID 2020)' के अनुसार भारत में 2019 में लगभग 50 lलाख लोग अपने मूल स्थान से विस्थापित हुए, जो किसी भी देश में आज तक विस्थापित हुए लोगों की सबसे अधिक संख्या है. यह मॉनीटरिंग सेंटर नॉर्वे की रिफ्यूजी काउंसिल का हिस्सा है. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में विस्थापन के कारणों में अधिक जनसंख्या, सामाजिक और आर्थिक संवेदनशीलता और जोखिमों में वृद्धि शामिल हैं. इस विस्थापन के आधे से अधिक के लिए प्राकृतिक आपदाएं (भारी बारिश) और भयंकर उष्णकटिबंधीय तूफान ज़िम्मेवार हैं.

वैश्विक स्तर पर चल रही संघर्ष और आपदाओं के कारण 145 देशों के लगभग 3.34 करोड़ लोगों को आंतरिक तौर पर विस्थापित होना पड़ा. 95 प्रतिशत से अधिक विस्थापन तूफान और बाढ़ जैसे मौसमी खतरों के कारण हुआ.



### 'मिशन सागर' का शुभारंभ

मौजूदा COVID-19 संकट के बीच पूर्वी हिंद महासागर क्षेत्र के पांच द्वीप देशों को सहायता प्रदान करने के लिए भारत ने 10 मई को मिशन सागर का संचालन किया. नौसैनिक जहाज आईएनएस केसरी के ज़रिये पाँच द्वीपीय देशों - मालदीव, मॉरीशस, सेशेल्स, मेडागास्कर और कोमोरोस को मेडिकल सहायता टीमों के साथ खाद्य वस्तुएं, हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन गोलियां, कोविड के इलाज की दवाएं और विशेष आयुर्वेदिक दवाएं भी पहुंचाई गयीं. यह मिशन वर्तमान स्वास्थ्य संकट के बीच हिंद महासागर के द्वीपीय देशों की मदद पहुंचाने की भारत सरकार की पहल का हिस्सा है.

### विश्व बैंक देगा एक अरब डॉलर का सहयोग

विश्व बैंक भारत के सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम में एक अरब डॉलर का सहयोग देगा. यह सहयोग राशि दो चरणों में जारी की जाएगी. पहले चरण में वित्त वर्ष 2020 के लिए 75 करोड़ डॉलर और दूसरे चरण में वित्त वर्ष 2021 के लिए 25 करोड़ डॉलर दिए जाएंगे.

### भारत को एक अरब डॉलर की आपात सहायता

ब्रिक्स देशों के न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) ने भारत को कोरोनावायरस महामारी से निपटने में इसके प्रयासों को संबल देने, इसका प्रसार रोकने और मानवीय, सामाजिक और आर्थिक नुकसान को कम करने के लिए एक अरब डॉलर की आपातकालीन सहायता राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है.

### "रामायण" ने बनाया विश्व रिकॉर्ड




लोकप्रिय टीवी धारावाहिक रामायण ने विश्व स्तर पर सर्वाधिक देखे जाने वाले मनोरंजन कार्यक्रम का विश्व रिकॉर्ड बनाया है. राष्ट्रीय प्रसारण एजेंसी प्रसार भारती ने बताया है कि 16 अप्रैल को दुनियाभर में 7.7 करोड़ दर्शकों ने इस शो को देखकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया. इस टेलीविज़न श्रृंखला का इस वर्ष 28 मार्च से दूरदर्शन नेशनल पर फिर से प्रसारण किया गया था.

### बजट पारदर्शिता में भारत की हालत खराब

अंतर्राष्ट्रीय बजट पार्टनरशिप (IBP) द्वारा किए गए ओपन बजट सर्वेक्षण में भारत की केंद्रीय बजट प्रक्रिया की पारदर्शिता और जवाबदेही के मामले में 117 देशों में 53वें स्थान पर रखा गया है. आईबीपी वाशिंगटन डीसी (यूएसए) में स्थित वैश्विक नीतिगत वैचारिक मंच है. इस सर्वेक्षण में देशों के बजट में पारदर्शिता को 0-100 के पैमाने पर मापा जाता है. सर्वेक्षण में विभिन्न देशों की रेटिंग कई मानदंडों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलनीय संकेतकों के अध्ययन पर आधारित है. सूची में न्यूजीलैंड शीर्ष पर रहा.

### ऊर्जा संक्रमण में भारत फिर से फिसड्डी



विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा संकलित ग्लोबल एनर्जी ट्रांज़िशन इंडेक्स (ETI) में भारत को 74वें स्थान पर रखा है, जोकि पिछले साल के प्रदर्शन से दो पायदान ऊपर है. भारत ने आर्थिक सुरक्षा, आर्थिक विकास और पर्यावरण स्थिरता के प्रमुख मापदंडों में सुधार कर बेहतर रैंकिंग पायी है. स्वीडन ने लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष स्थान हासिल किया है और स्विट्जरलैंड और फिनलैंड क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं. इस सूचकांक में 115 अर्थव्यवस्थाओं का आर्थिक विकास, पर्यावरणीय सततशीलता, ऊर्जा सुरक्षा, सुरक्षित, टिकाऊ, सस्ती और समावेशी ऊर्जा प्रणालियों में प्रसारण के मामले में उनकी तत्परता के आधार पर उनकी ऊर्जा प्रणालियों के वर्तमान प्रदर्शन का आंकलन किया जाता है.

# ख़बर राज्यों से

## जुलाई

### उत्तर प्रदेश ने फिर बनाया रिकॉर्ड

उत्तर प्रदेश में 5 जुलाई को एक ही दिन में 25 करोड़ पौधे लगाने का नया कीर्तिमान स्थापित किया गया. कोरोना संकट के कारण सामाजिक दूरी बनाए रखते हुए विभिन्न संस्थानों और सरकारी विभागों ने इस 'वन महोत्सव' अभियान में भाग लिया. इस अभियान के लिए 8 लाख से अधिक स्थानों की शिनाख़्त की गई थी और सटीक आंकड़े एकत्रित करने के लिए प्रत्येक स्थान की जियो टैगिंग भी की गयी थी. सरकार ने इस प्रयोजन के लिए पौधों की 201 किस्मों का चयन किया था जिनमें फलों वाले पौधे, आयुर्वेदिक औषधीय पौधे और अन्य पर्यावरण-अनुकूल किस्में शामिल थीं. इस अभियान के तहत राज्य में साल 2019 में 22 करोड़ और 2018 में 11 करोड़ पौधे लगाए गए थे.



## सबसे बड़ा अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट



प्रधानमंत्री ने 10 जुलाई को रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट का उद्घाटन किया. मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र के रीवा जिले में स्थापित रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर प्लांट की कुल क्षमता 750 मेगावाट है. 1590 एकड़ भूमि में फैला यह प्लांट एशिया के सबसे बड़े एकल-साइट वाले सौर ऊर्जा संयंत्रों में से एक है. इस परियोजना पर लगभग 4000 करोड़ रुपये की कुल लागत आने की उम्मीद है.

## नई दिल्ली में पहला प्लाज़्मा बैंक

2 जून को दिल्ली में भारत के पहले प्लाज़्मा बैंक का उद्घाटन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया. यह सुविधा नई दिल्ली के इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बाइलरी साइंसेज़ में स्थापित की गई है. प्लाज़्मा थेरेपी में स्वास्थ्य लाभ कर रहे कोरोनोवायरस रोगी से उसका प्लाज़्मा लेकर गंभीर कोरोनावायरस मरीज़ों को दिया जाता है. स्वास्थ्य लाभ कर रहे मरीज़ का खून एंटीबॉडी से भरपूर होता है, जो गंभीर रोगी को ठीक होने में मदद करती हैं. इस प्रक्रिया का प्लाज़्मा दान करने वाले रोगी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है.

## भारत का पहला सार्वजनिक EV चार्जिंग प्लाज़ा

भारत के पहले सार्वजनिक ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) चार्जिंग प्लाजा का उद्घाटन 20 जुलाई को केंद्रीय नई दिल्ली के चेम्सफोर्ड क्लब में किया गया. भारत में ई-मोबिलिटी को सर्वव्यापी और सुविधाजनक बनाने के लिए ईवी चार्जिंग प्लाजा एक नया एवेन्यू है जो भारत सरकार की उपक्रम एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) और नई दिल्ली नगर निगम के द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है. इसमें पांच विभिन्न स्पेसिफिकेशन्स वाले इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर लगाए गए हैं.

## उत्तराखंड में भारत का पहला लाइकेन गार्डन

उत्तराखंड वन विभाग ने पिथौरागढ़ ज़िले में स्थित कुमाऊं के मुनस्यारी पार्क में भारत का पहला लाइकेन पार्क विकसित किया है. लाइकेन हिमालय में 5000 मीटर तक की ऊँचाई पर पायी जाने वाली महत्वपूर्ण पादप प्रजातियों में से एक हैं, जो प्रदूषण स्तर मापने के सबसे अच्छे जैव-इंडिकेटर माने जाते हैं. लाइकेन एक प्रकार की वनस्पति होती है, जो कई कवक प्रजातियों के तंतुओं के बीच रहने वाले शैवाल या साइनोबैक्टीरिया के संगम से बनती है. ये कई रंगों, आकारों और रूपों में पाए जाते हैं.

## पहली बार विदेश गई स्पेशल पार्सल ट्रेन

10 जुलाई को आंध्र प्रदेश के गुंटूर ज़िले से सूखी मिर्च लेकर जाने वाली पहली पार्सल कार्गो ट्रेन को बांग्लादेश के लिए रवाना किया गया. दक्षिण मध्य रेलवे की स्पेशल पार्सल एक्सप्रेस द्वारा गुंटूर के रेड्डीपालम से भेजी गई 384 टन सूखी लाल मिर्च 1372 किलोमीटर की दूरी तय कर बांग्लादेश के बीनापोल में पहुंचेगी.

## काकरापार संयंत्र की तीसरी इकाई चालू

गुजरात के सूरत ज़िले में काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र की तीसरी इकाई ने 22 जुलाई को पहली बार क्रिटिकैलिटी (निरंतर श्रृंखलात्मक प्रतिक्रिया) प्राप्त कर ली. यह देश का पहला स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किया गया 700 मेगावाट का दाबित भारी जल रिऐक्टर (PHWR) है, जो कमीशनिंग के स्तर तक पहुंची है.किसी परमाणु रिएक्टर द्वारा कृटिकैलिटी प्राप्त करने का अर्थ है - प्रत्येक परमाणु विखंडन में पर्याप्त संख्या में न्यूट्रॉन की उत्पत्ति, जिससे किन्हीं चालू प्रतिक्रियाओं की सततशील श्रृंखला या स्व-सततशील श्रृंखलात्मक प्रतिक्रिया बरक़रार रखी जा सके.

## पीएम स्व-निधि योजना में MP अव्वल

सड़क विक्रेताओं को अपना व्यवसाय जारी रखने हेतु आसान वित्त प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि - पीएम स्व निधि योजना को लागू करने में मध्य प्रदेश शीर्ष पर उभरा है. शहरी स्ट्रीट वेंडर्स के अलावा राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों के स्ट्रीट वेंडर्स के लिए भी 10,000 रुपये की ब्याज मुक्त सहायता प्रदान करने की योजना लागू की जा रही है. राज्य में अब तक 15,500 मामलों को लगभग 15 करोड़ 50 लाख के ब्याज मुक्त ऋण को मंजूरी दी गई है. योजना के तहत एक वर्ष के लिए 10,000 रुपये की ब्याज मुक्त कार्यशील पूंजी प्रदान की जाती है. 7 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी केंद्र सरकार द्वारा और शेष राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी.

## HP में सभी को LPG कनेक्शन

हिमाचल प्रदेश 100% घरों में एलपीजी गैस कनेक्शन देने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है. राज्य द्वारा यह उपलब्धि हिमाचल गृहणी सुविधा योजना' की मदद से हासिल की गई जिसके तहत राज्य ने केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना के तहत छूटे हुए परिवारों को एलपीजी गैस कनेक्शन मुहैया करवाया.



## मिज़ोरम के पहले मेगा फूड पार्क का शुभारंभ



21 जुलाई को मिज़ोरम के कोलासिब जिले के खमरंग गांव में 55 एकड़ इलाके में पहले मेगा फूड पार्क (ज़ोरम मेगा फ़ूड पार्क) ने काम करना शुरू कर दिया. इस पार्क से 5,000 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोज़गार मिलने और लगभग 25,000 किसानों के लाभान्वित होने की उम्मीद है. कुल 75 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित इस फूड पार्क में लगभग 30 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा लगभग 250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश किये जाने की उम्मीद है, जिससे लगभग 450-500 करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार होगा.

## कचरे से बिजली बनाने के लिए उत्तराखंड

एक नवीन पहल में उत्तराखंड सरकार ने राज्य में 'Waste to Energy' नामक एक पहल के तहत राज्य में उत्पन्न कचरे से बिजली बनाने का फैसला किया है. इस पहल का उद्देश्य 5 मेगावाट बिजली तक बिजली पैदा करना, प्रदूषण पर अंकुश लगाना और पहाड़ी राज्य में ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए लैंडफिल की अनुपलब्धता की समस्या को हल करना है. इस पहाड़ी राज्य में हर दिन औसतन 900 टन कचरा पैदा होता है.

## नागालैंड में 2020 तक बढ़ा AFSPA

केंद्र सरकार ने सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 (AFSPA) की धारा 3 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग कर पूरे नागालैंड को दिसंबर 2020 तक "अशांत क्षेत्र" घोषित कर दिया है. यह कदम इस बात के मद्देनज़र उठाया गया है कि नागालैंड में वर्तमान स्थिति अशांत और खतरनाक है और नागरिकों की रक्षा के लिए सशस्त्र बलों का उपयोग करना अनिवार्य हो गया है. AFSPA के तहत सशस्त्र बलों को नागरिक क्षेत्रों में कार्य करते समय विशेष अधिकार प्राप्त होते हैं.

## केरल मंदिर संचालन हेतु त्रावणकोर शाही परिवार - SC

सुप्रीम कोर्ट ने 13 जुलाई को अपने ऐतिहासिक फैसले में केरल (तिरुवनंतपुरम) के श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के संचालन में त्रावणकोर राजपरिवार के अधिकारों को बरकरार रखा है. इस आदेश ने केरल उच्च न्यायालय के 31 जनवरी, 2011 के उस आदेश को रद्द किया, जिसमें राज्य सरकार से श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर के मामलों और परिसंपत्तियों के प्रबंधन और प्रशासन के लिए एक निकाय या ट्रस्ट की स्थापना को कहा गया था. फैसले ने मंदिर के प्रशासन पर विवाद को दूर कर दिया है जिसे दुनिया के सबसे अमीर मंदिरों में से एक माना जाता है. इस भव्य मंदिर के मौजूदा स्वरूप का पुनर्निर्माण 18वीं सदी में त्रावणकोर शाही परिवार ने करवाया था.

## STARS कार्यक्रम को विश्व बैंक का ऋण

विश्व बैंक ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता और शासन में सुधार के लिए "स्ट्रेंथनिंग टीचिंग-लर्निंग और रिज़ल्ट्स फॉर स्टेट्स" (STARS) प्रोग्राम के लिए 50 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है. इस कार्यक्रम में छह राज्य शामिल होंगे - हिमाचल प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, और राजस्थान. यह कार्यक्रम भारत को 'अधिगम परिणाम' की चुनौती से निपटने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा. इसकी मदद से छात्र विभिन्न सुधारों के माध्यम से भविष्य की नौकरियों की तैयारी के लिए खुद को तैयार कर सकेंगे.

- *मध्य प्रदेश पर्यटन ने राज्य के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर इंतज़ार " .अभियान शुरू किया "आप का*
- *विश्व बैंक ने तमिलनाडु में कम आय वाले समूहों को किफायती आवास सुलभ कराने के लिए तमिलनाडु सरकार को दो ऋण, (50 करोड़ डॉलर और 20 करोड़ डॉलरद (ने को मंज़ूरी दी है.*

# जून

## हिमाचल प्रदेश ने जीता ई-पंचायत पुरस्कार-*2020*

हिमाचल प्रदेश राज्य पंचायती राज विभाग ने केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की ई-पंचायत पुरस्कार -2020 योजना के तहत प्रथम पुरस्कार जीता है. राज्य की सभी 3,226 पंचायतों को इंटरनेट की सुविधा प्रदान की गई है और लोग ऑनलाइन विभिन्न सेवाओं जैसे परिवार रजिस्टर, जन्म, मृत्यु और विवाह के पंजीकरण तक पहुंच सकते हैं.

## राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक जारी

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर द्वितीय 'राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक' जारी किया. इस सूचकांक में बड़े राज्यों में गुजरात शीर्ष पर है, जिसके बाद तमिलनाडु और महाराष्ट्र आते हैं. छोटे राज्यों में गोवा पहले स्थान पर रहा, जिसके बाद मणिपुर और मेघालय आते हैं. केंद्र शासित प्रदेशों में चंडीगढ़, दिल्ली और अंडमान द्वीप समूह ने शीर्ष तीन स्थान हासिल किये. इस सूचकांक को तैयार करने में राज्यों को खाद्य सुरक्षा के पांच मानकों के पैमानों पर रैंक दिया जाता है.



### 'ओडिशा के आदिवासी हॉस्टलों को ISO प्रमाण पत्र



अपने यहां के आदिवासी छात्रों के छात्रावासों के लिए ISO प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला ओडिशा देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है. इससे पहले पिछले साल राज्य सरकार ने "मिशन सुविधा" परियोजना के तहत राज्य में सभी आदिवासी छात्रावासों में समान बुनियादी अवसंरचना, सुविधाएं और मानव संसाधन प्रदान करने का कार्यक्रम शुरू किया था.

### छत्तीसगढ़ ने शुरू की गोधन न्याय योजना'

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में 'गोधन न्याय योजना' शुरू करने की घोषणा की है. इस योजना का मुख्य उद्देश्य पशुपालन को व्यावसायिक रूप से लाभदायक बनाने, मवेशियों द्वारा खुले में चराई को रोकने, सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या को हल करने और पर्यावरण संरक्षण को रोकना है.

इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार पशुपालकों से गोबर क्रय करने के लिए दर निर्धारित करेगी. इससे पशुपालकों को अपने मवेशियों को उचित चारा-पानी उपलब्ध कराने और उन्हें अपने स्थान पर बांधकर रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा.

*खरीदे गए गोबर का उपयोग वर्मीकम्पोस्ट खाद के उत्पादन के लिए किया जाएगा, जिसे बाद में सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों की उर्वरक आवश्यकता को पूरा करने के साथ-साथ कृषि, वन, बागवानी और शहरी प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न वृक्षारोपण अभियानों के लिए बेचा जाएगा.*

### केरल देगा गरीबों को मुफ्त इंटरनेट

केरल अपने यहां के निवासियों के लिए इंटरनेट को उनका मौलिक अधिकार घोषित करने वाला पहला राज्य बन गया है. राज्य में "केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क" (K-FON) परियोजना की शुरुआत की गयी है, जिससे गरीबों को निशुल्क और अन्य लोगों को सस्ती दरों पर उच्च गति वाली इंटरनेट सेवा मुहैया कराई जा सकेगी. K-FON नेटवर्क से स्कूलों, अस्पतालों, सरकारी कार्यालयों और अन्य संस्थानों को इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलेगी. 1500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली K-FON परियोजना के दिसंबर 2020 में शुरू होने की संभावना है.



### श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट

केंद्र सरकार ने कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट की 150वीं वर्षगांठ पर इसका नाम बदलकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट ट्रस्ट करने की स्वीकृति दे दी है. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जनसंघ के संस्थापक थे, जो आज की भाजपा की जनक है. वे स्वतंत्र भारत के प्रथम उद्योग और आपूर्ति मंत्री रहे थे. कोलकाता बंदरगाह समुद्र से लगभग 230 किमी दूर हुगली नदी पर निर्मित भारत की सबसे पुरानी और नदी पर बनी एकमात्र प्रमुख बंदरगाह है.

### गुजरात में बढ़ी एशियाई शेरों की आबादी

पिछले पांच वर्षों में भारत में एशियाई शेरों की आबादी में 29% की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है. एशियाई शेरों की संख्या साल 2015 के 523 से 29% बढ़कर 2020 में 674 हो गई है. ये जंगली शेर पश्चिमी गुजरात में स्थित गिर अभयारण्य में पाए जाते हैं. एशियाई शेर लुप्तप्राय प्रजाति हैं, जो ज़्यादातर दक्षिण पश्चिम गुजरात में गिर के जंगलों तक ही सीमित हैं.

### अरुणाचल प्रदेश में नई मछली प्रजाति की खोज



अरुणाचल प्रदेश में "स्किज़ोथोरैक्स सिकुसीरुमेन्सिस" नामक मछली की नई प्रजाति खोजी गई है. मछली की यह प्रजाति सिकु और सिरुम नदियों के संगम स्थल से मिली है. यह स्थान पूर्वी सियांग ज़िले के मीबो सर्कल के तहत गकांग क्षेत्र के पास है.

- **बेंगलुरु का केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा** भारत का पहला ऐसा हवाई अड्डा बन गया है, जिसके नए रनवे के दोनों छोरों पर स्वदेशी रूप से विकसित एविएशन वेदर मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया
- विश्व बैंक ने राज्य में COVID -19 स्थिति से निपटने और विकासात्मक कार्यों के लिए पश्चिम बंगाल सरकार को 1950 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया है.

## मई

### मिज़ोरम में खेलें बनीं उद्योग

मिज़ोरम सरकार ने राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इसमें रोजगार सृजन और इससे प्राप्त लाभों में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से खेलों को "उद्योग" का दर्जा देने की घोषणा की है. इस क़दम से खेलों और उनके बुनियादी ढाँचा निर्माण के लिए निजी और सरकारी स्रोतों से सब्सिडी, ऋण और सहायता मिल सकेगी.




## Online Videos for All Government Exams

For Free Learning

Subscribe to

**Gyanm YouTube Channel**

**www.youtube.com/c/GroverGyanm**

www.gyanm.in

### कोणार्क सूर्य मंदिर का होगा सौर्यीकरण



केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक सूर्य मंदिर वाले कोणार्क नगर को सूर्य नगरी के रूप में विकसित करने के लिए ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर को 100% सौर उर्जा से संचालित करने की योजना का शुभारंभ किया है.

इस योजना के तहत 10 मेगावाटट ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजना और विभिन्न ऑफ-ग्रिड सौर प्रयोगों जैसे-सौर वृक्ष और सौर पेयजल कियोस्क स्थापित करने की परिकल्पना की गई है.

इस मंदिर का निर्माण 13वीं शताब्दी के मध्य में राजा नरसिंह देव प्रथम ने कराया था और इसे 1984 में यूनेस्को ने वैश्विक धरोहर स्थल घोषित किया था.

### 'खुडोल' बनी शीर्ष वैश्विक अभियान

संयुक्त राष्ट्र महासचिव के युवा राजदूत की ओर से मणिपुर की "खुडोल" (Khudol) पहल को विश्व स्तर पर शीर्ष 10 पहलों में स्थान दिया गया है. इंफाल की एनजीओ Ya_All "खुडोल" के जरिए LGBTQI + समुदाय, एचआईवी पीड़ितों, दिहाड़ीदारों, बच्चों और किशोरों के भोजन, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करती है. इस संगठन ने भारत की पहली ट्रांसजेंडर फुटबॉल टीम भी बनाई थी. LGBTQI का मतलब है - लेस्बियन, गे, बाइसेक्सुअल, ट्रांसजेंडर, क्वीर और इंटरसेक्स समुदाय.

### 'FIR आपके द्वार योजना' का शुभारंभ

मध्य प्रदेश सरकार ने भोपाल में देश की पहली 'एफआईआर आपके द्वारा' योजना' शुरू की. इस योजना को 11 मंडल मुख्यालयों के 23 पुलिस स्टेशनों में पायलट परियोजना के तौर पर शुरू किया गया है, जिनमें एक शहरी और एक ग्रामीण पुलिस स्टेशन शामिल हैं. इस योजना के तहत "डायल 100" वाहन में FIR दर्ज करने के लिए प्रशिक्षित हेड कांस्टेबल मौजूद रहेंगे.

### कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग

आवास और शहरी मामले मंत्रालय ने कचरा मुक्त शहरों की स्टार रेटिंग के परिणामों की घोषणा कर दी है. इस सूची में अंबिकापुर, राजकोट, सूरत, मैसूर, इंदौर और नवी मुंबई को कचरा-मुक्ति के मामले में फाइव स्टार शहर घोषित किया है जबकि 65 शहरों को तीन स्टार रेटिंग और 70 शहरों को एक स्टार रैंकिंग प्रदान की गई है. मंत्रालय द्वारा यह स्टार रेटिंग प्रोटोकॉल जनवरी 2018 में शहरों को कचरा मुक्त होने और अत्यधिक स्वच्छ बनने को प्रेरित करने के लिए संस्थागत तंत्र के तौर पर लॉन्च किया गया था.

### ओलिव रिडले कछुए चले समुद्र की ओर

ओडिशा तट के किनारे हज़ारों नवजात ओलिव रिडले कछुओं ने अपनी वापसी की समुद्र यात्रा शुरू कर दी है. मार्च के अंत में ओडिशा तट पर स्थित ऋषिकुल्य और गहिरमाथा रूकरी (प्रजनन कॉलोनी) में ओलिव रिडले कछुए अंडे देने के लिए आ गए थे. मई की शुरुआत से इनमें से लाखों की संख्या में कछुओं के छोटे-छोटे बच्चे बाहर आने शुरू हो गए हैं, जो इसके बाद समुद्र की ओर अपनी यात्रा शुरू करते हैं. उम्मीद है कि इस मौसम में दो करोड़ से अधिक नवजात कछुए समुद्र में पहुंचेंगे.

### बंजर भूमि का होगा उपयोग

पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में खाली पड़ी बंजर भूमि से आय सृजन करने के उद्देश्य से इन क्षेत्रों में बाग़वानी और मछली पालन जैसी आय सृजन गतिविधियां शुरू करने के लिए 'मातिर समृष्टि' नामक योजना की शुरूआत की है. इस योजना से ग्रामीण बंगाल में लगभग 2.5 लाख लोगों को लाभ होगा, जिन्हें 6 ज़िलों में बंजर पड़ी 50,000 एकड़ भूमि पर कृषि करने को प्रोत्साहित किया जाएगा. फिलहाल इस ज़मीन पर प्राकृतिक रूप से कोई पैदावार नहीं होती है.



### तेलंगाना खेती को विनियमित करने वाला पहला राज्य

तेलंगाना खेती को विनियमित करने के उद्देश्य से किसानों को फसल उगाने के संबंध में आवश्यक निर्देश देने वाला पहला भारतीय राज्य बन गया है. शुरुआती कदम के तौर पर राज्य में धान उगाने के क्षेत्र की ऊपरी सीमा 50 लाख एकड़ और लाल चना उगाने के क्षेत्र की सीमा 10 लाख एकड़ रखी गई है.

- *कश्मीरी केसर को 'भौगोलिक संकेतक' (GI) टैग दिया गया हैबिना . किसी रसायन के उपयोग के कश्मीर घाटी में उगाया जाने वाला केसर .प्राकृतिक गहरे लाल रंग का होता है और इसकी तेज़ खुशबू होती है*
- *एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक )AIIB) ने पश्चिम बंगाल के दामोदर घाटी कमान क्षेत्र में सिंचाई सेवाओं और बाढ़ प्रबंधन सुविधाओं में सुधार के लिए 14. 5 करोड़ डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं.*
- *एशियाई विकास बैंक ने महाराष्ट्र में 450 किलोमीटर के राज्य राजमार्गों और प्रमुख जिला सड़कों के उन्नयन के लिए 17.7 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी.*
- *एशियाई विकास बैंक ने महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कनेक्शन प्रदान करने के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार को 34.6 करोड़ अमरीकी डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है.*

# योजनाएं एवं नीतियां

## जुलाई

### नया उपभोक्ता अधिनियम, 2019 अधिसूचित




संशोधित उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 20 जुलाई 2020 को लागू हो गया. उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने कहा कि यह नया अधिनियम उपभोक्ताओं को सशक्त बनायेगा और इसके विभिन्न अधिसूचित नियमों व उपभोक्ता संरक्षण परिषदों, उपभोक्ता विवाद निवारण आयोगों, मध्यस्थता, उत्पाद दायित्व तथा मिलावटी/ नकली सामान वाले उत्पादों के निर्माण या बिक्री के लिए सजा जैसे प्रावधानों के माध्यम से उनके अधिकारों की रक्षा करने में मदद करेगा.

*इस अधिनियम में उपभोक्ताओं के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी रक्षा के लिए केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) की स्थापना करना शामिल है. CCPA को उपभोक्ता अधिकारों और संस्थानों की शिकायतों/अभियोजन के उल्लंघन की जांच करने, असुरक्षित वस्तुओं और सेवाओं को वापस लेने का आदेश देने, अनुचित व्यापार चलनों और भ्रामक विज्ञापनों को रोकने का आदेश देने, निर्माताओं/समर्थनकर्ताओं/भ्रामक विज्ञापनों के प्रकाशकों पर जुर्माना लगाने का अधिकार होगा.*

### ई-कॉमर्स के लिए नए नियम जारी

सरकार ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए नए नियम और विनियम अधिसूचित कर दिए हैं. इनके तहत ई-कॉमर्स कम्पनियों के लिए अपने उत्पादों पर निर्माता देश अंकित करना अनिवार्य कर दिया गया है. इस नियम के उल्लंघन की दोषी कम्पनी दंडात्मक कार्रवाई की पात्र होगी. अब ई-कॉमर्स कंपनियों को अन्य शुल्कों के विवरण के साथ-साथ बेची जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की कुल कीमत भी दिखानी होगी.

*23 जुलाई को अधिसूचित 'उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020', उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 का भाग हैं. इन नए नियमों का लक्ष्य उपभोक्ता विवादों के समयोचित और कारगर निपटारे के लिए प्राधिकरणों की स्थापना कर उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करना है. इनसे केंद्र सरकार को ई-कॉमर्स और प्रत्यक्ष बिक्री में अनुचित व्यापार परिपाटियों के खिलाफ कार्रवाई कर उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा करने में मदद मिलेगी.*

### खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए नई योजना

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने 29 जून को "आत्म निर्भर भारत अभियान" के हिस्से के रूप में पीएम माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइज़ेज़ (पीएम एफएमई) औपचारीकरण योजना का शुभारम्भ किया. इस योजना के तहत कुल 35,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा और 9 लाख कुशल और अर्ध-कुशल लोगों को रोज़गार मिलेगा. इस योजना से सूचना, प्रशिक्षण, बेहतर प्रदर्शन और औपचारीकरण तक पहुंच के माध्यम से आठ लाख सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लाभान्वित होंगी. यह योजना निवेश प्रबंधन, साझा सेवाओं का लाभ उठाने और उत्पाद विपणन को बढ़ावा देने पर आधारित कार्यक्रम के अनुसार 'एक ज़िला, एक उत्पापद' के आधार पर काम करेगी.

### कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड को मंज़ूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक नए पैन इंडिया सेंट्रल सेक्टर स्कीम- "एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड" को अपनी मंज़ूरी दी. इस योजना के जरिए फसलों की कटाई के बाद उसके प्रबंधन के लिए बुनियादी संरचना के विकास और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के विकास के लिए ब्याज अनुदान व वित्तीय मदद प्रदान कर निवेश के लिए मध्यम व लंबी अवधि के कर्ज की सुविधा मुहैया कराई जाएगी. इस योजना के तहत, बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसी), विपणन सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), किसानों, स्टार्टअप और केंद्र और राज्य एजेंसियों को ऋण के रूप में एक लाख करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे. योजना की अवधि वित्त वर्ष 2020 से 2029 तक दस वर्षों के लिए होगी.

### आत्मनिर्भर भारत ऐप इनोवेशन चैलेंज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 जुलाई को देशी डेवलपर्स को स्वदेशी ऐप बनाने में मदद देने के लिए 'आत्मनिर्भर भारत ऐप इनोवेशन चैलेंज' लॉन्च किया. इस नवाचारी चुनौती का उद्देश्य टेक और स्टार्टअप समुदायों को विश्व स्तरीय मेड इन इंडिया एप्स बनाने को प्रोत्साहित करना है. इस प्रतियोगिता में इनोवेटर्स को आठ श्रेणियों में एप्लिकेशन विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया है. यह प्रतियोगिता इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय और नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन की साझेदारी में शुरू की गई है.



## CBSE ने IBM के साथ लॉन्च किया AI प्रोग्राम



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2020-21 में कक्षा XI और XII के लिए एक नए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पाठ्यक्रम को एकीकृत किया है. इस पाठ्यक्रम को आईबीएम (न्यूयॉर्क) के साथ मिलकर CBSE के सामाजिक अधिकारिता के एक भाग के रूप में कार्य शिक्षा और कार्य (SEWA) कार्यक्रम के माध्यम से विकसित किया गया है. यह कार्यक्रम भारत के 13 राज्यों में लगभग 200 स्कूलों में शुरू किया जाएगा.

## अनुसंधान को बढ़ावा देगा 'एक्सेलरेट विज्ञान'

विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (SERB) ने देश भर में अनुसंधान में इंटर्नशिप, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के लिए एकल मंच प्रदान करने हेतु 'एक्सेलरेट (accelerate) विज्ञान' नामक नई योजना शुरू की है. इस योजना का उद्देश्य उच्च-स्तरीय वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करना और वैज्ञानिक क्षेत्र में ऐसी मानव सेना तैयार करना है, जो अनुसंधान में करियर बनाकर देश को ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर ले जा सकते हैं. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के तहत स्थापित SERB एक सांविधिक निकाय है.
SERB- The Science and Engineering Research Board

## द्विपक्षीय हवाई बुलबुले: भविष्य की उड़ान

कोविड -19 महामारी के बीच भारत कुछ शर्तों के साथ अंतर्राष्ट्रीय यातायात को फिर से शुरू करने के नए तरीके के तहत संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और जर्मनी के साथ द्विपक्षीय एयर बबल्स व्यवस्था को अंतिम रूप देने वाला है. ट्रैवल बबल या एयर बबल उन दो देशों के बीच यातायात का गलियारा होता है, जो अपनी सीमाओं को फिर से खोलना और एक दूसरे से सम्पर्क स्थापित करना चाहते हैं. यह विशेष साझेदारी उन देशों के बीच की जाती है, जिन्होनें वायरस को काफी हद तक खत्म कर दिया है या जो देश वायरस के लिए हुए टेस्टों की संख्या के बारे में आश्वस्त हैं.



## ऑटोमोबाइल उद्योग हेतु 'ASPIRE'

भारी उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली इकाई इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (ICAT), मानेसर (हरियाणा) ने मोटर वाहन की तकनीकी क्षमता में सुधार के लिए ASPIRE (ऑटोमोबाइल सॉल्यूशंस पोर्टल फॉर इंडस्ट्री, रिसर्च एंड एजुकेशन) नामक ई-पोर्टल लॉन्च किया है. यह पोर्टल जानकारी और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान में मदद कर भारतीय मोटर वाहन उद्योग की तकनीकी क्षमता में सुधार लाने और इसे आत्मनिर्भर बनाने और ऑटोमोबाइल क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने में मदद देगा.

## स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करेगा यूनिसेफ

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए 1 करोड़ युवा स्वयंसेवक जुटाने के अपने संकल्प को मज़बूत करने हेतु यूनिसेफ (पेरिस) के साथ भागीदारी की है. मंत्रालय ने भारतीय युवाओं में स्वैच्छिकता को बढ़ावा देने में साझेदारी के लिए युवा (यूनिसेफ द्वारा गठित बहु-हितधारक मंच) के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं. इस साझेदारी में युवाओं में शिक्षा, कौशल और बेरोजगारी की चुनौतियों से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर युवाओं से मिलकर काम कर समाधानों के सह-निर्माण और उनके कार्यान्वयन हेतु मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र, दोनों के प्रयासों का लाभ उठाया जाएगा.

## पहली संस्कृत रेडियो 'न्यूज़ मैगज़ीन'




भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने की भावना के दृष्टिगत 4 जून से ऑल इंडिया रेडियो (AIR) ने पहली बार संस्कृत 'न्यूज़ मैगज़ीन' का प्रसारण शुरू किया है. 'संस्कृत साप्ताहिकी' शीर्षक वाला यह कार्यक्रम 20 मिनट का होगा और प्रत्येक शनिवार को ऑल इंडिया रेडियो एफएम न्यूज़ चैनल (100.1 मेगाहर्ट्ज़ फ्रीक्वेंसी) पर सुबह 7.10 बजे सुना जा सकता है.

## छात्रों-शिक्षकों के लिए 'मनोदर्पण'

मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को मनो-सामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए और वर्तमान कोरोना संकट के दौरान मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक जीवन से संबंधित उनके मुद्दों से निपटने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत 'मनोदर्पण' नामक एक पहल की शुरुआत की. यह कठिन परिस्थिति में छात्रों, शिक्षकों और परिवारों को शक्ति, सुझाव और सहायता प्रदान करेगा. इसके तहत परामर्श प्रदान करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 8448440632 शुरू किया गया है जिस पर सुबह आठ बजे से शाम आठ बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है.

## भारतीय रेलवे निजीकरण की ओर



रेल मंत्रालय ने 109 मूल गंतव्यों पर निजी ऑपरेटरों द्वारा चलाई जाने वाली 151 आधुनिक ट्रेनों को निजी भागीदारी में चलाने के लिए अनुरोध के प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं. ये नई ट्रेनें मौजूदा ट्रेनों के अतिरिक्त होंगी. प्रस्तावित ट्रेनें उन मार्गों पर चलेंगी जहां ट्रेनों की सीटों की मांग उनकी मौजूदा क्षमता से अधिक है. यह भारतीय रेलवे द्वारा यात्री रेलगाड़ियां चलाने के मामले में निजी निवेश का पहला अवसर होगा. गाड़ियों के चालक और गार्ड रेलवे के अधिकारी ही होंगे और गाड़ियों की सुरक्षात्मक मंज़ूरी भी भारतीय रेलवे द्वारा ही दी जाएगी. निजी भागीदार गाड़ियों के वित्तपोषण, खरीद, रखरखाव और संचालन के लिए जिम्मेदार होंगे.

## डिजिटल कौशल हेतु NSDC और MS की साझेदारी

COVID-19 संकट के बीच अगले 12 महीनों में भारत के युवाओं को डिजिटल कौशल प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ भागीदारी की है. माइक्रोसॉफ्ट सीखने के संसाधनों तक मुफ्त पहुंच प्रदान करने के साथ-साथ डिजिटल कार्यक्रम का संचालन करने के लिये NSDC के ई-स्किल इंडिया पोर्टल के साथ सहयोग करेगी. साझेदारी के एक भाग के रूप में माइक्रोसॉफ्ट का एक सीखने का संसाधन केंद्र "Microsoft Learn" को NSDC के eSkill India digital platform के साथ एकीकृत किया जाएगा और यह यह साझेदारी एक डिजिटल कौशल पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने में मदद करेगी जो भारत के कार्यबल को भविष्य के रोजगार अवसरों के लिये तैयार करेगा. **NSDC-** National Skill Development Corporation

## अब बनेंगे वर्ल्ड क्लास राष्ट्रीय राजमार्ग

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने सभी IIT, NIT और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों से उनके संस्थागत सामाजिक उत्तरदायित्व के हिस्से के रूप में स्वैच्छिक आधार पर अपने निकटवर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों को अपनाने के लिए संपर्क किया है. इस पहल का उद्देश्य देश के सड़क अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के प्रति छात्रों और शिक्षकों की बौद्धिक समझदारी का लाभ उठाना है. इन संस्थानों के छात्रों और डिपार्टमेंट को स्थानीय आवश्यकता, भौगोलिक स्थिति, संसाधन क्षमता इत्यादि की बेहतर समझ है और एनएचएआई इन बेहतरीन सहयोगों का उपयोग निर्माण से पहले, निर्माण के दौरान और संचालन के विभिन्न चरणों के दौरान कर सकता है.

**NHAI-** National Highway Authority of India

## स्वच्छ ऊर्जा विकास के लिए भागीदारी

यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID) और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) ने स्वच्छ ऊर्जा विकास के लिए साझेदारी की है. यह साझेदारी यूएसएआईडी-समर्थित 'साऊथ एशिया ग्रुप फॉर एनर्जी' (SAGE) और MNRE के राष्ट्रीय तकनीकी संस्थानों के बीच की गई है जिसके तहत SAGE राष्ट्रीय तकनीकी संस्थानों को स्वच्छ ऊर्जा विकास के बारे में उन्नत तकनीकी ज्ञान प्रदान करेगा.

## 2030 तक 'ग्रीन रेलवे' बनने का लक्ष्य

2030 तक अपनी ऊर्जा ज़रूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनने के साथ खुद को ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन वाला जन परिवहन माध्यम बनाने की दिशा में भारतीय रेल मिशन मोड में निर्णायक कदम उठा रही है. ऊर्जा के मामले में आत्मिर्भर बनने के लिए रेलवे अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अपनी खाली भूमि का उपयोग कर रही है. रेलवे की वर्तमान मांग इन सौर ऊर्जा परियोजनाओं से पूरी की जाएगी, जिसके फलस्वरूप यह ऊर्जा-आत्मनिर्भर बनने वाला पहला परिवहन संगठन बन जाएगा. इससे रेलवे को हरित परिवहन का माध्यन बनने के साथ-साथ आत्मनिर्भर होने में भी मदद मिलेगी.

# जून

## अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) की स्थापना को मंजूरी दी है. जिसका उद्देश्य नियामक वातावरण के माध्यम से अंतरिक्ष गतिविधियों की पूरी श्रृंखला में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के साथ साथ अनुकूल मार्गदर्शक करना भी है.

यह भारतीय उद्योग को वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण जगह बनाने में भी सक्षम बनाएगा. हालांकि इसरो इसका मूल निकाय बना रहेगा जो यह तय करता है कि कौन से मिशन किए जाने हैं लेकिन यह नया निकाय अंतराल को भरने में मदद करेगा. **IN-SPACe -** Indian National Space Promotion and Authorization Centre



**भारतीयों की वतन वापसी के लिए SWADES लॉन्च**



केंद्र सरकार ने वंदे भारत मिशन के तहत विदेश से लौटने वाले भारतीय नागरिकों के कौशल की मैपिंग के लिए स्वदेस (SWADES) यानी Skilled Workers Arrival Database for Employment Support नामक नई पहल शुरू की है. यह क़दम कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और विदेश मंत्रालय की संयुक्त पहल है, जिसका उद्देश्य विदेशों से लौटने वाले भारतीयों के कौशल और अनुभव के आधार पर उनका डेटाबेस तैयार करना है. इस डाटाबेस का उपयोग विदेशी और भारतीय कंपनियों की कार्यबल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा.

**"गरीब कल्याण रोज़गार अभियान" का शुभारंभ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 जून को कोरोनोवायरस प्रकोप और लॉकडाउन के बीच घर लौट रहे प्रवासी कामगारों के लिए ग्रामीण भारत में रोजगार के अवसर के सृजन के लिए "गरीब कल्याण रोज़गार अभियान" का शुभारंभ किया. छह राज्यों में शुरू की गई यह योजना प्रवासी श्रमिकों को आजीविका के अवसर प्रदान करने के अलावा स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचे के निर्माण में योगदान कर ग्रामीण विकास में मदद देगी. "प्रवासियों" की हृदय विदारक गाथाओं से प्रेरित यह योजना लॉकडाउन के दौरान उन्हें पेश आयी परेशानियों के मद्देनज़र शुरू की गई है. जिन मजदूरों ने पहले शहरों के विकास में योगदान दिया था, उन्हें अब उनके गृहनगर और गांवों में ही रोज़गार उपलब्ध कराया जाएगा.




**शहरी इंटर्न के लिए TULIP लॉन्च**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने शहरी मामलों के मंत्रालय के सहयोग से एक संयुक्त "द अर्बन लर्निंग इंटर्नशिप प्रोग्राम (TULIP)" नामक कार्यक्रम लॉन्च किया है. इस कार्यक्रम में नए इंजीनियरिंग स्नातकों को देश भर के 4,400 शहरी स्थानीय निकायों और 100 स्मार्ट शहरों में प्रशिक्षण के अवसर मिलेंगे. TULIP से तेज़ी से बढ़ते शहरी पारिस्थितिकी तंत्र में युवाओं को समस्या समाधान और आलोचनात्मक चिंतन कौशल का व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा और इस तरह से शहरी स्थानीय निकायों और स्मार्ट शहरों के कामकाज में नए विचारों और नवीन सोच को विकसित करने में मदद मिलेगी. इससे सभी प्रतिभागी इंटर्न की प्लेसमेंट और भर्ती में भी मदद मिलेगी.

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को समर्पित पोर्टल**

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और मशीन लर्निंग (ML) की क्षमता और पैठ के महत्व के दृष्टिगत सरकार ने आईटी उद्योग के शीर्ष संगठन नैसकॉम (NASSCOM) के साथ मिलकर देश में AI को समर्पित एक मंच लॉन्च किया है. Ai.gov.in नामक यह प्लेटफॉर्म भारत में AI / ML में काम के अवसरों और सरकार द्वारा समर्थित परियोजनाओं की प्रगति जानने के लिए केंद्रीकृत स्रोत के रूप में कार्य करेगा.

**रेहड़ी - फड़ी वालों के लिए स्व-निधि ऋण योजना**



रेहड़ी - फड़ी वालों को किफायती ऋण उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि योजना यानी पीएम स्व-निधि की शुरुआत की है. इस विशेष माइक्रो-क्रेडिट सुविधा योजना का उद्देश्य उन्हें वर्तमान COVID-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित हुई अपनी आजीविका को फिर से खड़ा करने में सक्षम बनाना है. इस योजना से उन 50 लाख से अधिक विक्रेताओं को लाभ होगा, जो शहरी क्षेत्रों में 24 मार्च, 2020 से या इससे पहले से कारोबार कर रहे हैं. ऐसे विक्रेता 10,000 रुपये तक की कार्यशील पूंजी के ऋण का लाभ उठा सकेंगे, जो 12 मासिक किस्तों में चुकाना होगा. ऋण की किस्तों के समयबंध और जल्दी पुनर्भुगतान पर 7 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी मिलेगी.

**रोज़गार इच्छुकों का नया कौशल प्रशिक्षण मंच**

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने आईबीएम के साथ साझेदारी में अधिकाधिक नौकरी चाहने वालों तक पहुंचने और भारत में कारोबारियों को नए संसाधन प्रदान करने के उद्देश्य से फ्री डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म 'स्किल बिल्ड रिग्नाइट' का अनावरण किया है. आईबीएम ने राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों और आईटीआई के छात्रों और प्रशिक्षकों को क्लाउड कम्प्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में बहुमुखी डिजिटल कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है.

## पशुपालन अवसंरचना विकास निधि



एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए सरकार ने पशुपालन, डेयरी और पशुधन से संबंधित उद्यमों से जुड़े बुनियादी ढाँचे के विकास हेतु 15,000 करोड़ रू की पशुपालन अवसंरचना विकास निधि स्थापित करने का फैसला किया है. इस निधि का लक्ष्य देश के लगभग 35 लाख युवाओं को रोज़गार देना है. इस योजना के तहत ऐसे उद्यमों को शुरू करने के लिए वांछित ऋण राशि का अधिकतम 90 प्रतिशत भाग बैंकों द्वारा दिया जाएगा. पात्र लाभार्थियों को सरकार लागू ब्याज पर 3 प्रतिशत की छूट भी प्रदान करेगी. उन्हें ऋण की मूल राशि के पुनर्भुगतान के लिए 2 वर्ष की मोहलत मिलेगी और उसके बाद 6 वर्ष की पुनर्भुगतान अवधि का प्रावधान होगा.

## डी-कार्बनाइजिंग परिवहन परियोजना शुरू

नीति आयोग ने 24 जून को अंतर्राष्ट्रीय परिवहन मंच (ITF) के सहयोग से ' 'डीकार्बोनाइज़िंग ट्रांसपोर्ट इन इंडिया' नामक नई परियोजना शुरू की है. इसका उद्देश्य भारत के लिये कम कार्बन उत्सर्जक परिवहन प्रणाली का मार्ग प्रशस्त करना है. यह महत्वाकांक्षी पंचवर्षीय परियोजना भारत को मॉडलिंग टूल और नीति परिदृश्यों का विकास कर कम कार्बन परिवहन प्रणाली की ओर बढ़ने में मदद करेगी.

यह परियोजना COVID-19 के वर्तमान परिदृश्य में अधिक महत्व रखती है क्योंकि आने वाले वर्षों में सार्वजनिक परिवहन में एक बदलाव होगा.आईटीएफ परिवहन नीति अनुकूलन के लिए एक पेरिस आधारित अंतर सरकारी संगठन है जिसका भारत 2008 से सदस्य है.



**नवाचार प्रोत्साहन की YUKTI 2.0 लॉन्च**केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने उच्च शिक्षा संस्थानों में कारोबारी संभावनाओं वाले और इन्क्यूबेट किए गए स्टार्टअप से संबंधित ज्ञान को व्यवस्थित करने में मदद करने के लिए YUKTI 2.0 (यंग इंडिया कॉम्बेटिंग कोविड विद नॉलेज, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन) नामक पहल की शुरुआत की है. इस पोर्टल का उद्देश्य कोविड -19 से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के विभिन्न आयामों को बेहद समग्र एवं व्यापक तरीके से समाहित करना है.

**YUKTI वेब पोर्टल** *11 अप्रैल, 2020 को लॉन्च किया गया था. इस पोर्टल से उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को उनकी प्रौद्योगिकियों और नवाचारों को आगे बढ़ाने के लिए अपनी आवश्यक जरूरतें पूरी करने में उचित सहायता सुनिश्चित हो सकेगी.*

## GeM देगा"आत्मनिर्भर भारत" को बढ़ावा

गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) ने सभी नए उत्पादों को पंजीकृत कराते समय विक्रेताओं के लिए उत्पाद के 'मूल देश' का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया है. GeM वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत विशेष प्रयोजन वाहन है. इस पोर्टल द्वारा वांछित विवरण अपलोड करने में विफल रहने वाले विक्रेताओं को चेतावनी दी जाएगी और उनके उत्पाद GeM पोर्टल से हटा दिए जाएंगे. इस कदम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' के आह्वान को बढ़ावा देना और मेक इन इंडिया' अभियान को मज़बूत करना है. GeM पोर्टल केंद्र सरकार ने केंद्र सरकार के सभी विभागों और मंत्रालयों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीदारी के लिए अगस्त 2016 में लॉन्च किया था.

## खनन अनुसंधान के लिए "सत्यभामा" पोर्टल



केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सत्यभामा (SATYABHAMA) पोर्टल लॉन्च किया है. जोकि खनन मंत्रालय की विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम योजना का एक हिस्सा है. सत्यभामा का अभिप्राय खनन उन्नति में **'आत्मनिर्भर भारत'** के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी योजना के लिए है. इस पोर्टल के ज़रिये परियोजनाओं की ऑनलाइन निगरानी और धन / अनुदान के उपयोग की समीक्षा के साथ साथ परियोजना प्रस्ताव भी ऑनलाइन जमा कराये जा सकेंगे. इसके अलावा यह पोर्टल आत्मनिर्भर भारत स्कीम के कार्यान्वयन की दक्षता और प्रभावशीलता भी बढ़ाएगा. SATYABHAMA- Science and Technology Yojana for Aatmanirbhar Bharat in Mining Advancement

## "मल्टी लोकेशन क्लेम सेटलमेंट" सुविधा का शुभारंभ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने भविष्य निधि निकासी, पेंशन, आंशिक निकासी आदि जैसे दावों के निपटान के लिए "मल्टी लोकेशन क्लेम सेटलमेंट" सुविधा का शुभारंभ किया है. यह सुविधा EPFO को देश भर में स्थित इसके किसी भी क्षेत्रीय कार्यालय से दावों का ऑनलाइन निपटान करने में सक्षम बनाएगी.

## ऑनलाइन गैस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च



केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के पहले ऑनलाइन डिलीवरी-आधारित प्राकृतिक गैस ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म यानी इंडियन गैस एक्सचेंज (IGX) का उद्घाटन किया. यह ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म इस बाज़ार के सहभागियों को मानकीकृत गैस अनुबंधों में कारोबार करने की सुविधा देगा. पूर्णतया स्वचालित वेब-आधारित इंटरफ़ेस से लैस इस एक्सचेंज से ग्राहकों को निर्बाध ट्रेडिंग अनुभव मिलेगा. IGX के शुरू होने से भारत को बाज़ार में पारदर्शिता लाने की कवायदों के बीच अपनी ऊर्जा बॉस्केट में प्राकृतिक गैस की हिस्सेदारी बढ़ने की भी उम्मीद है.

## जन शिकायत प्रतिक्रिया केंद्र

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नागरिक शिकायतों को प्रभावी तरीके से निपटाने के लिए प्रतिक्रिया तंत्र से लैस "लोक शिकायत फीडबैक कॉल सेंटर" की शुरुआत की. यह परियोजना प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग - DARPG द्वारा शुरू की गयी है. DARPG ने BSNL के सहयोग से 1406 कॉल सेंटर ऑपरेटर तैनात कर भुवनेश्वर, गुवाहाटी, जमशेदपुर, वडोदरा, अहमदाबाद, लखनऊ, अजमेर, गुंटूर, कोयम्बटूर और गुंतकल में फीडबैक कॉल सेंटर चालू किये हैं.

## संक्रामक रोग निदान प्रयोगशाला का शुभारंभ

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने देश में पहली संक्रामक रोग निदान प्रयोगशाला विकसित की है. शीघ्र निदान करने वाली यह मोबाइल प्रयोगशाला सरकार की आत्मनिर्भर भारत योजना का हिस्सा है. बीएसएल -2 सुविधा से युक्त इस प्रयोगशाला में बायोकेमिस्ट्री एनालाइज़र, रीयल-टाइम रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन-पोलीमरेज़ चेन रिएक्शन (आरटी-पीसीआर) और ऑन-साइट एलिसा परीक्षण की सुविधा है. इस प्रयोगशाला में लगभग 50 आरटीपीसीआर और लगभग 200 एलिसा परीक्षण प्रति दिन किये जा सकते हैं.




## "आरोग्य पथ" का शुभारंभ

नई दिल्ली स्थित वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) ने स्वास्थ्य सेवा श्रृंखला के लिए एक वेब-आधारित समाधान शुरू किया है. 'आरोग्य पथ" नामक यह पोर्टल निर्माताओं, आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों को COVID-19 महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने में मदद देने के लिए बनाया गया है. इस एकीकृत सार्वजनिक मंच से स्वास्थ्य देखभाल संबंधी मुख्य रसद की एकल-बिंदु उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे ग्राहकों को पेश आने वाली आम समस्याओं से निपटने में मदद मिलेगी. राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपूर्ति श्रृंखला पोर्टल से COVID-19 महामारी के दौरान आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली बाधाएं दूर की जा सकेंगी. इस मंच से स्वास्थ्य सेवा के उपयोगकर्ताओं और रोगियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी.

## स्वतंत्रता सेनानी कल्याण पर समिति

गृह मंत्रालय ने स्वतंत्रता सेनानियों के कल्याण की समीक्षा करने के लिए गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी के नेतृत्व एक नई समिति का पुनर्गठन किया है. देश के नौ प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी भी इसके सदस्य हैं. गृह मंत्रालय के एक विशेष प्रभाग के पास लगभग 30,000 स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिवारों को पेंशन वितरित करने का काम है. वर्तमान में अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री हैं.

## इंटर्नशिप कार्यक्रम का शुभारंभ




केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने युवाओं को सशुल्क इंटर्नशिप प्रदान करने और युवा सहकारी समितियों को सुनिश्चित परियोजना ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सहकार मित्र इंटर्नशिप कार्यक्रम शुरू किया है. यह योजना युवा पेशेवरों को सशुल्क इंटर्न के रूप में NCDC (नेशनल कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) और सहकारी समितियों के कामकाज से व्यावहारिक प्रदर्शन और सीखने का अवसर प्रदान करेगी. योजना के तहत कृषि और संबद्ध क्षेत्रों, आईटी, कृषि-व्यवसाय, सहयोग, वित्त, वानिकी, ग्रामीण विकास, परियोजना प्रबंधन जैसे विषयों में पेशेवर स्नातक चार महीने के लिए 'इंटर्नशिप' के लिए पात्र होंगे.

## CBIC ने लांच किया 'तुरंत कस्टम्स'

आयातित वस्तुओं की तेज़ गति से सीमा शुल्क निकासी हेतु केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने बेंगलुरू और चेन्नई में प्रौद्योगिकी-आधारित प्रमुख कार्यक्रम 'तुरंत कस्टम्स' लॉन्च किया है. सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा दूरस्थ मूल्यांकन के बाद आयातक अब आयात वाली बंदरगाह के बाहर ही आयातित सामान प्राप्त कर सकेंगे. उदाहरण के तौर पर बेंगलुरु में आयात किए गए सामान का मूल्यांकन चेन्नई में स्थित सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा किया जा सकता है.

## वन इंडिया, वन एग्रीकल्चर मार्केट



देश भर में किसानों और व्यापारियों को कृषि उत्पादों की उन्मुक्त बिक्री और खरीद की सुविधा वाला पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'वन इंडिया, वन एग्रीकल्चर मार्केट' के स्थापन के लिए अध्यादेश को मंजूरी दे दी है. इस अध्यादेश से कृषि-जन्य वस्तुओं की बिक्री पर लगे प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे और किसान बिना किसी कर का भुगतान किये एपीएमसी डिजिटल प्लेटफार्मों के बाहर अपनी उपज बेचने में सक्षम होंगे. इससे किसानों को विभिन्न राज्य कृषि उपज बाजार कानूनों के तहत अधिसूचित मंडियों के बाहर अपनी उपज का कुशल, पारदर्शी और मुक्त अंतर-राज्यीय और राज्य -स्तरीय व्यापार करने में मदद मिलेगी.

## विद्युत् ऊर्जा की रियल-टाइम मार्केट (RTM)

भारत 3 जून को रियल-टाइम विद्युत् ऊर्जा मार्केट (RTM) बनाने वाले चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है. इसके माध्यम से उपभोक्ता आपूर्ति से ठीक एक घंटे पहले बिजली की खरीद कर सकेंगे. देश भर में फैले संगठित बाज़ार आरटीएम से ख़रीदार और विक्रेता वास्तविक समय के आसपास अपनी ऊर्जा संबंधी आवश्यकताएं पूरी कर पाएंगे.

इस बाज़ार (रियल टाइम मार्केट) से वितरण कंपनियां और निजी उपयोग के लिए ऊर्जा लेने वाले ग्राहक आपूर्ति से ठीक एक घंटा पहले यहां से बिजली खरीद सकते हैं. RTM प्रत्येक 30 मिनट बाद नीलामी करायेगा यानी एक दिन में नीलामी के 48 सत्र होंगे.

RTM *से अक्षय ऊर्जा उत्पादन की परिवर्तनशील प्रकृति के कारण ग्रिड प्रबंधन के समक्ष चुनौतियों के निवारण में मदद मिलेगी और इस तरह से इसकी बदौलत ग्रिड में अक्षय ऊर्जा की अधिक मात्रा को एकीकृत किया जा सकेगा.*



## ऊर्जा दोहन के लिए '#iCommit' अभियान

भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय की इकाई एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज़ लिमिटेड (EESL) ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ''#iCommit' नामक अभियान की शुरुआत की. इस पहल के ज़रिये मज़बूत और लचीली ऊर्जा प्रणाली बनाने के लिए सभी हितधारकों और लोगों को ऊर्जा दक्षता और  नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में प्रयास जारी रखने तथा नए भविष्य के निर्माण की दिशा में चलते रहने का स्पष्ट आह्वान किया गया है. इसका उद्देश्य विभिन्न प्रतिभागियों जैसे सरकारों, कंपनियों, बहुपक्षीय और द्विपक्षीय संगठनों, वैचारिक मंचों और व्यक्तियों को एक मंच पर लाना है.

## शहरों में वन विकसित करेगी शहरी वन योजना

सरकार ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अगले पांच वर्षों में देश भर में 200 शहरी वन विकसित करने के लिए 'नगर वन'  योजना के कार्यान्वयन की घोषणा की. ये वन शहरों के फेफड़ों के रूप में काम करेंगे और मुख्य रूप से वन भूमि या स्थानीय शहरी स्थानीय निकायों द्वारा प्रस्तावित किसी अन्य ख़ाली ज़मीन पर विकसित किये जायेंगे.

वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम के अनुसार ज़्यादा पेड़ों वाले शहरों में शोर और प्रदूषण कम होता है.



*एक पूरी तरह से विकसित हो चुका पेड़ सालाना तौर पर भूमंडलीय तापन (ग्लोबल वार्मिंग) में योगदान देने वाली कार्बन डाइऑक्साइड (जोकि एक प्रमुख ग्रीनहाउस गैस है) की 150 किलोग्राम मात्रा अवशोषित कर सकता है.*

## नीति आयोग का व्यवहार परिवर्तन अभियान

नीति आयोग ने बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, अशोका यूनिवर्सिटी, सेंटर फॉर सोशल एंड बिहेवियरल चेंज, और स्वास्थ्य मंत्रालय, और महिला और बाल विकास मंत्रालय की भागीदारी में "नेवीगेटिंग द न्यू नॉर्मल" नामक व्यवहार परिवर्तन अभियान शुरू किया है. इस अभियान का उद्देश्य लोगों को कोविड से बचाव करने की परिपाटियों का पालन करने और सर्वोत्तम निवारक उपाय के रूप में फेस मास्क के उपयोग को बढ़ावा देना है.

यह परियोजना COVID-19 के वर्तमान परिदृश्य में अधिक महत्व रखती है,  चूंकि आने वाले वर्षों में सार्वजनिक परिवहन से एक बदलाव होगा. भारत 2008 से ही परिवहन नीति तय करने वाले अंतर-सरकारी संगठन ITF का सदस्य है.

### जनजातियों के लिए GOAL




जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने डिजिटल माध्यम से आदिवासी युवाओं को मेंटरशिप प्रदान करने के लिए फेसबुक की साझेदारी में GOAL - Going Online As Leaders” नामक कार्यक्रम का शुभारंभ किया है. इस कार्यक्रम का उद्देश्य 5,000 आदिवासी युवाओं को व्यापार करने के नए तरीके सिखाना और उन्हें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों से जुड़ने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों और उपकरणों की पूरी क्षमता का दोहन करने में मदद देकर उनकी छिपी हुई प्रतिभा से उन्हें सशक्त करना है.

### प्रधानमंत्री वय वंदना योजना का शुभारंभ

भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) ने केंद्रीय सब्सिडी युक्त गैर-लिंक्ड, गैर-भागीदारीवाली पेंशन योजना प्रधानमंत्री वय वंदना योजना (संशोधित-2020) शुरू की है. वित्त मंत्रालय ने हाल ही में वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 7.40% की सुनिश्चित ब्याज दर वाली इस योजना की अवधि मार्च 2023 तक बढ़ा दी थी. ग्राहकों को मासिक पेंशन वाले इस प्लान में न्यूनतम 1,62,162 रुपये से अधिकतम 15 लाख रु का निवेश करके न्यूनतम कर 1,000 रुपये से लेकर 9,250 रुपये तक की मासिक पेंशन मिल सकती है.

### भारतीयों को वापस लाने के लिए विशेष मिशन

1990 के कुवैत एयरलिफ्ट के बाद से अब तक के सबसे बड़े बचाव अभियान "वंदे भारत मिशन" के अंतर्गत सरकार ने कोरोनोवायरस लॉकडाउन के कारण विदेशों में फंसे हज़ारों भारतीय नागरिकों को घर वापिस लाने के लिए 7 से 13 मई तक 64 उड़ानें संचालित कीं. इस बचाव अभियान में सरकार चरणबद्ध तरीके से विदेश में गंभीर परिस्थितयों में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाएगी. इसके अलावा भारतीय नौसेना ने माले से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन "समुद्र सेतु" शुरू किया है. नौसेना के INS जलाशव और INS मगर नामक पोत इस ऑपरेशन का हिस्सा हैं.



### MSMEs को बढ़ावा देने के लिए 'चैंपियन' पोर्टल

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) मंत्रालय ने भारतीय MSMEs को राष्ट्रीय और वैश्विक चैंपियन बनने में सहायता देने के लिए चैंपियन पोर्टल (www.Champions.gov.in) लॉन्च किया है. इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य विभिन्न MSME इकाइयों की शिकायतें को हल कर, उन्हें प्रोत्साहन देकर, उनसे सहयोग और उनकी मदद कर उन्हें छोटी इकाइयों से बड़ी इकाइयों में परिवर्तित करना है. CHAMPION का अर्थ है – Creation and Harmonious Application of Modern Processes for Increasing the Output and National Strength.

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना

सरकार समुद्री और अंतर्देशीय मत्स्य पालन विकास के लिए 20,000 करोड़ रुपये की लागत वाली "प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना" शुरू करने पर विचार कर रही है. इस राशि में से 11,000 करोड़ रुपये समुद्री, अंतर्देशीय मत्स्य और जलीय कृषि से जुड़ी गतिविधियों के लिए रखे जाएंगे, जबकि 9,000 करोड़ रुपये फिशिंग हारबर, कोल्ड चेन और विपणन जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण में खर्च किया जाएगा. इस योजना से 55 लाख से अधिक लोगों को रोज़गार मिलने और समुद्री उत्पादों के निर्यात के दोगुना होकर रू .एक लाख करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है.

### नि:शुल्क मॉक टेस्ट ऐप लॉन्च

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने जेईई और एनईईटी परीक्षाओं के उम्मीदवारों को मुफ्त मॉक टेस्ट देने के लिए नेशनल टेस्ट अभ्यास नामक ऐप लॉन्च किया है. यह ऐप कोरोनोवायरस के कारण हुए लॉकडाउन में कोचिंग कक्षाएं नहीं लगा पाने वाले छात्रों को इन परीक्षाओं की तैयारी में मदद देगा. परीक्षार्थी इस ऐप पर कभी भी परीक्षा देकर तत्काल मोबाइल स्क्रीन पर स्कोर पा सकते हैं. इसके अलावा वे मॉक टेस्ट पूरा करने के बाद कुंजी के साथ साथ विस्तृत उत्तर भी देख सकते हैं. ऐप में विभिन्न सेक्शनों पर लगाए गए समय का विश्लेषण भी उपलब्ध है जिससे छात्र अपने कमज़ोर और बेहतर प्रदर्शन




### CAPF कैंटीन बेचेंगी स्वदेशी उत्पाद

देश की स्व-निर्भरता को बल देने के लक्ष्य से स्वदेशी विनिर्माण को समर्थन देने के लिए गृह मंत्रालय ने 1 जून 2020 से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) की सभी कैंटीनों में केवल स्वदेशी उत्पादों की बिक्री की अनुमति देने का निर्णय लिया है. इस कदम के फलस्वरूप लगभग 10 लाख सीएपीएफ कर्मियों के 50 लाख परिजन स्वदेशी सामान का उपयोग करेंगे. केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF), सीमा सुरक्षा बल (BSF), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (ITBP), सशस्त्र सीमा बल (SSB), राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) और असम राइफल्स की कैंटीनें कुल मिलकर लगभग सालाना 2,800 करोड़ रु के उत्पाद बेचती हैं.

Telegram

## Government Jobs Made Easy




For Free Learning

Join the

**Gyanm Telegram Channel**

**http://t.me/gyanm34**

www.gyanm.in

# उद्योग-अर्थव्यवस्था

## जुलाई

### जीडीपी सिकुड़ सकता है 4.5%

वित्त मंत्रालय ने जून 2020 की अपनी वृहद आर्थिक रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2020-21 में भारत की आर्थिक विकास दर के 4.5% सिकुड़ने की आशंका जताई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आर्थिक मंदी वर्तमान में चल रही COVID-19 महामारी से जनित सुस्त वैश्विक आर्थिक विकास से उपजी है. COVID-19 के लिए किसी वैक्सीन के अभाव में पैदा हुई अनिश्चितता एक बड़ी चुनौती है.

### अमेरिका में कच्चे तेल का भंडारण करेगा भारत



भारत ने अमेरिका के साथ कच्चे तेल के आपातकालीन भंडारण पर सहयोग के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें भारत द्वारा अमेरिकी आपातकालीन भंडार में तेल का भंडारण करने की संभावना भी शामिल है. अमेरिका में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (SPR) का निर्माण और रखरखाव निजी कंपनियों द्वारा किया जाता है और इसलिए भारत को इसका किराया चुकाना होगा. संधि भारत को टेक्सास और लुइसियाना में भूमिगत गुफाओं सहित यूएस एसपीआर में अपने तेल के भंडारण की संभावना का पता लगाने की अनुमति देती है. अमेरिकी भंडार में संग्रहीत तेल का उपयोग देश की अपनी जरूरत या मूल्य लाभ पर अधिग्रहण करने के कारोबार के लिए किया जा सकता है. SPR- Strategic petroleum reserves

### अमेरिका भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार

केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका 2019-20 में लगातार दूसरे वित्तीय वर्ष में भारत के शीर्ष व्यापारिक भागीदार के रूप में उभरा है जो दोनों राष्ट्रों के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ाने की ओर संकेत देता है. आंकड़ों के अनुसार अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2018-19 में 87.96 अरब डॉलर से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2019-20 में 88.75 अरब डॉलर हो गया है. 2013-14 से 2017-18 तक चीन भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार था.

### भारत-ब्रिटेन करेंगे FTA

भारत और ब्रिटेन ने दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की है. मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में प्रारंभिक कदम उठाकर दोनों पक्ष चरणबद्ध तरीके से सीमित व्यापार समझौते करेंगे. यह घोषणा २4 जुलाई को हुई 14वीं संयुक्त आर्थिक और व्यापार समिति की वर्चुअल माध्यम स हुई बैठक के दौरान की गई.

### MSME प्रचार के लिए पोर्टल लॉन्च



सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSMEs) ने योजनाओं, विचारों, नवाचार और अनुसंधान का एक ऑनलाइन बैंक लॉन्च किया है. यह पोर्टल संघ, राज्यों और केंद्र शासित सरकारों की सभी योजनाओं तक पहुंच प्रदान करता है और इस पर इस क्षेत्र से जुड़े विचारों, नवाचारों और शोधों को अपलोड करने का प्रावधान भी है. इसमें न केवल विचारों की क्राउडसोर्सिंग की अनूठी विशेषताएं हैं, बल्कि इसमें क्राउड सोर्सिंग द्वारा विचारों का मूल्यांकन और रेटिंग भी शामिल है. इससे जोखिमगत पूंजी की आमद (इन्फ़्लो) और विदेशी सहयोग में भी मदद मिलेगी. इसके अलावा यह पोर्टल संभावित उद्यमियों को व्यावसायीकरण के लिए तैयार विचारों, नवाचार और अनुसंधान प्रदान करने में एक एकल मंच के रूप में लाभान्वित करेगा.

### CSIR ने लॉन्च की 'किसान सभा ऐप'

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) ने किसानों को आपूर्ति श्रृंखला और माल परिवहन प्रबंधन प्रणाली से जोड़ने के लिए किसान सभा ऐप का शुभारंभ किया है. यह पोर्टल किसानों, ट्रांसपोर्टरों, सेवा प्रदाताओं जैसे कीटनाशकों / उर्वरक / डीलरों, कोल्ड स्टोर और गोदाम मालिक, मंडी डीलरों, ग्राहकों (जैसे बड़े खुदरा दुकानों, ऑनलाइन स्टोर, संस्थागत खरीदारों और अन्य संबंधित संस्थाओं को समय पर और प्रभावी समाधान के लिए जोड़ेगा.

**CSIR-** Council of Scientific and Industrial Research

इस ऐप का उद्देश्य किसानों को सबसे किफायती और समय पर रसद सहायता प्रदान करना और बिचौलियों के हस्तक्षेप को कम करके और सीधे संस्थागत खरीदारों के साथ जुड़कर अपने लाभ मार्जिन को बढ़ाना है. यह नजदीकी मंडियों की तुलना करके, सस्ती कीमत पर माल वाहनों की बुकिंग करके किसानों को अधिकतम लाभ प्रदान करने में फसलों के लिए सर्वोत्तम बाजार दर प्रदान करने में भी मदद करेगा.



## साझा सीमा वाले देश से सरकारी खरीद प्रतिबंधित



केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा क़ायम रखने की ज़रूरत के मद्देनज़र भारत से सटी भू सीमा वाले देशों से सरकारी खरीद करने पर प्रतिबंध लगाने के लिए सामान्य वित्तीय नियम 2017 में संशोधन किया है. व्यय विभाग ने भारत की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करने हेतु सरकारी खरीद के बारे में विस्तृत आदेश जारी किया है, जिसके तहत भारत से सटी भू सीमाओं वाले देशों का कोई भी बोलीदाता किसी सामान या सेवाओं की बिक्री के लिए बोली लगाने का तभी पात्र होगा, यदि वह सक्षम प्राधिकारी के साथ पंजीकृत हो.

## Google भारत में करेगा 10 अरब डॉलर का निवेश

गूगल की पैरंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत डिजिटलीकरण कोष के लिए गूगल के माध्यम से अगले 5 से 7 वर्षों में भारत में 75,000 करोड़ रु निवेश की घोषणा की है. उन्होंने कहा कि यह नवीनतम कदम भारत के भविष्य और इसकी डिजिटल अर्थव्यवस्था में कंपनी के विश्वास का प्रतिबिंब है. निवेश में भारत के डिजिटलीकरण के चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय जरूरतों के उन्मुख समाधानों और स्थानीय भाषाओं में अधिक उत्पादों को विकसित करना शामिल है.

## NLC और CIL के बीच समझौता

एनएलसी इंडिया लिमिटेड (पूर्ववत नेवेली लिग्नाइट कार्पोरेशन लिमिटेड) और कोल इंडिया लिमिटेड (CIL) ने देश भर में 5000 मेगावाट सौर ऊर्जा और विद्युत् परियोजनाओं के विकास के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के गठन के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. कोल इंडिया और NLC का यह प्रस्तावित JVC 50:50 इक्विटी भागीदारी पर आधारित होगा. दोनों कंपनियां कोयला मंत्रालय के तहत कार्यरत सार्वजनिक उपक्रम हैं.




## MSMEs को 75 करोड़ की सहायता

1 जुलाई को विश्व बैंक ने COVID-19 महामारी से प्रभावित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) के धन प्रवाह को प्रोत्साहन देने के लिए 75 करोड़ डॉलर के MSME आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रम की घोषणा की. इस कार्यक्रम से भारत में कुछ 15 लाख MSMEs की तरलता और ऋण से जुडी तात्कालिक ज़रूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी. इससे उन्हें नौकरियाँ बचाने के अलावा चरमराती अर्थव्यवस्था के झटकों का सामना करने में भी मदद मिलेगी.

## AIIB ने L&T को जारी किया ऋण

एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) ने L & T इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड को 50 करोड़ डॉलर का ऋण जारी किया है. यह राशि देश में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए कंपनी को दी जाने वाली 100 करोड़ डॉलर की ऋण राशि की पहली किश्त है. इस ऋण को L & T भारत में बड़ी और मध्यम स्तर की पवन और सौर ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए देगा.

## RIL ने बनाया एक और नया रिकॉर्ड




22 जुलाई को रिलायंस इंडस्ट्रीज़ (RIL) 14 लाख करोड़ रुपये के बाज़ार मूल्य को पार कर इस पायदान पर पहुंचने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई. कारोबारी दिन के दौरान कंपनी के शेयरों का मूल्य 2163 रुपये के पार चला गया, जिसकी बदौलत रिलायंस इंडस्ट्रीज़ का कुल बाज़ार पूंजीकरण 14.1 लाख करोड़ रुपये या 189.3 अरब डॉलर हो गया. नतीजतन, RIL के अध्यक्ष मुकेश अंबानी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में अब 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं.

# जून

## फिर बिगड़ा मूडीज़ का मूड

मूडीज़ इन्वेस्टर्स सर्विस ने अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक (2020-21) में वित्त वर्ष 2020 के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में 3.1 फीसदी की गिरावट आने का अनुमान लगाया है. वहीं दूसरी ओर रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2021 में 6.9 प्रतिशत की विकास दर होने का भी अनुमान है. इस पूर्वानुमान में कोरोनावायरस महामारी के चलते आ रही अड़चनों के दृष्टिगत आर्थिक विकास में भारी गिरावट होने की आशंका जताई गई है.

## भारत की विकास दर में 3.7% संकुचन: OECD

OECD ने अपनी रिपोर्ट इकनोमिक आउटलुक में वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 3.7% फीसदी की गिरावट होने का अनुमान लगाया है. OECD के आउटलुक में यह भी बताया है कि भारत में कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर आने के मामले में विकास दर गिरकर - 7.3% होने की संभावना है. रिपोर्ट में कोरोना महामारी के अलावा सरकार, कॉर्पोरेट्स और बैंकों की बैलेंस शीट में आयी गिरावट को वित्तीय बाज़ार में अस्थिरता का कारण बताया गया है. इसके फलस्वरूप निवेश की दर कम रहेगी और विकास की संभावनाओं पर दबाव पड़ेगा. **OECD** - Organisation for Economic Co-operation and Development, Paris

**3.2% तक सिकुड़ेगा भारत का जीडीपी - WB**



विश्व बैंक ने कोरोना कालखंड में चालू वित्त वर्ष के लिए देश की अर्थव्यवस्था में 3.2 प्रतिशत के संकुचन का अनुमान लगाया है. यह 1979 के बाद से विकास दर का निम्नतम आंकड़ा होगा. बैंक की वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा गया है कि "राजकोषीय और मौद्रिक प्रोत्साहन से मिले संबल के बावजूद वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने के कड़े उपायों से आर्थिक गतिविधियों में भारी गिरावट आएगी. वैश्विक स्तर पर हो रहे सुस्त विकास और वित्तीय क्षेत्र में बैलेंस शीट के तनाव से भी आर्थिक गतिविधियों पर गहरा असर पड़ेगा."

**भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.55% गिरावट: IMF**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.55% की भारी गिरावट होने का अंदेशा जताया है. IMF ने इस आंकड़े को भारत के परिपेक्ष्य में "ऐतिहासिक मंदी" कहा है. ये अनुमान IMF ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर आधारित अपनी नवीनत रिपोर्ट "ए क्राइसिस लाइक नो अदर, एन अनसर्टेन आउटलुक" में दिए हैं.

**जीडीपी में 4% तक का संकुचन: ADB**

एशियाई विकास बैंक ने वित्तीय वर्ष 2021 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 4% तक सिकुड़ने का अनुमान लगाया है. इस अनुमानित गिरावट का कारण COVID-19 की रोकथाम रोकने के लिए लागू किए गए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण दो महीने से अधिक समय तक बंद रहे कारोबार को बताया गया है. लेकिन बैंक को उम्मीद है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्तीय वर्ष 2022 में 5% की दर से विकास करेगी, क्योंकि तब तक देश की आर्थिक गतिविधियां धीरे-धीरे सामान्य स्तर पर आ जाएंगी.

**भारतीय जी डी पी की 5% संकुचन की आशंका -- S$P**



न्यूयार्क स्थित S&P ग्लोबल रेटिंग्स ने उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर "Financial Conditions Reflect Optimism, Lockdown Fatigue Emerges" शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में भारतीय अर्थव्यवस्था के 5% तक सिकुड़ने की आशंका जताई है क्योंकि COVID-19 के प्रसार को रोकने के लिए देश भर में लगाए गए लॉकडाउन के कारण आर्थिक गतिविधियां गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं. S & P ने वित्त वर्ष 2021-22 में भारत की विकास दर फिर से 8.5% रहने की संभावना भी जताई है.

**मूडीज़ का बिगड़ा मूड !**

मूडीज़ इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति अपना नकारात्मक दृष्टिकोण बरक़रार रखते हुए भारत की क्रेडिट रेटिंग को Baa3 से Baa2 के निम्नतम स्तर पर कर दिया है. एजेंसी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने COVID-19 महामारी, बढ़ते कर्ज और कर्ज लेने की क्षमता कमज़ोर होने जैसी वित्तीय संकटों के बीच लंबे समय तक धीमी विकास दर का खतरा मंडरा रहा है.

**खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा**

कृषि उत्पादकों को उनकी उपज पर अच्छा मुनाफा दिलाना सुनिश्चित करने हेतु आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने विपणन सीजन 2020-21 के लिए सभी अनिवार्य खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSPs) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है. कुछ प्रमुख फसलों का प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य इस प्रकार हैं:

धान - 1,868 रुपए, कपास- लंबी - 5825 रुपए, मूंगफली- 5275 रुपए, मक्का - 1,850 रुपए, तुअर / उरद दाल - 6000 रुपए, मूंग दाल - 7196 रुपए, सूरजमुखी - 5885 रुपए

**चीनी वस्तुओं का होगा बहिष्कार**




कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) ने चीनी उत्पादों के बहिष्कार को लेकर राष्ट्रीय अभियान 'भारतीय सामान-हमारा अभिमान' शुरू किया है, जिसका उद्देश्य दिसंबर 2021 तक चीनी उत्पादों के आयात में लगभग डेढ़ लाख करोड़ रुपये की कमी लाना है. CAIT ने चीन से आयात किए जाने वाले लगभग 3,000 ऐसे उत्पादों की सूची तैयार की है, जिनका विकल्प भारत में मौजूद है या फिर तैयार किया जा सकता है. CAIT 40,000 कारोबारी संगठनों का शीर्ष संगठन है और देश के सात करोड़ कारोबारियों का प्रतिनिधित्व करता है.

**MSME की नई परिभाषा की घोषणा**

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) ने 1 जुलाई, 2020 से प्रभावी होने वाली एमएसएमई की परिभाषा और मानदंड में संशोधन कर के इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त करने से जुडी राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी है. नई परिभाषा के तहत एक करोड़ रुपये तक के निवेश और 5 करोड़ रुपये तक के कारोबार वाले विनिर्माण और सेवा उद्यमों को सूक्ष्म उद्यमों के तौर पर वर्गीकृत किया जाएगा. छोटे उद्यमों के लिए निवेश की सीमा को संशोधित कर 10 करोड़ रुपये और टर्नओवर की सीमा 50 करोड़ रुपये रखी गई है. 20 करोड़ रुपये तक के निवेश और 100 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले उद्यम को मध्यम उद्यम कहा जाएगा. नई परिभाषा में किसी भी एमएसएमई के टर्नओवर में निर्यात की गणना नहीं की जाएगी.

**बांस पर आयात शुल्क 10% से बढ़ा कर किया 25%**



भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत घरेलू बांस के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बांस के आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क को तत्काल प्रभाव से 10% से बढ़ाकर 25% कर दिया है. सीमा शुल्क की नयी दर व्यापारियों सहित किये गए आयात सहित बांस के सभी आयात पर समान रूप से लागू होगी. इस कदम से बांस उत्पादकों और अगरबत्ती बनाने वाली एमएसएमई इकाइयों को लाभ होने की उम्मीद है. आंकड़ों के लिहाज़ से भारत में कच्ची अगरबत्ती का आयात वर्ष 2009 के 31 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2019 में 546 करोड़ रुपये हो गया, जिसका कारण वर्ष 2011 में आयात शुल्क का 30 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाना है.

**भारत 9वां सबसे बड़ा FDI प्राप्तकर्ता**

यूएन कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट (UNCTAD) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार 2019 में 51 अरब डालर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) हासिल कर भारत दुनिया भर में नौवां सबसे बड़ा FDI प्राप्तकर्ता रहा. रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का बड़ा बाज़ार विदेशी निवेश के लिए आकर्षक बना रहेगा. प्राप्त राशि में से अधिकांश पूंजी सूचना और संचार प्रौद्योगिकी और निर्माण उद्योग में निवेश की गई.

**दुनिया की पहली डबल स्टैक कंटेनर ट्रेन**

भारतीय रेलवे ने पश्चिम रेलवे के ओवर हेड विद्युतीकृत क्षेत्र में पहली डबल-स्टैक कंटेनर ट्रेन का सफल संचालन कर नया वैश्विक मानदंड स्थापित किया है. इस ट्रेन में कंटेनरों की दो परतें थीं, जो एक के ऊपर एक रखी हुई थीं. यह पूरे विश्व में अपनी तरह की पहली बेमिसाल उपलब्धि है और इससे हरित भारत के महत्वाकांक्षी मिशन को भी बढ़ावा मिलेगा. इस ट्रेन का संचालन 10 जून को गुजरात के पालनपुर और बोटाद स्टेशनों के बीच किया गया, जिसके दौरान 338 किमी की दूरी तय की गई.




**विदेशी मुद्रा भंडार 500 अरब डॉलर के पार**

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार 500 अरब डॉलर के पार हो गया. 5 जून को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.22 अरब डॉलर बढ़ गया और कुल भंडार 501.70 अरब डॉलर का हो गया जिससे विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में (आस्तियों) में तेजी आई.

**रिलायंस हुई 150 अरब डॉलर की**

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (RIL) बाजार पूंजीकरण के मामले में 150 अरब डॉलर का आंकड़ा पार करने वाली देश की पहली कंपनी बन गई है. यह आंकड़ा आरआईएल ने अपने शेयर की कीमत के 6.23% बढ़कर 1,759 रुपये होने पर छुआ, जिससे इसका बाज़ार पूंजीकरण 11.15 लाख करोड़ रुपये यानि लगभग 150 अरब डॉलर पर पहुंच गया.

## मई

**GDP वृद्धि 11 साल के निचले स्तर पर**

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा 29 मई को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार 2019-20 की जनवरी-मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर गिरकर *3.1* फीसदी *पर आ गई* है. 2019-20 में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 4.2 फीसदी रह गयी. यह बीते 11 साल का सबसे निचला स्तर है जबकि वित्त वर्ष 2018-19 में आर्थिक वृद्धि दर 6.1 फीसदी रही थी. हालांकि सरकार ने COVID-19 का मुकाबला करने के लिए 25 मार्च को लॉकडाउन कर दिया था फिर भी जनवरी-मार्च में दुनिया भर में आर्थिक गतिविधियां सुस्त रहीं, जिसका असर भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ा है.

**भारत की विकास दर होगी 1.2% :संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी वैश्विक आर्थिकी स्थिति एवं भविष्य नामक रिपोर्ट में वर्ष 2020 में भारत की अनुमानित विकास दर को घटाकर 1.2 प्रतिशत कर दिया है. रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि इसी अरसे में COVID-19 महामारी के कारण दुनिया भर में कामकाज ठप्प होने, आर्थिक गतिविधियाँ सीमित होने, बढ़ती अनिश्चितताओं और 1930 के दशक के बाद आयी सर्वाधिक भयानक महामंदी के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में 3.2 प्रतिशत की तेज़ गति से संकुचन आएगी.

**रेलवे का सबसे शक्तिशाली लोको लॉन्च**

18 मई 2020 को भारतीय रेलवे द्वारा 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत निर्मित 12000 हॉर्स पावर वाले सबसे शक्तिशाली रेल इंजन (लोकोमोटिव) की उत्तर प्रदेश के दीन दयाल उपाध्याय (मुगलसराय) और शिवपुर स्टेशनों के बीच पहली वाणिज्यिक फेरी हुई. इस इंजन को भारत सरकार की मेक इन इंडिया योजना के तहत फ्रांस की कंपनी एलस्टम (Alstom) ने तैयार किया है. बिहार में रेलवे की मधेपुरा फैक्ट्री में निर्मित ये इंजन भारतीय रेल में सबसे प्रचलित इंजन हैं.

भारतीय रेल में विदेशी निवेश के तहत भारत सरकार ने एलस्टम के साथ मिलकर 25,000 करोड़ रुपये की लागत से संयुक्त उपक्रम का निर्माण किया है. इस प्रोजेक्ट में 12,000 एचपी के 800 डबल-सेक्शन इलेक्ट्रिक इंजनों का निर्माण और 11 वर्षों तक उनका रखरखाव भी शामिल है.

**ओएनजीसी, एनटीपीसी का समझौता ज्ञापन**



21 मई को भारत की शीर्ष तेल और गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी और देश की सबसे बड़ी विद्युत् उत्पादन कंपनी एनटीपीसी ने अक्षय ऊर्जा परियोजना के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी स्थापित करने से संबंधित समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए.

इस समझौते के अनुसार एनटीपीसी और ओएनजीसी देश-विदेश में अपतटीय पवन ऊर्जा सहित नवीकरणीय ऊर्जा परिसंपत्तियों का पता लगाएंगे और सततशीलता, भंडारण, E-मोबिलिटी और ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) के अनुरूप परियोजनाओं के अवसरों की तलाश करेंगे.

**खाद्यान्न उत्पादन 29.5 करोड़ टन पार**

कृषि मंत्रालय द्वारा फसली वर्ष 2019-20 के लिए प्रमुख फसलों के उत्पादन से जुड़े तीसरे अग्रिम अनुमान में देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 29. 567 करोड़ टन होने की आशा जताई गई है, जो पिछले वर्ष से 1. 046 करोड़ टन अधिक है. चावल का कुल उत्पादन लगभग 11. 8 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जबकि गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 10. 7 करोड़ टन से अधिक होने का अनुमान है.

**जिओ को मिला 11,367 करोड़ का विदेशी निवेश**

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (RIL) ने 8 मई को निजी अमेरिकी इक्विटी फर्म विस्टा इक्विटी पार्टनर्स को अपनी डिजिटल इकाई जिओ प्लेटफॉर्म्स की 2.32% हिस्सेदारी 11,367 करोड़ रुपये में बेचने की घोषणा की. यह ताज़ातरीन निवेश दो हफ्तों में अपना क़र्ज़ कम करने के लिए रिलायंस द्वारा किया गया तीसरा (फेसबुक और सिल्वर लेक के बाद) सौदा है.




# बैंकिंग एवं फाइनेंस

## जुलाई

**विदेशी मुद्रा भंडार में भारत 5वां**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष. IMF की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत का विदेशी मुद्रा भंडार चीन, जापान, स्विट्ज़रलैंड और रूस के बाद दुनिया में पांचवें स्थान पर है. 17 जुलाई को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 517.64 अरब डॉलर के रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुँच गया. देश का विदेशी मुद्रा भंडार इसके सकल घरेलू उत्पाद के लगभग पाँचवें हिस्से के बराबर है. विदेशी मुद्रा की यह मात्रा 13 महीनों के आयात की ज़रूरतों के लिए पर्याप्त मानी जाती है.

**एनबीएफसी के लिए विशेष तरलता योजना**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने ग़ैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (NBFCs) के लिए 30,000 करोड़ रुपये की विशेष तरलता सुविधा के क्रियान्वन से जुड़े दिशानिर्देश जारी कर दिए हैं. इन दिशानिर्देशों में इस सुविधा का लाभ उठाने वाले संस्थानों के लिए निर्धारित पात्रता मानदंड भी शामिल हैं. एसबीआई कैपिटल मार्केट्स ने इस योजना को संचालित करने के लिए एसएलएस ट्रस्ट नामक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) की स्थापना की है.

**NBFCs-** non-banking finance companies **SPV-** special purpose vehicle

**NPCI ने लांच किया PC UPI AutoPay**

नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) ने बारम्बार किये जाने वाले भुगतान के लिए UPI AutoPay सुविधा की शुरूआत की है. इस नई सुविधा से ग्राहक मोबाइल भुगतान, बिजली बिल, ईएमआई भुगतान, मनोरंजन और ओटीटी सदस्यता, बीमा, म्यूचुअल फंड और ऋण भुगतान जैसे बारम्बार किये जाने वाले भुगतान के लिए ई-मैंडेट को सक्षम कर किसी भी यूपीआई एप्लिकेशन का उपयोग कर 2000 रुपये तक की राशि का भुगतान कर सकते हैं. भुगतान राशि 2000 रुपये से अधिक होने पर ग्राहकों को हर मैंडेट के साथ UPI पिन देना होगा.

मुंबई में स्थित NPCI भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणाली के संचालन के लिए RBI और कुछ बैंकों द्वारा सृजित किया गया एकल संगठन है.

**बैंक और डाकघर को मिली नई सुविधा**

आयकर विभाग ने बैंकों और डाकघरों के लिए एक नई कार्यक्षमता की सुविधा प्रदान की है जिसके माध्यम से वे नकद निकासी पर TDS प्रयोज्यता दर का पता लगा सकते हैं. इस सुविधा की मदद से आयकर रिटर्न नहीं भरने वालों (नॉन फाइलर्स) के मामले में 20 लाख रुपये से अधिक और आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों के मामले में एक करोड़ रुपये से अधिक की नकद निकासी पर लागू टीडीएस की उपयुक्त दरों का पता लगाया जा सकता है.

**बाजार उधार में तमिलनाडु शीर्ष पर**

भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार देश के सभी राज्यों में से तमिलनाडु बाज़ार से ली गई उधारी के मामले में सबसे ऊपर है. बांड के माध्यम से जुटाई गई कुल उधारी का 17% भाग (राज्य विकास बांड) अकेले तमिलनाडु के नाम है. इसके बाद महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश का स्थान आता है.

## IRDAI ने दी कोरोना कवच की अनुमति



देश में COVID-19 मामलों में हो रही तेज़ वृद्धि के मद्देनज़र भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने 30 सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को अल्पकालिक कोरोना कवच कवर करने वाली स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियां शुरू करने की अनुमति दे दी है. यह पॉलिसी कोविड-19 बीमारी पर होने वाले इलाज के खर्चों को कवर करेगी. इस पॉलिसी की बीमा राशि 50,000 रुपये से 5 लाख रुपये के बीच होगी है, जिसे 18 से 65 वर्ष के बीच के व्यक्ति ले सकते हैं.

## एचडीएफसी बैंक से तत्काल ऑटो ऋण

एचडीएफसी बैंक ने 1,000 शहरों में अपने ग्राहकों को 'ज़िपड्राइव त्वरित वाहन ऋण' नामक ऑटो ऋण देने की घोषणा की है. यह कदम बैंक द्वारा एंट्री-लेवल कारों की मांग में देखी जा रही बढ़ोतरी की प्रतिक्रिया के तौर पर उठाया गया है. दरअसल वर्तमान कोरोना-जनित माहौल में लोग भय के कारणवश सार्वजनिक परिवहन प्रयोग करने से परहेज़ कर रहे हैं. इस योजना के तहत एचडीएफसी बैंक के ग्राहकों को बैंक के विशेष एल्गोरिथम और एनालिटिक्स का उपयोग कर पूर्व-अनुमोदित ऋण ऑफ़र दिए जाते हैं. ऋण से जुड़ी सभी औपचारिकतायें ऑनलाइन मोड में पूरी की जा सकती हैं.

## ई-किसान धन ऐप का शुभारंभ

HDFC बैंक ने देश भर में किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए ई-किसान धन ऐप लॉन्च किया है. इस ऐप की मदद से किसान अपने मोबाइल पर कृषि और बैंकिंग से जुड़ी सभी सेवाओं का लाभ ले सकेंगे. ऐप की मदद से उपयोगकर्ता ऋण पाने, बैंक खाता खोलने, बीमा सुविधाओं का लाभ उठाने, केसीसी ऋण पात्रता की ऑनलाइन जांच करने और सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसी कई बैंकिंग सेवाओं का झटपट लाभ उठा सकते हैं. इस ऐप से मंडी के भाव, नवीनतम कृषि समाचार, मौसम का पूर्वानुमान, बीज की किस्मों, एसएमएस एडवायज़री, ई-पशुहाट, किसान टीवी समेत कई अन्य मूल्य संवर्धन सेवाएं भी उपलब्ध होंगी.

## BoB का इंस्टेंट ऑनलाइन खाता

बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने सभी ग्राहकों के लिए 'इंस्टा क्लिक सेविंग अकाउंट' नामक डिजिटल सेल्फ-असिस्टेड ऑनलाइन बचत खाता लॉन्च किया है. इस खाते में ग्राहक के डिजिटल केवाईसी और आधार-आधारित ओटीपी प्रमाणीकरण के एक नए रूप का उपयोग किया जाता है, जिसे बैंक की वेबसाइट, मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटॉप और पर्सनल कंप्यूटर से चलाया जा सकता है.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (UBI) ने अपने ग्राहकों को LIC पॉलिसियां देने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी समझौता करने की घोषणा की है. UBI का मुख्यालय मुंबई में स्थित है और इसकी टैग लाइन है- "Good People to Bank With"

# जून

## सहकारी बैंक होंगें रिजर्व बैंक के दायरे में

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सभी शहरी सहकारी बैंकों और बहु-राज्य सहकारी बैंकों के जमाकर्ताओं में सुरक्षा की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से इन्हें रिज़र्व बैंक की निगरानी में लाने से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है.

हालांकि भारतीय रिज़र्व बैंक इन बैंकों के बैंकिंग कार्यों का विनियमन और पर्यवेक्षण करता रहा है, लेकिन इनका अधिकाँश नियंत्रण और निरीक्षण रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज़ के हाथों में ही रहा है, जिसके पास इनके बोर्डों की संरचना का विनियमन भी है.

27 जून को इससे जुड़े बैंकिंग विनियमन (संशोधन) अध्यादेश, 2020 को राष्ट्रपति ने अपनी स्वीकृति देकर इन बैंकों में जमाकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया.

*इस समय देश में लगभग 1,482 शहरी सहकारी बैंक और 58 बहु-राज्य सहकारी बैंक हैं, जिनमें लगभग 8.6 करोड़ जमाकर्ता हैं, जिनकी कुल बचत राशि लगभग 4.85 लाख करोड़ रुपये है.*

## निजी बैंकों के लिए समीक्षा समूह

भारतीय रिज़र्व बैंक ने निजी बैंकों के स्वामित्व, शासन और कॉर्पोरेट संरचना से संबंधित दिशानिर्देशों की समीक्षा करने के लिए रिज़र्व बैंक के सेंट्रल बोर्ड के निदेशक पी के मोहंती की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय आंतरिक कार्य समूह का गठन किया है. यह पैनल प्रारंभिक / लाइसेंसिंग चरण और बाद में प्रमोटर की शेयरधारिता के मानदंडों और शेयरहोल्डिंग को बेचने की समय सीमा के मानदंडों की समीक्षा करेगा.

## भुगतान अवसंरचना विकास निधि

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत में पूर्वोत्तर और ग्रामीण ज़िलों में डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में सुधार करने और इसे तेज़ी प्रदान करने हेतु 500 करोड़ रुपये का भुगतान अवसंरचना विकास कोष (PIDF) स्थापित किया है. RBI ने PIDF में 250 करोड़ रुपये का शुरुआती योगदान दिया है जबकि इसका शेष भाग कार्ड जारी करने वाले सभी बैंकों और नेटवर्क ऑपरेटरों द्वारा दिया जाना है. इसका उद्देश्य अधिकाधिक पॉइंट ऑफ सेल (कार्ड स्वाइप मशीन) की स्थापना कर उनके इस्तेमाल को प्रोत्साहित करना है.



**निकारगुआ को 2. 01 करोड़ डॉलर का ऋण**




एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक ऑफ इंडिया (एग्ज़िम बैंक) निकारागुआ गणराज्य में एल्डो चावरिया अस्पताल के पुनर्निर्माण के लिए 2.01 करोड़ डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट (LOC) मुहैया करायेगा. निकारागुआ उत्तरी अमेरिका महाद्वीप के दक्षिणी सिरे पर कैरिबियन सागर के पश्चिम में स्थित एक छोटा सा देश है.

**BoB की ऋण प्रणाली होगी डिजिटल**

भारत के तीसरे सबसे बड़े ऋणदाता बैंक ऑफ बड़ौदा ने कृषि, गृह, एमएसएमई, ऑटो और व्यक्तिगत ऋण सहित अपनी सम्पूर्ण ऋण प्रणाली को डिजिटल बनाने का निर्णय लिया है. बैंक का इरादा आने वाले समय में काग़ज़ आधारित ऋण प्रणाली को पूर्णतया समाप्त करना है. इस "डिजिटल लेंडिंग डिपार्टमेंट" की स्थापना के बारे में परामर्श लेने के लिए बैंक ने मैकिन्से और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप जैसे चार बड़े सलाहकारों से मदद माँगी है.

**ICICI बैंक ने शुरू की लिए किफायती आवास ऋण योजना**

ICICI होम फाइनेंस कंपनी लि. ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गृह ऋणों के लिए विशेष किफायती आवास ऋण योजना सरल (SARAL) शुरू की है जिसके मुख्य लाभार्थी अधिकतम 6 लाख रुपये सालाना कमाने वाली महिलाएं, निम्न और मध्यम आय वाले ग्राहक और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग होंगे.

**ICICI बैंक ने शुरू की 'इंस्टा फ्लेक्सीकैश'**

ICICI बैंक ने अपने वेतन खाता ग्राहकों के लिए ऑनलाइन ओवरड्राफ्ट (OD) सुविधा 'इंस्टा फ्लेक्सीकैश' शुरू की है. इस पूर्णतया डिजिटल सुविधा का उपयोग इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म से बिना किसी दस्तावेज़ के प्रयोग या बिना बैंक में आए किया जा सकता है.




## मई

**आर्थिक उद्धार के लिए ब्याज दरों में कमी**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने रेपो रेट में 40 बेसिस प्वॉइंट की कटौती कर दी है. अब रेपो रेट 4.4 फीसदी से घटकर 4 फीसदी रह गया है. लचीले रुख़ को बरक़रार रखते हुए तदनुसार रिवर्स रेपो दर को भी कम कर 3.35 प्रतिशत कर दिया गया है. RBI ने वित्तीय संस्थानों द्वारा ऋणों के भुगतान पर पर दी गई मोहलत को भी तीन महीने (31 अगस्त तक) और बढ़ा दिया है. घोषित किए गए अन्य उपायों को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है - बाजारों के कामकाज में सुधार, निर्यात और आयात गतिविधियों को संबल देना, ऋण की चुकौती में मदद देकर वित्तीय तनाव को कम करना और कार्यशील पूंजी तक बेहतर पहुंच और राज्य सरकारों के समक्ष वित्तीय समस्याओं का निवारण.

**सहकारी बैंक हैं SARFAESI के दायरे में**




सुप्रीम कोर्ट की पांच-सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने देश के सभी सहकारी बैंकों के SARFAESI क़ानून के दायरे में शामिल होने से जुड़ा फैसला सुनाया है. SARFAESI के तहत फंसे हुए कर्जों की वसूली के लिए बैंक बिना किसी अदालत की अनुमति लिए उनके पास गिरवी रखी गई परिसंपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं. इस आदेश का मक़सद बैंकों को ऐसे मामलों में सहकारी समितियों अधिनियम के तहत दीवानी अदालत की कार्यवाही में होने वाली देरी से बचना है. अपने फैसले में शीर्ष अदालत ने माना कि 'बैंकिंग कंपनी' के अर्थ में सभी सहकारी बैंक भी शामिल हैं. SARFAESI अधिनियम, 2002 के तहत बैंकों को अदालत में न जाकर सीधे ऋण लेने वालों की संपत्ति को ज़ब्त करने का अधिकार है.

**कोटक बैंक ने शुरू की वीडियो केवाईसी**

कोटक महिंद्रा बैंक ने एक अनूठी पहल में कोटक 811 बचत खाता ('Kotak 811 savings account') खोलने के लिए वीडियो केवाईसी प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की. यह भारतीय बैंकिंग के परिप्रेक्ष्य में इस प्रकार का पहला क़दम है. खाता खोलने की यह प्रक्रिया सम्पर्क- रहित, पूर्णतया डिजिटल और काग़ज़ -रहित होने के अलावा सम्पूर्ण केवाईसी प्रक्रिया से भी लैस है. वीडियो केवाईसी प्रक्रिया में दस्तावेज़ों का सत्यापन और ग्राहक के हस्ताक्षर लेने का काम बैंक प्रतिनिधि द्वारा वीडियो कॉल के माध्यम से पूरा किया जाता है.

# रक्षा-विज्ञान-टेक्नोलॉजी

## जुलाई

### सशस्त्र बलों को मिली अतिरिक्त वित्तीय शक्तियां



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद ने सशस्त्र बलों को उनकी आपातकालीन परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 300 करोड़ रुपये तक की तात्कालिक सैन्य सामग्री की खरीद से जुड़े मामलों को आगे बढ़ाने के लिए अधिकार प्रदान किए. इससे खरीद के लिए समय-सीमा में कमी आएगी और खरीद के लिए छह महीने के भीतर ऑर्डर दिया जा सकेगा और एक वर्ष के भीतर संबंधित वस्तुओं की डिलीवरी की शुरुआत सुनिश्चित होगी. उत्तरी सीमाओं पर मौजूदा सुरक्षा स्थिति तथा देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सशस्त्र बलों की मजबूती की आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है.

### सेना में महिलाओं को मिला स्थाई कमीशन

रक्षा मंत्रालय ने आखिरकार भारतीय सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (SSC) महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (PC) देने से संबंधित औपचारिक स्वीकृति पत्र जारी कर दिया है. इस कदम से महिला अधिकारियों को संगठन में और बड़ी भूमिकाएं निभाने हेतु सशक्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा. तदनुसार नई दिल्ली में स्थित सेना मुख्यालय ने प्रभावित महिला अधिकारियों का स्थायी कमीशन चयन बोर्ड बनाने हेतु कई प्रारंभिक कदम उठाये हैं. अल्पकालिक कमीशन वाली महिला अधिकारियों को अब तक केवल जज और एडवोकेट जनरल और आर्मी एजुकेशनल कॉर्प्स शाखाओं में ही स्थायी कमीशन लेने की अनुमति थी.

**PC-** permanent commission

### भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र

भारतीय नौसेना ने केरल में स्थित भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला में अपने सबसे बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना की. इस 3 मेगावाट के सोलर पावर प्लांट को भारत सरकार की 'नेशनल सोलर मिशन' पहल के अनुरूप स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य 2022 तक 100GW सौर ऊर्जा पैदा करना है. इस प्लांट को केरल राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बनाया गया है.



### भारतीय-अमेरिकी नौसेना का PASSEX

भारतीय नौसैनिक जहाज़ों ने हिंद महासागर में अंडमान - निकोबार द्वीप समूह के पास दुनिया के सबसे बड़े विमान वाहक यूएसएस निमित्ज़ कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ 'पासेक्स' (PASSEX) अभ्यास का आयोजन किया. भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना बलों ने वायु रक्षा सहित प्रशिक्षण और अंतर-संचालन क्षमता को इष्टतम बनाने के लिए उन्नत अभ्यास किए.

### 'ध्रुवस्त्र' मिसाइल का सफल परीक्षण

DRDO ने ओडिशा के बालासोर में स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) में हेलिकॉप्टर द्वारा लॉन्च किये जाने वाले एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'ध्रुवस्त्र' का परीक्षण किया. कई नई विशेषताओं से लैस ध्रुवस्त्र 'नाग हेलिना' मिसाइल का हेलीकॉप्टर संस्करण है और इससे शत्रु के बंकरों, बख़्तरबंद वाहनों और मेन बैटल टैंकों को नष्ट करने के प्रयोग किया जा सकता है.

### भारतीय सेना को मिला 'भारत' ड्रोन

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने भारतीय सेना को 'भारत' नामक स्वदेशी तौर पर विकसित ड्रोन सौंप किया है. इस ड्रोन से सेना को, विशेष रूप से पूर्वी लद्दाख में, वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास ऊंचे और पहाड़ी इलाकों में सटीक निगरानी करने में मदद मिलेगी. यह ड्रोन पूरे मिशन के दौरान वास्तविक समय में वीडियो प्रसारण की सुविधा से लैस है. घने जंगलों में छिपे लोगों का पता लगाने के लिए यह अति उन्नत नाइट विज़न क्षमता से सुसज्जित है. यह ड्रोन इस तरह से बनाया गया है कि यह रेडार की पकड़ में भी नहीं आता है. इसे "दुनिया का सबसे फुर्तीला और हल्का निगरानी वाला ड्रोन" कहा गया है.

### वायुसेना को मिले 5 अपाचे हेलीकॉप्टर

बोइंग इंडिया ने पांच AH-64E अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की खेप के अंतिम पांच हेलीकॉप्टर और 15 सीएच -47 एफ (I) की खेप के अंतिम पांच, भारी-भरकम चिनूक हेलीकॉप्टर भारतीय वायु सेना (IAF) को यूपी के ग़ाज़ियाबाद के पास स्थित हिंडन वायुसेना स्टेशन में सौंप दिए. ये अपाचे हेलीकॉप्टर लद्दाख में चीन के साथ चल रहे गतिरोध के बीच लेह एयरबेस में फॉरवर्ड मूवमेंट के अंग के तौर पर तैनात किये गए हैं. भारत ने सितंबर 2015 में अमेरिकी सरकार के विदेशी सैन्य बिक्री कार्यक्रम के तहत बोइंग से 3 अरब डॉलर का सौदा कर 22 अपाचे हेलीकॉप्टर और 15 चिनूक हेलीकॉप्टर खरीदने का अनुबंध किया था.





❖ *रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन )DRDO) ने पी-7 हेवी ड्रॉप सिस्टम विकसित किया है. इसके जरिए 7-टन वजन तक के सैन्य उपकरणों को आईएल 76 विमान से नीचे गिराया जा सकेगा.*

## कोरोना जैसे वायरस से मुक्त करेगा - SHUDH

आईआईटी कानपुर ने SHUDH (स्मार्टफ़ोन ऑपरेटेड हैंडी अल्ट्रावॉयलेट डिसइन्फ़ेक्शन हेल्पर) नामक एक UV सैनिटाइजिंग उत्पाद विकसित किया है जिसका उपयोग कॉरोनो वायरस को अस्पताल, होटल, मॉल, कार्यालय और स्कूलों जैसे अत्यधिक प्रवण स्थानों को कीटाणुरहित करने के लिए किया जा सकता है. SHUDH में 15 वाट की छह यूवी लाइट्स लगी हुई हैं, जिन्हें एंड्रॉइड एप्लिकेशन का उपयोग करके व्यक्तिगत रूप से दूरस्थ स्थान से ही नियंत्रित किया जा सकता है. अपने पूर्ण ऑपरेशन में डिवाइस लगभग 15 मिनट में 10x10 वर्ग फुट के कमरे को कीटाणुरहित कर सकता है.

## COVID-19 रोगियों के लिए 'MediCAB' सुविधा

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), मद्रास द्वारा समर्थित स्टार्टअप, मोडुलस हाउसिंग, चेन्नई ने कोरोना के रोगियों के लिए एक मोबाइल अस्पताल इकाई विकसित की है जिसे दो घंटे के भीतर चार लोगों द्वारा कहीं भी स्थापित किया जा सकता है. 'MediCAB' नाम की इस पोर्टेबल सुविधा से स्थानीय समुदायों में कोरोनावायरस रोगियों का पता लगाने, पहचानने, स्क्रीन करने, अलग करने और उनका इलाज करने में मदद मिल सकती है.

## दुनिया की सबसे सस्ती' टेस्ट किट 'Corosure' लॉन्च

15 जुलाई को दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) द्वारा



विकसित कोरोनोवायरस के लिए कम लागत वाली "Corosure नाम से दुनिया की सबसे सस्ती डायग्नोस्टिक किट लांच की गयी. किट को उच्चतम स्कोर के साथ ICMR की मंजूरी मिली है और DCGI को बहुत अधिक संवेदनशीलता और विशिष्टता के साथ अनुमोदित किया गया है. आरटी-पीसीआर परख का आधार मूल्य 399 रुपये है. आरएनए अलगाव और प्रयोगशाला शुल्कों को जोड़ने के बाद भी प्रति परीक्षण लागत 650 रुपये तक जाएगी जोकि बाजार में वर्तमान में उपलब्ध किटों की तुलना में काफी सस्ती होगी, जिनकी लागत लगभग 4 से 6 हजार रुपये है. यह तीन घंटे के भीतर परिणाम दे सकती है. इसके अलावा उपलब्ध वर्तमान परीक्षण विधियां "प्रोब आधारित" हैं, जबकि आईआईटी टीम द्वारा विकसित किट "प्रोब रहित" है, जो सटीकता के साथ समझौता किए बिना परीक्षण लागत को कम करती है.

## COVID -19 हेतु अल्ट्रा रैपिड टेस्टिंग किट

भारत और इज़राइल ने संयुक्त रूप से COVID-19 की अल्ट्रा रैपिड टेस्टिंग किट विकसित की है. DRDO और इज़राइल के रक्षा अनुसंधान विंग के वैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित यह किट प्रयोगशाला में किये गए परिणामों में कारगर पायी गई है और अब इस पर व्यापक स्तर पर परीक्षण किये जाएंगे. यह किट कई नवोन्मेषी प्रौद्योगिकियों को एकीकृत कर विकसित की गई है, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ऑनलाइन वॉयस टेस्ट, श्वासनली परीक्षण, आइसोथर्मल परीक्षण और पॉलीमिनो एसिड -आधारित परीक्षण शामिल हैं.

## निमोनिया के खिलाफ पहला भारतीय टीका

ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने भारत के पहले पूर्ण रूप से विकसित न्यूमोकोकल पॉलीसेकेराइड कंजुगेट वैक्सीन (न्यूमोनिया वैक्सीन) को मंजूरी दे दी है. इसका उपयोग शिशुओं को "स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया" (Streptococcus pneumonia) के कारण होने वाली गंभीर बीमारी और निमोनिया के खिलाफ सक्रिय टीकाकरण के लिए किया जाएगा. वैक्सीन को सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पुणे) द्वारा विकसित किया गया है.

## सबसे बड़ी तितली: गोल्डन बर्डविंग



88 वर्षों के बाद हिमालयन गोल्डन बर्डविंग तितली को भारत की सबसे बड़ी तितली नामित किया गया है. 194 मिमी पंखों वाली मादा गोल्डन बर्डविंग उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के दीदीहाट कस्बे में देखी गई, जबकि 106 मिमी पंखों वाले नर गोल्डन बर्डविंग वानखर तितली संग्रहालय (शिलांग में) देखे गए.

## पहला स्वदेशी सोशल मीडिया ऐप Elyments

6 जुलाई को भारत का पहला सोशल मीडिया सुपर ऐप "Elyments" लॉन्च किया गया. गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के मार्गदर्शन में एक साथ आए 1000 से अधिक आईटी पेशेवरों द्वारा विकसित इस स्वदेशी ऐप से उपयोगकर्ता सजीव फ़ीड, मुफ्त ऑडियो / वीडियो कॉल और पर्सनल/ग्रुप चैट के माध्यम से संपर्क में रह सकते हैं. इस ऐप को भारतीय स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के साथ - साथ 'मेक इन इंडिया' पहल की दिशा में प्रमुख कदम भी माना जा सकता है. यह ऐप 8 भाषाओं में उपलब्ध है, जिनमें तेलुगु, तमिल, अंग्रेजी और कन्नड़ शामिल हैं.

gyanm.college Follow

879 posts 3,052 followers 712 following

Gyanm

🔥 Helping students realize their dreams for more than 10 years

🏆 Target: Making 5,000 students get a Govt Job before 2022. Be one of them!

# Government Jobs Made Easy




Follow Gyanm on Instagram & learn quick facts from trained teachers

https://www.instagram.com/gyanm.college/

www.gyanm.in

### 'JioMeet' देगा 'Zoom' को टक्कर




रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ऐप Zoom को टक्कर देने के लिए असीमित मुफ्त कॉलिंग वाली JioMeet सर्विस लॉन्च की है. JioMeet प्लेटफॉर्म पर 100 प्रतिभागी एक साथ HD ऑडियो और वीडियो कॉल में भगा ले सकेंगे. इसमें स्क्रीन शेयरिंग, मीटिंग शेड्यूल फ़ीचर और अन्य बहुत सी सुविधाएँ हैं लेकिन ज़ूम के विपरीत इसमें 40 मिनट की समय सीमा नहीं है और कॉल 24 घंटे तक चल सकती हैं और सभी मीटिंग एन्क्रिप्टेड हैं और पासवर्ड द्वारा सुरक्षित रहती हैं. जहां ज़ूम उपयोगकर्ता किसी प्रतिभागी के वीडियो का साइज़ बड़ा नहीं कर सकते हैं, वहीं JioMeet मीटिंग में उपयोगकर्ता किसी भी प्रतिभागी के वीडियो या साझा स्क्रीन के वीडियो पर डबल टैप कर इसे बड़ा कर सकते हैं.

### चीन का मंगल मिशन

चीन ने 23 जुलाई को तिआनवेन 1 (जिसका अर्थ है स्वर्ग से सवाल पूछना) नाम से अपना पहला मार्स रोवर सफलतापूर्वक लांच किया. इस एक ही मिशन में मंगल ग्रह की परिक्रमा, इस पर लैंड करने और गश्त करने का लक्ष्य पूरा किया जाना है. हैनियान प्रांत के वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण केंद्र से लॉन्ग मार्च-5 रॉकेट के ज़रिए लॉन्च किया गये इस यान के तीन भाग - ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर - हैं और यह लॉन्च होने के सात महीने बाद मंगल पर पहुंचेगा. ऑर्बिटर मंगल की परिक्रमा करेगा जबकि रोवर और लैंडर लाल ग्रह की सतह पर यात्रा करेंगे. अब तक संयुक्त राज्य अमेरिका एकमात्र देश है जिसने मंगल पर रोवर सफलता से उतार कर संचालित किया है. अमेरिका द्वारा पिछली बार लांच किया गया रोवर 'क्यूरियोसिटी' था, जिसे नवंबर 2011 में लॉन्च किया गया था. नासा की जुलाई, 2020 के अंत तक अपना नवीनतम मार्स रोवर Perseverance लॉन्च करने की योजना है.

### दक्षिण कोरिया का पहला सैन्य उपग्रह लॉन्च

20 जुलाई को दक्षिण कोरिया का पहला सैन्य उपग्रह "ANASIS-II" फाल्कन 9 रॉकेट के माध्यम से फ्लोरिडा के प कैनावेरल एयर फोर्स स्टेशन से निजी ऑपरेटर स्पेसएक्स द्वारा लॉन्च किया गया. इस सैन्य उपग्रह का उद्देश्य परमाणु हथियारों से लैस उत्तर कोरिया के खिलाफ देश की रक्षा करने की क्षमता को उन्नत बनाना है.




### दूरसंचार उपग्रह "APSTAR-6D" लॉन्च

चीन ने Xichang सेटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च 3B करियर रॉकेट के माध्यम से अपने "APSTAR-6D" दूरसंचार उपग्रह को सफलतापूर्वक लॉन्च किया. इस उपग्रह का लक्ष्य लगभग 50 गीगाबाइट / सेकंड की क्षमता के साथ हाई स्पीड कम्युनिकेशन प्रदान करना है. APSTAR-6D चीन के पहले ग्लोबल हाई-थ्रूपुट ब्रॉडबैंड सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम का एक हिस्सा है

### अरब जगत का पहला मंगल मिशन

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) मंगल ग्रह पर यान भेजने वाला दुनिया का पहला अरब देश बन गया है. होप नामक इस मंगलयान को जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया. यूएई के मंगल यान का उद्देश्य इसके वातावरण में मौसम को प्रभावित करने वाले कारकों का व्यापक अध्ययन कर नई वैज्ञानिक खोजों का मार्ग प्रशस्त करना है. यह मंगल यान अगले 100 वर्षों में मंगल पर मानव बस्ती बनाने के बृहत्त लक्ष्य की नींव के रूप में काम करेगा.

## जून

### नौसेना को मिली पनडुब्बी रोधी प्रणाली



भारतीय नौसेना ने अपनी पनडुब्बी-रोधी युद्ध क्षमता को और मज़बूत करने के लिए स्वदेश निर्मित उन्नत टॉर्पीडो विध्वंसक प्रणाली 'मारीच' को अपने बेड़े में शामिल कर लिया है. इसे अग्रिम मोर्चे पर सभी युद्धपोतों से दाग़ा जा सकता है. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित इस प्रणाली का उत्पादन सरकारी उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा किया जाएगा. रामायण में वर्णित राक्षस 'मारीच' ने स्वयं को स्वर्ण मृग में रूपांतरित कर लिया था, जिसका भगवान राम ने वध किया था.

### मास्को के रेड स्क्वायर में भारतीय सशस्त्र बल

भारतीय सशस्त्र बल की टुकड़ी ने 24 जून को मास्को के रेड स्क्वायर में हुई रूसी विजय दिवस परेड में भाग लिया. यह परेड 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तत्कालीन सोवियत संघ द्वारा नाज़ी सेनाओं पर हासिल की गई जीत की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित की गई थी.

### विशाखापत्तनम में DSRV का अनावरण

भारतीय नौसेना ने पूर्वी नौसेना कमान, विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) में गहरे पानी में बचाव कार्यों को अंजाम देने वाले अपने DSRV का अनावरण किया. इसे नई शामिल की गई पनडुब्बी बचाव प्रणाली को समायोजित करने और DSRV परिसंपत्तियों को तैयार बर तैयार रखने के लिए बनाया गया है. DSRV प्रणाली में पनडुब्बी बचाव पोत, दूरस्थ संचालन वाहन और साइड-स्कैन सोनार और संबंधित उपकरण लगे हुए हैं. भारतीय नौसेना में दो ऐसी प्रणालियों को शामिल किया है, जो भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर पनडुब्बियों को सुरक्षा प्रदान करेंगी.

**DSRV** -Deep Submergence Rescue Vehicle

### वायु सेना ने लांच किया ARPIT पॉड



भारतीय वायु सेना ने एकाकी परिवहन के लिए एयरबोर्न रेस्क्यू पॉड (ARPIT) डिज़ाइन कर इसका निर्माण किया है, जिसका इस्तेमाल ज्यादा ऊंचाई वाले, अलग-थलग और दूरस्थ स्थानों से कोरोना संक्रमण पीड़ित रोगियों को वहां से लाने के लिए किया जाएगा. स्वदेशी रूप से तैयार यह प्रणाली मात्र 60,000 रुपये की लागत से विकसित की गई है जोकि 60 लाख रुपये तक की लागत वाली आयातित प्रणालियों की तुलना में बहुत कम है.

**ICGS कनकलता बरुआ:** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (कोलकाता) ने फास्ट पैट्रोल वेसल्स (FPV) श्रृंखला का पांचवा और आखिरी पोत भारतीय तटरक्षक बल को सौंप दिया है.

### PPEs का कीटाणुशोधन करेगा DRDO का अल्ट्रा स्वच्छ

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की दिल्ली स्थित प्रयोगशाला इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज ने अपने औद्योगिक पार्टनर जेल क्राफ्ट हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से निजी सुरक्षा उपकरण (पीपीई), इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और कपड़े सहित अन्य विभिन्न प्रकार की सामग्रियों को कीटाणुरहित करने के लिए अल्ट्रा स्वच्छ नामक कीटाणुशोधन यूनिट विकसित किया है.

### कोरोना रोगियों की 'COVID BEEP' ऐप लॉन्च

सरकार ने COVID-19 रोगियों के शारीरिक मापदंडों (जैसे नाड़ी दर, तापमान, ब्लड प्रेशर, श्वसन दर, आदि) पर नज़र रखने के लिए भारत की पहली स्वदेशी, वायरलेस निगरानी प्रणाली 'COVID BEEP' ऐप लॉन्च की है. **COVID BEEP:** Continuous Oxygenation & Vital Information Detection Biomed ECIL ESIC Pod.

इससे संक्रमण के जोखिम को कम करने के साथ-साथ व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) जैसे संसाधनों की ज़रूरत भी कम हो सकेगी. यह उपकरण IIT, हैदराबाद और परमाणु ऊर्जा विभाग के सहयोग से कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) मेडिकल कॉलेज, हैदराबाद द्वारा विकसित किया गया है.




### IIT बॉम्बे ने बनाई जीपीएस चिप "ध्रुव"

IIT- बॉम्बे ने देशी चिप "ध्रुव" बनाई है, जिसे सेल फोन और रूट गैजेट्स में लगाकर देश के अंदर स्थित जगहों और मार्गों की खोज के लिए उपयोग किया जा सकता है. हर प्रकार की जलवायु स्थिति में सटीक निर्णय लेने के लिए वांछित सिग्नल ध्रुव द्वारा भारत के NAVIC समूह के नेविगेशन उपग्रहों से उसी तरह से प्राप्त हो सकेंगे जैसे अमेरिकी ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम से प्राप्त किये जाते हैं.

### स्पेसएक्स ने रचा इतिहास

निजी कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन नामक अंतरिक्ष यान की अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के सफल डॉकिंग के फलस्वरूप दो अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष स्टेशन में प्रवेश करवाया गया. यह ऐतिहासिक प्रक्षेपण फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से किया गया. यह उड़ान वाणिज्यिक स्तर पर अंतरिक्ष यात्रा में एक नए युग की सुबह है. इस प्रक्षेपण के साथ ही एलन मस्क की स्पेसएक्स कंपनी लोगों को अंतरिक्ष कक्षा में पहुंचाने वाली पहली निजी कंपनी बन गई. इससे पहले यह क्षमता केवल तीन देशों की सरकारों - अमेरिका, रूस और चीन को ही हासिल थी.

## मई

### दूसरा तेजस स्क्वाड्रन लॉन्च



भारतीय वायु सेना ने कोयंबटूर (तमिलनाडु) के पास सुल्लुर बेस पर लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एलसीए तेजस से लैस 'फ्लाइंग बुलेट' नामक अपना 18वां स्क्वॉड्रन शुरू किया. वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया ने इसका उद्घाटन किया. आधुनिक बहु-आयामी हल्के लड़ाकू विमान तेजस से लैस भारतीय वायु सेना की यह दूसरी स्क्वाड्रन है. इससे पहले "फ्लाइंग डैगर्स" नामक 45वीं स्क्वाड्रन तेजस IAF इकाई का गठन 1 जुलाई, 2016 को बेंगलुरु में किया गया था.

### DRDO का UV कीटाणुशोधन टॉवर "यूवी ब्लास्टर"

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) की इकाई लेज़र साइंस एंड टेक्नोलॉजी सेंटर (LASTEC) दिल्ली ने अत्यधिक संक्रमण-ग्रस्त क्षेत्रों के लिए रसायनों के बिना, तेज़ी से कीटाणुशोधन के लिए एक अल्ट्रावायलेट (यूवी) कीटाणुशोधन टॉवर विकसित किया है. यह तरीका तकनीक सतहों जैसे कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, प्रयोगशालाओं और कार्यालयों में प्रयुक्त गैजेट के कीटाणुशोधन में बहुत उपयोगी होगा, जहां रासायनिक विधियों से कीटाणुशोधन करना उपयुक्त नहीं है.

***भारतीय तटरक्षक बल*** *ने गोवा के पणजी में अपतटीय गश्ती पोत ICGS सचेत और दो अवरोधक (इंटरसेप्टर) नौकाओं C- 450 और C-451 का जलावतरण किया. इस बल के पास अब 150 जहाज़ और नौकाएं और 62 विमान हैं.*

# अंतर्राष्ट्रीय ख़बरें

## जुलाई

### रूस ने किया COVID वैक्सीन का सफल परीक्षण




रूस COVID वैक्सीन के मानव परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा करने वाला पहला राष्ट्र बन गया है. परीक्षण के परिणामों के अनुसार रूस का COVID वैक्सीन प्रभावी साबित हुआ है. COVID वैक्सीन के सफल मानव परीक्षणों के बावजूद इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है कि रूस का टीका वाणिज्यिक उत्पादन चरण में कब प्रवेश करेगा और स्थानीय लोगों के लिए उपलब्ध होगा.

### हवा से फैलता है COVID-19?

32 देशों के लगभग 239 वैज्ञानिकों का दावा है कि संक्रमित व्यक्ति द्वारा हवा में छोड़े गए जलकड़ों से नॉवेल कोरोनावायरस के फैलने का प्रमाण है. वैज्ञानिकों ने WHO को भेजे गए अपने ओपन लेटर में दावा किया है कि COVID-19 किसी संक्रमित व्यक्ति के छींकने से फ़ैलने वाले बड़े जलकणों या बोलने या खांसी करने से फ़ैलने वाले छोटे जलकणों से हवा में फैलकर आस-पास के लोगों को संक्रमित कर सकता है. ओपन लेटर में वैज्ञानिकों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) से अत्यधिक संक्रामक COVID-19 महामारी की रोकथाम के लिए दी गई अपनी सिफारिशों को संशोधित करने को कहा है.

### जलवायु कार्रवाई पर मंत्रिस्तरीय शिखर सम्मेलन

जलवायु कार्रवाई पर मंत्रिस्तरीय सम्मेलन का चौथा संस्करण वर्चुअल माध्यम से यूरोपीय संघ, चीन तथा कनाडा की सह-अध्यक्षता में आयोजित किया गया. इस बैठक में 'संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज' (UNFCCC) के तहत 2015 में हुए पेरिस समझौते के पूर्ण कार्यान्वयन पर उच्च स्तरीय चर्चा करने के अलावा जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक स्तर पर राजनीतिक प्रतिबद्धता व्यक्त की गई. इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने किया.




### तुर्कमेनिस्तान बना WTO में पर्यवेक्षक

तुर्कमेनिस्तान को विश्व व्यापार संगठन (WTO) जनरल काउंसिल द्वारा ऑब्जर्वर अथवा पर्यवेक्षक का दर्जा दिया गया है. तुर्कमेनिस्तान जिनेवा में स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार निकाय के साथ औपचारिक संबंध स्थापित करने वाला अंतिम पूर्व सोवियत गणराज्य बन गया है. पर्यवेक्षक देश को पांच साल के भीतर डब्ल्यूटीओ में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी होती है. विश्व व्यापार संगठन में 164 सदस्य देश और 25 पर्यवेक्षक देश शामिल हैं. 1 जनवरी, 1995 को अस्तित्व में आये WTO ने टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते (GATT) की जगह ली थी. इस के अध्यक्ष महानिदेशक रॉबर्टी अजेवेडो हैं.

### जर्मनी ने पाया कोयला-आधारित बिजली से छुटकारा



जर्मनी ने 2038 तक कोयला- आधारित बिजली उत्पादन समाप्त करने के लिए एक कानून पारित किया है. इसके साथ ही लिग्नाइट और हार्ड कोल बिजली संयंत्रों को बंद करने की समय सारणी तैयार करने और ऑपरेटरों को मुआवज़े के भुगतान के लिए भी सहमति प्रकट की गई. इस कानून के अनुसार 2030 तक कोयले के प्रयोग को योजनाबद्ध तरीके से बंद करने के लिए मुआवज़े के तौर पर कुल 4.35 अरब यूरो का भुगतान किया जाएगा.

### खसरा और रूबेला मुक्त हुए मालदीव, श्रीलंका

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के दक्षिण पूर्व एशियाई कार्यालय के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र (SEAR) के दो देश मालदीव और श्रीलंका चेचक और खसरे से मुक्त हो गए हैं. इसके अतिरिक्त अब मालदीव और श्रीलंका WHO के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के ऐसे पहले दो देश बन गए हैं, जिन्होंने 2023 की निर्धारित समय सीमा से पहले ही चेचक और खसरा के उन्मूलन का लक्ष्य हासिल कर लिया है.

### पुनःरूसियों के चहेते बने पुतिन

1 जुलाई को लगभग 78% रूसी मतदाताओं ने पुतिन द्वारा 2036 तक अपने पद पर बने रहने से संबंधित संवैधानिक सुधारों के लिए अपना मज़बूत समर्थन दिया. आधुनिक रूसी इतिहास में सोवियत तानाशाह जोसेफ स्टालिन के बाद से वे सबसे लंबे समय तक सेवारत रहने वाले नेता हैं. वर्तमान में वे 2018 से 2024 तक राष्ट्रपति पद पर अपने चौथे कार्यकाल में सेवारत हैं. पूर्व में केजीबी एजेंट रहे 67 वर्षीय पुतिन ने 2000 से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के रूप में रूस का राजनैतिक नेतृत्व संभाल रखा है.

# जून

## भारत के बाहर पहला योग विश्वविद्यालय



भारत के बाहर दुनिया का पहला योग विश्वविद्यालय अमेरिका के लॉस एंजिल्स में शुरू किया गया है. इस विश्वविद्यालय का नाम विवेकानंद योग विश्वविद्यालय रखा गया है. इस विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में योग की प्राचीन भारतीय प्रणाली के अंतर्निहित वैज्ञानिक सिद्धांतों और आधुनिक अनुसंधान-आधारित दृष्टिकोण का संगम देखने को मिलेगा.

## विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून को दुनिया भर से योग प्रेमियों ने कई कार्यक्रमों में शामिल होकर विभिन्न आसनों के माध्यम से छठा अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया. कोरोनोवायरस महामारी के कारण अधिकाँश योग सत्र डिजिटल और ऑनलाइन माध्यमों से आयोजित किये गए. इस वर्ष का विषय था - "स्वास्थ्य के लिए योग - घर पर योग. 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र ने इस दिन को विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया था.

## जर्मनी में एकल उपयोग प्लास्टिक प्रतिबंधित

जर्मनी ने 3 जुलाई, 2021 तक एकल उपयोग वाले प्लास्टिक स्ट्रॉ, कॉटन बड्स और खाद्य पदार्थ कंटेनरों, पॉलीस्टीरीन कपों और बक्सों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है. यह निर्णय यूरोपीय संघ के प्लास्टिक कचरे की मात्रा को कम करने से संबंधित निर्देश के अनुरूप है. पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर फेंके जाने वाले कचरे का 20% भाग एकल-उपयोग प्लास्टिक होता है, जिसमें मुख्य रूप से पॉलीस्टीरीन कंटेनर शामिल हैं. प्लास्टिक का विघटन होने में दशकों का समय लगता है और इसके सूक्ष्म कण मछलियों, पक्षियों और अन्य जानवरों के शरीर के अंदर पाए गए हैं.




## वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट: IMF

वर्तमान में चल रही कोरोनोवायरस महामारी से जनित मंदी और पहले के अनुमानों की तुलना में अधिक सुस्त रफ्तार से हो रही आर्थिक गतिविधियों के मद्देनज़र अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वैश्विक विकास के मामले में अपने इस साल के पूर्वानुमान में भारी गिरावट होने का अंदेशा जताया है. आईएमएफ की भविष्यवाणी के अनुसार इस साल वैश्विक अर्थव्यवस्था में 4.9 प्रतिशत की गिरावट होने का अनुमान है.

## अश्वेत व्यक्ति की मौत पर अमेरिका उफान पर

अमेरिका में एक अश्वेत आदमी की मौत पर नाराजगी व्यक्त कर रहे प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उग्र प्रदर्शन किया जिसके कारण 40 से अधिक अमेरिकी शहरों में अफरातफ़री फैल गई. 31 मई को इन शहरों में कर्फ्यू लगा दिया गया. मिनियापोलिस के श्वेत पुलिसकर्मी द्वारा जॉर्ज फ्लॉयड नामक अश्वेत व्यक्ति को नीचे गिरा कर उसकी गर्दन पर अपना घुटना रखकर उसकी हत्या करने का वीडियो सामने आया है, जिसमें उस अश्वेत को दया की भीख मांगते हुए दिखाया गया है.




लॉस एंजिल्स से लेकर मियामी और शिकागो तक प्रदर्शनकारियों ने जॉर्ज फ्लॉयड के मुखौटे पहने हुए थे, जिसमें से अधिकतर पर लिखा था "मुझे सांस नहीं आ रही". मौत से पहले जॉर्ज फ्लॉयड द्वाराकहे गए ये अंतिम शब्द थे. प्रदर्शनकारियों का शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन ज़ल्द ही हिंसक हो गया और उन्होंने यातायात अवरुद्ध कर वाहनों को आग लगा दी. प्रदर्शनकारियों को काबू में करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले और प्लास्टिक की गोलियां दागनी पड़ीं. संयुक्त राज्य अमेरिका में हुए प्रदर्शनों के साथ साथ लंदन, पेरिस, बर्लिन और कई अन्य शहरों में भी सैकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया.

## चीन ने बनाया समुद्री डाइविंग का रिकॉर्ड

मानवरहित चीनी पनडुब्बी (सबमर्सिबल) ने महासागर के नीचे विश्व के सबसे गहरे बिंदु (10,907 मीटर की गहराई) तक गोता लगाने का नया रिकॉर्ड स्थापित किया है. इस चीनी पनडुब्बी 'हायदू-1' ने प्रशांत महासागर के भीतर स्थित विश्व के सबसे गहरे क्षेत्र 'मारियाना ट्रेंच' तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की है. हालिया वर्षों में चीन ने समुद्र की तलहट से समृद्ध खनिज संसाधनों का पता लगाने के लिए तकनीकी विकास पर ध्यान देना शुरू किया है.

### एप्पल के शेयरों में ज़बरदस्त उछाल



दिग्गज वैश्विक स्तरीय कंपनी एप्पल इंक 1.5 ख़रब डॉलर के बाज़ार पूंजीकरण स्तर तक पहुंचने वाली पहली अमेरिकी कंपनी बन गई है. वर्तमान में अमेरिकी बाज़ार में एप्पल के शेयर का भाव 352 डॉलर पर पहुंच चुका है और कंपनी के कुल 4.3 अरब शेयरों की बदौलत इसका बाज़ार पूंजीकरण 1.53 ख़रब डॉलर तक पहुंच गया है. एप्पल अगले चार वर्षों में 2 खरब डॉलर का पूंजीकरण हासिल करने वाली पहली कंपनी बन सकती है.

### COVID-19 से जंग के लिए C-TAP लॉन्च

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने COVID-19 टेक्नोलॉजी एक्सेस पूल' (C-TAP) लॉन्च किया है, जिसका उद्देश्य COVID-19 से जंग में प्रयुक्त विभिन्न स्वास्थ्य तकनीकों और उत्पादों जैसे टीकों, परीक्षणों और उपचार को सब के लिए सुलभ बनाना है. C-TAP का उद्देश्य अनुसंधान और सूचना के आदान-प्रदान से टीकों और दवाओं को बनाने में तेजी लाना और ऐसे विकसित होने वाले किसी भी उत्पाद के लिए विनिर्माण क्षमता को बढ़ाना है.

## मई

### मुक्त आकाश संधि से पीछे हटा अमेरिका

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सैन्य मामलों में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए 18 साल पहले 2002 में रूस के साथ की गई मुक्त आकाश संधि से अलग होने की घोषणा की है. राष्ट्रपति ट्रम्प ने रूस पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया है. इस संधि पर उत्तरी गोलार्ध के लगभग सभी प्रमुख 35 देशों ने हस्ताक्षर किये हैं. इस संधि के तहत निशस्त्र हवाई निगरानी क्षेत्र स्थापित किया गया है, जिससे सदस्य देशों के हवाई क्षेत्रों पर निगरानी करना संभव है. संधि के अनुसार सदस्य देश के सभी क्षेत्रों के ऊपर से उड़ान भरी जा सकती है और वैमानिकी के लिहाज़ से इसका कोई भी भाग प्रतिबन्धित नहीं किया जा सकता है.



### बच्चों के लिए एक हजार अरब डॉलर का आह्वान

कैलाश सत्यार्थी और दलाई लामा जैसी वैश्विक हस्तियों सहित 88 नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे बच्चों की सुरक्षा के लिए विभिन्न देशों की सरकारों से एक हजार अरब डॉलर की मदद का आह्वान किया है. इस राशि से संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य, जल, स्वच्छता और शिक्षा पर वांछित निवेश में 2 वर्षों के दौरान हुई वैश्विक कमी की भरपाई भी हो सकेगी. इस अनुदान से एक करोड़ से अधिक लोगों की जानें बचाई जा सकेंगी.

### भारत ने युगांडा में बनाया 'युद्ध खेल केंद्र'

भारत ने जिंजा (युगांडा) में "INDIA" नामक सैन्य युद्ध खेल केंद्र की स्थापना कर इसे युगांडा की पीपल्ज़ डिफेंस फोर्सेज़ को सौंप दिया है. भारतीय सैन्य दल ने 2,65,000 डॉलर से अधिक की लागत से इस अत्याधुनिक सैन्य प्रशिक्षण सुविधा का निर्माण किया है.




### चीनी कंपनियाँ होंगी अमेरिका से बाहर

कोरोना महामारी को लेकर अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी सीनेट ने 20 मई को सर्वसम्मति से 'होल्डिंग फॉरेन कंपनीज़ अकाउंटेबल एक्ट' नामक विधेयक पारित किया. इसके तहत कुछ चीनी कंपनियों को अमेरिकी स्टॉक एक्सचेंजों में अपने शेयर बेचने से रोका जा सकता है. इस एक्ट के तहत कंपनियों को यह प्रमाणित करने की आवश्यकता होगी कि उन पर किसी विदेशी सरकार का स्वामित्व या नियंत्रण नहीं हैं.

यद्यपि यह विधेयक सभी विदेशी कंपनियों पर लागू होगा लेकिन इसका मुख्य निशाना चीन है क्योंकि तथाकथित तौर पर चीनी कंपनियाँ अमेरिकी रिपोर्टिंग मानकों की अवहेलना कर अमेरिकी निवेशकों को लंबे समय से गुमराह करती आ रही हैं. इस कदम के परिणामस्वरूप अलीबाबा, हुआवेई और बैदू इंक जैसी कोई 800 चीनी कंपनियों को अमेरिकी शेयर बाजारों में प्रतिबंधित किया जा सकता है.

### चेचक उन्मूलन की 40वीं वर्षगांठ पर टिकट

संयुक्त राष्ट्र डाक प्रशासन (UNPA) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 8 मई को चेचक के उन्मूलन की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त रूप से एक विशेष डाक टिकट का अनावरण किया. इस टिकट को जारी करने का उद्देश्य चेचक उन्मूलन में एक साथ काम करने वाले वैश्विक नेताओं, अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, ग्रामीण और सामुदायिक डॉक्टरों सहित लाखों लोगों के प्रति सम्मान दर्शाना है. यह डाक टिकट दुनिया से मिटाई जाने वाली वाली पहली मानव बीमारी चेचक के खिलाफ हुई जंग में वैश्विक एकजुटता की प्रतीक है.

**ईरान ने बदली अपनी मुद्रा**

ईरान सरकार ने बेतहाशा बढ़ती मुद्रास्फीति को काबू करने के उद्देश्य से अपनी मुद्रा “रियाल” को बंद कर इसके स्थान पर “टोमन” शुरू करने के अपने निर्णय को क्रियान्वित करने के लिए देश के मौद्रिक और बैंकिंग अधिनियम में संशोधन किया है. इस संशोधित कानून के अनुसार "टोमन" के साथ साथ ईरान की मौजूदा मुद्रा रियाल भी दो साल तक वैध रहेगी. इस अरसे में पुराने सिक्कों और नोटों को निरस्त कर धीरे-धीरे नई मुद्रा लाई जाएगी.

# चर्चित चेहरे

## जुलाई

**नरेंद्र मोदी:** भारतीय प्रधानमंत्री 19 जुलाई को ट्विटर पर 6 करोड़ फॉलोअर्स को पार कर एक लोकप्रिय और शीर्ष नेता होने के साथ साथ दुनिया भर में तीसरे सबसे अधिक फॉलो किए जाने वाले राजनेता बन गए हैं. राजनेताओं में केवल ट्रम्प और ओबामा ही उनसे आगे हैं.

**प्रियंका चोपड़ा जोनास:** बॉलीवुड अभिनेत्री को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (TIFF) 2020 का राजदूत (एंबेसडर) चुना गया है.



**रोशनी नाडर मल्होत्रा:** भारत की सबसे अमीर महिला एक सूचीबद्ध भारतीय आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) कंपनी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बन गई हैं.उन्होंने अपने पिता और अरबपति उद्यमी शिव नाडर से 8.9 अरब डॉलर की कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन का पदभार संभाला था.

**ड्वेन ’द रॉक’ जॉनसन:** रेसलर से अमेरिकी अभिनेता बने जॉनसन, काइली जेनर को पीछे छोड़ते हुए इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाले सेलिब्रिटी बन गए हैं. सोशल मीडिया मार्केटिंग फर्म हॉपर मुख्यालय के अनुसार जेनर के फॉलोअर्स (183 करोड़) की तुलना में जॉनसन के फॉलोअर्स की संख्या189 करोड़ हैं. 48 वर्षीय स्टार को एक ब्रांडेड पोस्ट करने पर लगभग 10 लाख डॉलर मिलते हैं.

## जून

**मुकेश अंबानी:** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अपने नेट वर्थ में आये हालिया ज़बरदस्त उछाल के साथ दुनिया के शीर्ष 10 सर्वाधिक अमीर लोगों में शामिल हो गये हैं. फोर्ब्स रियल-टाइम बिलियनेयर सूची के अनुसार 64.6 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ वे विश्व के शीर्ष अरबपतियों की सूची में 9वें स्थान पर मौजूद हैं. उनका नेट वर्थ केवल दो महीनों के अंदर ही 5.3 अरब डॉलर से बढ़कर 64.6 अरब डॉलर (लगभग 12 गुना) हो गया है.



**अनमोल नारंग:** 23 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी सिख महिला ने वेस्ट प्वाइंट (न्यूयॉर्क) में स्थित प्रतिष्ठित अमेरिकी सैन्य अकादमी से पास आउट सिखधर्मी महिला बनकर इतिहास रच दिया है. वे लगभग 1,100 कैडेटों में शामिल थीं, जिन्होंने इस साल इस प्रतिष्ठित संस्थान से सेकेंड लेफ्टिनेंट के रैंक में पास आउट किया.

**एम नेत्रा:** मदुरै (तमिलनाडु) के एक सैलून मालिक की 13 वर्षीय बेटी को यूनाइटेड नेशंस एसोसिएशन फॉर डेवलपमेंट एंड पीस (UNADAP) की गुडविल एंबेसडर टू द पूअर नियुक्त किया गया है. UNADAP अब उन्हें न्यूयॉर्क और जिनेवा में आगामी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनों के नागरिक समुदाय मंचों को संबोधित करने का अवसर प्रदान करेगा.
नेत्रा के लिए धन कमाने का उद्देश्य इसे ज़रूरतमंदों की सेवा में उपयोग करना है. उसने ही कोरोनोवायरस के कारण हुए लॉकडाउन से प्रभावित हुए प्रवासी मज़दूरों की मदद के लिए अपने पिता को अपनी पढ़ाई के लिए बचाए हुए 5 लाख रुपये देने को प्रेरित किया था.

**विराट कोहली:** वर्ष 2020 के लिए दुनिया के 100 सर्वाधिक कमाऊ खिलाड़ियों की फोर्ब्स सूची में शामिल होने वाले एकमात्र भारतीय क्रिकेटर हैं. करीब 197 करोड़ रुपये (2. 6 करोड़ डॉलर) की अनुमानित कमाई के साथ वे इस सूची में 66वें स्थान पर मौजूद हैं. करीब 802 करोड़ रुपये (10.63 करोड़ डॉलर) की अनुमानित कमाई के साथ स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर सूची में शीर्ष पर हैं.

## मई



**डॉ. शोभना नरसिम्हन:** बेंगलुरु के जवाहरलाल नेहरू सेंटर फॉर एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च की प्रोफेसर, जो नैनो मैटेरियल के डिज़ाइन और गुणों पर अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए विख्यात हैं, को अमेरिकन एकेडमी ऑफ आर्ट्स एंड साइंस, कैम्ब्रिज (यूएसए) का अंतरराष्ट्रीय मानद सदस्य चुना गया है. अकादमी ऐसे विद्वानों और नेताओं को सम्मानित करती है जिन्होंने विज्ञान, कला, मानविकी और सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट कार्य किया है. यह सम्मान पाकर वे चार्ल्स डार्विन, अल्बर्ट आइंस्टीन और नेल्सन मंडेला जैसे लोगों की श्रेणी में शामिल हो गयी हैं.

**रॉबर्टो अज़ेवेदो:** जेनेवा स्थित विश्व व्यापार संगठन के महानिदेशक ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए अपना कार्यकाल समाप्त होने से एक साल पहले ही 31 अगस्त को इस्तीफा देने का फैसला किया है. ब्राजील के पूर्व राजनयिक रहे अज़ेवेदो 1 सितंबर 2013 को विश्व व्यापार संगठन के प्रमुख बने थे. चार साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद वे पुनः दूसरे चार वर्षीय कार्यकाल (31 अगस्त, 2021 तक) के लिए चुने गए थे .

# नयी नियुक्तियां

## जुलाई

**केके वेणुगोपाल:** मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति द्वारा 1 जुलाई से अतिरिक्त एक वर्ष के लिए भारत के अटॉर्नी जनरल नियुक्त किये गये हैं.

**तुषार मेहता:** एक जुलाई से तीन साल की अवधि के लिए भारत के सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किये गये हैं.

**पी प्रवीण सिद्धार्थ:** राष्ट्रपति सचिवालय में स्पेशल ड्यूटी पर तैनात अधिकारी (OSD) को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का नया निजी सचिव नियुक्त किया गया है.

**रुद्रेंद्र टंडन:** अफगानिस्तान में भारत के अगले राजदूत नियुक्त किये गए.

**विक्रम दुरईस्वामी**: बांग्लादेश में भारत के अगले राजदूत नियुक्त किये गए.

**डॉ. विधु पी. नायर:** तुर्कमेनिस्तान में भारत के अगले राजदूत नियुक्त किये गए हैं.

**अशोक लवासा:** बहुपक्षीय वित्त पोषण एजेंसी एशियाई विकास बैंक (ADB) ने भारत के चुनाव आयुक्त को निजी क्षेत्र के संचालन और सार्वजनिक-निजी साझेदारी के क्षेत्र से जुड़े कामकाज के लिए अपना उपाध्यक्ष नियुक्त किया है.

**राजकिरण राय:** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी का कार्यकाल दो साल के लिए (31 मई, 2022) बढ़ा दिया गया है.

**श्रीकांत माधव वैद्य:** देश की सर्वाधिक बड़ी और कमाऊ कंपनियों में शामिल इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) के नए अध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं.

**रविंदर भाकर:** केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किये गए हैं.

**इंद्र मणि पांडे:** वरिष्ठ राजनयिक को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के लिए भारत का अगला राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है. वे जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के 25 से अधिक महत्वपूर्ण संगठनों जैसे UNHRC, WHO, WTO, ILO और अन्य में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. ध्यान में रहे कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति हैं.

**जीन कास्टेक्स:** राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन द्वारा फ्रांस के नए प्रधानमंत्री नियुक्त किये गए हैं. इससे पहले देश के पूर्व प्रधानमंत्री एडवर्ड फिलिप ने पिछले दिन इस्तीफा दे दिया था

**ली सियन लूंग:** पुनः चौथी बार सिंगापुर के प्रधानमंत्री चुने गए हैं.

**आंद्रेज़ डूडा:** पांच साल के कार्यकाल के लिए पुनः पोलैंड के राष्ट्रपति चुने गए हैं.

**गुडनी जोहान्सन:** चार साल के कार्यकाल के लिए पुनः आइसलैंड के राष्ट्रपति चुने गए हैं.

**लाजर चकवेरा:** दक्षिण पूर्व अफ्रीका के छोटे से देश मलावी के नए राष्ट्रपति चुने गए हैं.

**माइकल मार्टिन:** आयरलैंड के नए प्रधानमंत्री चुने गए हैं.

## जून

**उर्जित पटेल:** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (NIPFP), नई दिल्ली के अध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं.

**उदय कोटक:** जाने-माने बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने वर्ष 2020-21 के लिए भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के अध्यक्ष का पदभार संभाला.

**सुश्री गायत्री आई. कुमार:** ब्रिटेन में भारत की अगली उच्चायुक्त नियुक्त की गयी हैं. सभी राष्ट्रमंडल देशों में भारत के राजदूतों को उच्चायुक्त कहा जाता है.

**कृष्णेंदु मजुमदार:** प्रसिद्ध टेलीविजन निर्माता यूरोप के ऑस्कर के तौर पर लोकप्रिय ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स (बाफ्टा) के नए अध्यक्ष बने हैं. भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक कृष्णेंदु बाफ्टा के 73 वर्ष लंबे इतिहास में इसके प्रमुख बनने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति हैं.

**वोल्कान बोजकिर:** तुर्की राजनयिक और राजनीतिज्ञ संयुक्त राष्ट्र महासभा के 75वें सत्र के अध्यक्ष चुने गए.

**रवीश कुमार:** फिनलैंड में भारत के अगले राजदूत (ऐम्बेसडर) नियुक्त किये गए हैं.

**विजय खंडूजा:** जिम्बाब्वे गणराज्य में भारत के अगले राजदूत नियुक्त किए गए हैं

**मोनिका कपिल मोहता:** स्विट्जरलैंड में भारत की अगली राजदूत नियुक्त की गयी हैं.

## मई

**तरुण बजाज:** 1988 बैच के आईएएस अधिकारी देश के आर्थिक मामलों के सचिव नियुक्त किये गए हैं.

**गोविंदा राजुलु चिंटला:** नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (NABARD) के अध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं.

**डॉ. हर्षवर्धन:** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के 34-सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला.

**वी. विद्यावती:** वरिष्ठ IAS अधिकारी को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (नई दिल्ली) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है.

**मनोज आहूजा:** ओडिशा कैडर के IAS अधिकारी को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है.

**थिएरी डेलापोर्ट:** आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी *विप्रो* के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) और प्रबंध निदेशक नियुक्त किये गए हैं.

**अधीर रंजन चौधरी:** लोकसभा में कांग्रेस दाल के नेता को फिर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसदीय लोक लेखा समिति (PAC) का अध्यक्ष नियुक्त किया है.

संसदीय लोक लेखा समिति में अधिकतम 22 सांसद होते हैं, जिनमें से 15 सदस्य लोकसभा और 7 सदस्य राजयसभा से संबंधित होते हैं. इसका मुख्य कार्यकलाप मुख्य नियंत्रक एंड महालेखाकार द्वारा लोकसभा को दी गई सरकार के खर्चे से संबंधित रिपोर्ट का विश्लेषण कर इस खर्चे पर नियंत्रण रखना है.

**मार्कोस ट्रायजो:** ब्राजील के पूर्व मंत्री को न्यू डेवलपमेंट बैंक (शंघाई) के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया है. वे निजी क्षेत्र के अनुभवी बैंकर के. वी. कामथ की जगह लेंगे.

**बेंजामिन नेतन्याहू:** रिकॉर्ड पांचवीं राष्ट्रीय चुनाव जीतकर इज़रायल के प्रधानमंत्री बन गए हैं.

**मुस्तफा अल-कदीमी:** इराकी संसद द्वारा देश के नए प्रधानमंत्री चुने गए

# पुरस्कार एवं सम्मान

## जुलाई

**प्रो. पी. सी. महालनोबिस पुरस्कार:** राष्ट्रीय आय के आकलन से संबंधित समस्याओं के समाधान देने में उनके योगदान और आजीवन उपलब्धियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन को यह पुरस्कार दिया गया है. इस पुरस्कार की शुरूआत सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा इसी वर्ष यानि 2020 में की गई है, जिसे प्रतिवर्ष आधिकारिक सांख्यिकी के विकास और संवर्धन के लिए किसी भी व्यक्ति द्वारा किए उत्कृष्ट और सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा.

**वाटर हीरोज अवार्ड:** दक्षिण मध्य रेलवे के ओंगोल उप-मंडल कार्यालय ने जल शक्ति मंत्रालय (भारत सरकार) से सामान्य रूप से पानी के महत्व को बढ़ावा देने एवं जल संरक्षण और जल संसाधनों के सतत विकास पर प्रयासों का समर्थन करने के लिए यह पुरस्कार प्राप्त किया है.

**2020 ग्रेट इमिग्रेंट्स:** COVID-19 स्वास्थ्य संकट को कम करने के प्रयासों में योगदान देने वाले भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिकों सिद्धार्थ मुखर्जी और राज चेट्टी को न्यूयॉर्क की कार्नेगी कॉरपोरेशन द्वारा नामित 38 अप्रवासियों की सूची में शामिल किया गया है.

**ग्लोबल ह्यूमेनिटेरियन अवार्ड 2020:** प्रेरणादायक सामाजिक कार्यकर्ता सचिन अवस्थी (उत्तरप्रदेश) दुनिया भर से चुने गए उन 100 पुरस्कृत लोगों में से एक हैं जिन्हें स्वच्छ भारत अभियान को आगे बढ़ाने के लिए कई गतिविधियों के आयोजन में सक्रिय रहने हेतु इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. यह पुरस्कार लंदन स्थित सामाजिक कार्य एनजीओ - वर्ल्ड ह्यूमैनिटेरियन ड्राइव द्वारा प्रदान किया गया है. जिनका उद्देश्य समाज और दुनिया की बेहतरी में योगदान दे रहे लोकप्रिय पुरुषों और महिलाओं को सम्मानित करना है.

**CII-ITC सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2019:** महारत्न एनर्जी कॉरपोरेट NTPC लिमिटेड को कॉरपोरेट एक्सीलेंस श्रेणी में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. इसने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) श्रेणी में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रशस्ति भी हासिल की है.

**वॉन कर्मन पुरस्कार 2020:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष कैलासवादिवु सिवन को इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ एस्ट्रोनॉटिक्स (IAA) द्वारा इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया है. इस पुरस्कार को IAA के सर्वोच्च सम्मान के रूप में जाना जाता है.

**IOC मुख्यालय को USGBC लीडरशिप अवार्ड**
लॉज़ेन (स्विट्जरलैंड) में स्थित अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के नए मुख्यालय को यूरोपीय 2020 यूएस ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (USGBC) लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है. सर्वाधिक असाध्य LEED प्लेटिनम प्रमाण से सम्मानित ओलंपिक हाउस दुनिया की सबसे मज़बूत इमारतों में शामिल है. LEED का मतलब है- लीडरशिप इन एनर्जी एंड एनवायर्नमेंटल डिज़ाइन्स और यह दुनिया में सबसे ज़्यादा इस्तेमाल होने वाला ग्रीन बिल्डिंग रेटिंग सिस्टम है.

**2020 नेल्सन मंडेला पुरस्कार:** गिनी की डॉक्टर मोरिसाना कॉयेट और ग्रीस की मारियाना वर्दिनॉयनिस को यह पुरस्कार दिया गया. कॉयेट अफ्रीका में महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के प्रयासों में अग्रणी हस्ती हैं और मारियाना पिछले 30 वर्षों से बच्चों को होने वाले कैंसर के खिलाफ जंग में अग्रणी रही हैं. संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित यह पुरस्कार हर पांच साल में एक बार उन लोगों को सम्मानित करने हेतु दिया जाता है जो मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित करते हैं.

**डायना पुरस्कार 2020:** ब्रिटिश स्कूल (नई दिल्ली) की13 वर्षीय छात्रा फ्रीया ठकराल ने अपने "रिसाइक्लर ऐप" के लिए यह पुरस्कार जीता. उन्होंने दिल्ली के कूड़ा कर्कट उठाने वालों की मदद के लिए उपयोगकर्ताओं को कचरा संभालने वालों से जोड़ने के लिए यह ऐप विकसित की है. वेल्स की राजकुमारी लेडी डायना की स्मृति में स्थापित यह पुरस्कार दुनिया भर के युवाओं (9-25 वर्ष की आयु) को उनके सामाजिक कार्यों और मानवीय प्रयासों के लिये दिया जाता है.

**गुलबेनकियन मानवता पुरस्कार:** स्वीडन की 17 वर्षीय पर्यावरण योद्धा (क्लाइमेट एक्टिविस्ट) ग्रेटा थनबर्ग को दस लाख यूरो की पुरस्कार राशि वाले इस पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गई है. इस पुरस्कार का उद्देश्य पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों या संगठनों को सम्मानित करने हेतु दिया जाता है.

## जून

**शांति पुरस्कार 2020:** जर्मन बुक ट्रेड ने भारतीय नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री और दार्शनिक अमर्त्य सेन को वैश्विक न्याय, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में सामाजिक असमानता के मुद्दों पर उनके अग्रणी काम हेतु इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना है.

**मैडल ऑफ द आर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया:** भारतीय संगीतकार और ऑस्ट्रेलिया में कलाकृति संगीत संगठन की संस्थापक शोभा शेखर को समुदाय और देश के प्रति उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया गया.

**विश्व खाद्य पुरस्कार 2020:** प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी मृदा वैज्ञानिक रतन लाल को दिया गया है. उन्हें यह पुरस्कार प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने वाले खाद्य उत्पादन को बढ़ाने हेतु मृदा-केंद्रित दृष्टिकोण विकसित करने के लिए मिला है. विश्व खाद्य पुरस्कार फाउंडेशन, डेस मोइनेस (संयुक्त राज्य अमेरिका) द्वारा दिए जाने वाले इस पुरस्कार में 2,50,000 अमेरिकी डॉलर की नकद धनराशि प्रदान की जाती है.

**EY वर्ल्ड एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2020:** बायोकॉन लिमिटेड की कार्यकारी अध्यक्ष किरण मजूमदार शॉ ने 41 देशों के 46 क्षेत्रीय उद्यमियों को हराकर यह पुरस्कार जीता. वे पुरस्कार के 20 साल के इतिहास में यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय महिला उद्यमी और तीसरी भारतीय हैं.

**रिचर्ड डॉकिंस अवार्ड:** दिग्गज लेखक-गीतकार जावेद अख़्तर धार्मिक हठधर्मिता पर सवाल खड़े करने, आलोचनात्मक चिंतन, मानव प्रगति और मानवतावादी मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए यह पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं. यह पुरस्कार विश्व प्रसिद्ध ब्रिटिश विकासवादी जीवविज्ञानी और बहुचर्चित लेखक रिचर्ड डॉकिंस के नाम पर दिया जाता है.

## मई

**निक्केई एशिया पुरस्कार 2020:** IIT मद्रास के अध्यापक प्रो. टी. प्रदीप को नैनो-प्रौद्योगिकी आधारित जल शोधन में उनके अग्रणी कार्य के सम्मान में 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी' श्रेणी में इस पुरस्कार के लिए चुना गया है. इस पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने इस क्षेत्र के सतत विकास और एशिया में बेहतर भविष्य के सृजन के काम में योगदान दिया है. यह पुरस्कार प्रति वर्ष जापान के सबसे बड़े मीडिया समूह निक्केई द्वारा तीन श्रेणियों - आर्थिक और व्यावसायिक नवाचार, "विज्ञान और प्रौद्योगिकी" और "संस्कृति और समुदाय" में प्रदान किया जाता है.

**'ऑर्डर ऑफ राइजिंग सन (जापान):** मणिपुर के एलोपैथिक डॉक्टर थंगजाम धाली सिंह को जापान सरकार द्वारा भारत में जापान की बेहतर समझ को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच संबंधों को बेहतर करने के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.



**मेजर सुमन गवानी:** भारतीय सेना के अधिकारी (जिन्होंने 2019 में दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के साथ एक महिला शांतिदूत के रूप में सेवा की) को प्रतिष्ठित UN मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया.

**डॉयश वेल फ्रीडम ऑफ़ स्पीच अवार्ड:** डिजिटल न्यूज़ प्लेटफॉर्म "द वायर" के संस्थापक भारतीय पत्रकार सिद्धार्थ वरदराजन इस अवार्ड के लिए 14 देशों से चुने गए 17 प्राप्तकर्ताओं में शामिल हैं, जिन्हें "मानवाधिकारों और संचार माध्यमों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति उनकी उत्कृष्ट प्रतिबद्धता" के लिए चुना गया है.

**पुलित्ज़र फ़ोटोग्राफ़ी पुरस्कार 2020:** जम्मू-कश्मीर के तीन फोटो जर्नलिस्ट मुख़्तार ख़ान, यासीन डार और चन्नी आनंद को पिछले साल अगस्त में अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद इस क्षेत्र में हुए बंद के दौरान ली गई उनकी तस्वीरों के लिए इस प्रतिष्ठित अमेरिकी पुरस्कार से नवाज़ा गया है. ये सभी पत्रकार एसोसिएटेड प्रेस (एपी) में कार्यरत हैं.

**मार्कस वॉलबर्ग पुरस्कार:** ऑस्ट्रेलिया के जोसेफ जे लैंड्सबर्ग और निकोलस सी. कॉप्स और संयुक्त राज्य अमेरिका के रिचर्ड एच वार्निंग को बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों में वनों के विकास की भविष्यवाणी करने हेतु एक मॉडल विकसित करने के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया. सैटेलाइट छवियों की मदद से इस मॉडल को बृहत्तर बनाकर विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों के जंगलों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों को दर्शाया जा सकता है. स्वीडन की मार्कस वॉलनबर्ग फाउंडेशन द्वारा दिए जाने वाली इस पुरस्कार में बीस लाख क्रोनर की इनामी राशि शामिल है.

# चर्चित पुस्तकें

## जुलाई

The Endgame - एस हुसैन जैदी

Future of Higher Education – Nine Mega Trends CA वी पट्टाभि राम

Overdraft: Saving the Indian Saver - उर्जित पटेल, (RBI के पूर्व गवर्नर)

If It Bleeds - स्टीफन किंग

Getting Competitive: A Practitioner's Guide for India - आर सी भार्गव, (अध्यक्ष, मारुति सुजुकी लिमिटेड)

The Shadows - एलेक्स नार्थ

Girl, Serpent, Thorn - मेलिसा बशारदोस्त

One to Watch - केट स्टेमैन

The Beauty in Breaking - मिशेल हार्पर

USE GYANM10 COUPON CODE FOR 10% DISCOUNT ON ONLINE COURSES

Gyanम्
PPSC I PCS
GENERAL STUDIES (GS)
(RECORDED BATCH)
COURSE PRICE RS. 20000 RS. 15000
JOIN NOW I CALL @ 9117-343434

Gyanम्
9117-343434
LIVE COMBO BATCH
JOIN TODAY TO CLEAR EXAM
BANKING + SSC + GOVT JOBS
JOIN NOW

#crackmns
Gyanम्
MNS 2020
(Military Nursing Service)
CRASH COURSE
With 24*7 Faculty Support
JOIN NOW @ 3999/- ONLY
99146-33222

#crackpcs
Gyanम्
PPSC
CSAT 2020
RECORDED COURSE
By Expert Faculties in the Region
BUY NOW
99146-33222

#crackmns
Gyanम्
MNS 2020
(Military Nursing Service)
25
MOCK TESTS SERIES
By Expert Faculties in the Region
BUY NOW 9646-888-354

#crackmns
Gyanम्
MNS 2020
(Military Nursing Service)
RECORDED COURSE
By Expert Faculties in the Region
BUY NOW
9117-343434

ਸੁਨਹਿਰਾ ਮੌਕਾ
Gyanम्
PPSC
HEADMASTER
RECORDED COURSE
ਮਾਂ ਬੋਲੀ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ
JOIN NOW
9117-343434

#CRACKIBPS
Gyanम्
JOIN TODAY
LIVE BATCH
IBPS 2020
Be Ready to Become a Bank Officer
JOIN NOW
9117-343434

ਸੁਨਹਿਰਾ ਮੌਕਾ
Gyanम्
Punjab Patwari
ਮਾਂ ਬੋਲੀ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿੱਚ
Recorded Course
24*7 Faculty Support
JOIN NOW

DOWNLOAD THE GYANM APP TODAY !
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
ONLINE COURSES | FREE DAILY CURRENT AFFAIRS | FREE STUDY MATERIAL

## जून

A Burning - मेघा मजूमदार
Burn - पैट्रिक नेस
The Guest List - लुसी फोले
Mexican Gothic - सिल्विया मोरनो-गार्सिआ
The Vanishing Half - ब्रिटनी बेनेट
Jo and Laurie- मार्गरेट स्टोल स्टोहल और मेलिस्सा डी ला क्रूज़
Parakeet - मैरी-हेलेन बर्टिनो

## मई

Big Summer - जेनिफर वेनर
All Adults Here - एमा स्ट्राब
Beach Read - एमिली हेनरी
The Ballad of Songbirds and Snakes - सुजान कोलिन्स
The Ickabog - जे के राउलिंग (हैरी पॉटर फेम)
Shuttling to the Top: The Story of P.V. Sindhu - पी.वी. वी. कृष्णस्वामी (प्रसिद्ध खेल पत्रकार)
Wuhan Diary: Dispatches from a Quarantined City" -फेंग फांग (प्रसिद्ध चीनी लेखक)
Midnight in Chernobyl: The Untold Story of the World's Greatest Nuclear Disaster - एडम हिगिनबॉटम

# श्रद्धांजलि

## जुलाई

**लालजी टंडन:** मध्य प्रदेश के राज्यपाल, उत्तर प्रदेश में भाजपा के दिग्गज व्यक्ति का स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के कारण 85 वर्ष की उम्र में लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया. उन्होंने 2018 में बिहार के राज्यपाल के रूप में भी कार्य किया. उनकी अनुपस्थिति में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को मध्य प्रदेश का अतिरिक्त प्रभार दिया गया.

**प्रो. सी. एस. शेषाद्री:** स्वतंत्रता के बाद के युग के प्रख्यात भारतीय गणितज्ञ का 88 वर्ष की आयु में चेन्नई में निधन हो गया. उन्हें बीजगणितीय ज्यामिति और गणितीय शिक्षा में उनके योगदान के लिए याद किया जायेगा. शेषाद्री स्थिरांक (बीजगणितीय ज्यामिति में) उनके नाम पर रखा गया है. उन्हें 1972 में देश के सर्वाधिक प्रतिष्ठित विज्ञान पुरस्कार (शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार) और 2009 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था. उन्हें 1988 में रॉयल सोसाइटी ऑफ लंदन का साथी और 2010 में यूएस नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज का एक विदेशी सहयोगी चुना गया था.

**सरोज ख़ान:** जानी मानी कोरियोग्राफर, जिनके सुप्रसिद्ध नृत्य संयोजन से सजे गीतों ने देखने वालों के दिल की 'धक-धक' हर बार तेज़ कर दी थी, का 3 जुलाई को 71 साल की उम्र में हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया. हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में 'मास्टरजी' कही जाने वाली सरोज पहली महिला कोरियोग्राफर थीं, जिन्होनें तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार जीता. उनके द्वारा संयोजित नृत्य करती हुई फ़िल्मी नायिकाओं को देखकर दर्शकों को अद्भुत मादकता का अनुभव होता था. अपने चार दशकों के करियर में उन्होंने 2,000 से अधिक गीतों का नृत्य संयोजन किया, जिनमें 'एक दो तीन' ('तेज़ाब'), 'धक धक करने लगा' ('बेटा'), 'काटे नहीं कटते और 'हवा हवाई ('मिस्टर इंडिया'), 'चोली के पीछे ' ('खलनायक') और कई अन्य लोकप्रिय गीत शामिल हैं.

**आचार्य श्री पुरुषोत्तमप्रियदासजी स्वामीश्री महाराज:** स्वामीनारायण संस्था के प्रमुख और मणिनगर श्री स्वामीनारायण गादी संस्थान (अहमदाबाद) के 78 वर्षीय आध्यात्मिक गुरु जिन्हें पी पी स्वामी के नाम से जाना जाता है, का COVID-19 के कारण निधन हो गया.

**जगदीप:** ब्लॉकबस्टर फिल्म "शोले" में "सूरमा भोपाली" के रूप में अपनी भूमिका के लिए लोकप्रिय दिग्गज हास्य अभिनेता का 81 वर्ष की उम्र में मुंबई में निधन हो गया. उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था. उन्होंने 400 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया. IIFA-2019 में उन्हें "भारतीय सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान" के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

**एन्नियो मोरिकोन:** 91 वर्षीय ऑस्कर विजेता इतालवी फिल्म संगीतकार का रोम में निधन हो गया. उन्होंने "The Good, the Bad and the Ugly" फिल्म में संगीत दिया था. इस साउंड ट्रैक को इतिहास के सबसे प्रभावशाली साउंड ट्रैक में से एक माना जाता है. इतालवी संगीतज्ञ मोरीकेन ने 50 वर्षों में फिल्मों और टेलीविज़न के लिए कम से कम 500 गानों की संगीत रचना की, जो पाश्चात्य सिनेमा में एक रिकॉर्ड है.

## जून

**सुशांत सिंह राजपूत:** नवोदित अभिनेता ने कथित तौर पर 14 जून को बांद्रा (मुंबई) स्थित अपने आवास पर आत्महत्या कर ली. वे मात्र 34 वर्ष के थे. उन्होंने 2014 में फिल्म काई पो चे के साथ अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत की थी और बाद में पीके, केदारनाथ, शुद्ध देसी रोमांस और एमएस धोनी: द अनटोल्ड जर्नी जैसी फिल्मों में अभिनय किया. उनकी अभिनय यात्रा की शुरुआत हुई थी.

**बासु चटर्जी**: छोटी सी बात, रजनीगंधा, बातों बातों में, एक रुका हुआ फैसला, चमेली की शादी और ऐसी अन्य कई फिल्मों के निर्देशन के लिए विख्यात 93 वर्षीय फिल्मकार-पटकथा लेखक का आयु संबंधी बीमारियों के कारण 4 जून को मुंबई में निधन हो गया. ऋषिकेश मुखर्जी और बासु भट्टाचार्य जैसे फिल्मकारों के साथ साथ वे आम आदमी की ज़िंदगी से जुड़े मध्यमार्गीय सिनेमा के मज़बूत स्तंभ थे. उनकी फिल्मों के केंद्र में मुख्य तौर पर मध्यम वर्ग और शहरी पृष्ठभूमि रही.

**वाजिद खान:** प्रख्यात तबला वादक उस्ताद शराफत अली खान के बेटे और संगीत की दुनिया की विख्यात जोड़ी साजिद-वाजिद के बॉलीवुड संगीतकार का 1 जून को 42 वर्ष की आयु में मुंबई में निधन हो गया. वे किडनी की समस्या से पीड़ित थे. उन्हें सलमान खान की कई फिल्मों के लिए संगीत देने का श्रेय दिया जाता है, जिनमें 'प्यार किया तो डरना क्या', 'वांटेड', 'तेरे नाम', 'पार्टनर', 'हैलो ब्रदर', 'एक था टाइगर', 'दबंग' और दबंग 2 शामिल हैं.

**विश्व बंधु गुप्ता:** वयोवृद्ध पत्रकार और पूर्व संसद सदस्य का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया. प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के संस्थापक सदस्य रहे गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और तेज प्रकाशन समूह के प्रमुख भी थे. वे अखिल भारतीय समाचार पत्र संपादक सम्मेलन के अध्यक्ष भी रहे.

**राजिंदर गोयल:** हरियाणा के पूर्व लेफ्ट आर्म स्पिनर का निधन हो गया. उन्होंने हरियाणा की तरफ से खेलते हुए प्रथम श्रेणी के 157 मैचों में 750 विकेट लिये थे. उन्होंने रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सर्वाधिक विकेट (637 विकेट) लेने का रिकॉर्ड भी बनाया था.

**वेद मरवाह:** 87 वर्षीय वरिष्ठ पूर्व आईपीएस अधिकारी और पूर्व राज्यपाल का आयु संबंधी समस्याओं के कारण गोवा में निधन हो गया. वे 1985 से -1988 तक दिल्ली के पुलिस कमिश्नर रहे. 1988 से 1990 तक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के महानिदेशक के रूप में भी कार्य करने के साथ साथ उन्होंने मणिपुर (1999- 2003), मिज़ोरम (2000-01) और झारखंड (2003-04) के गवर्नर के रूप में भी काम किया था.

**वेरा लिन:** ब्रिटिश गायिका (जिनके भावुक गीतों ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मित्र देशों के सैनिकों का उत्साहवर्धन किया था) का 103 वर्ष की आयु में निधन हो गया. 1939 में युद्ध की शुरुआत में रिलीज़ हुए उनके प्रसिद्ध गीत "वी विल मीट अगेन" और 1942 में रिलीज़ हुए "द व्हाइट क्लिफ्स ऑफ डोवर" ने देशभक्तिपूर्ण, साहसी और आत्मविश्वास से लबरेज़ ब्रिटेन की छवि गढ़ने में मदद की. ये गीत आज भी ब्रिटेन के लोगों दिल के तार झंकृत करते है. वे अमेरिकी संगीत चार्ट में नंबर एक बनने वाली पहली अंग्रेज़ी गायिका भी थीं.

## मई

**बलबीर सिंह (दोसांझ) सीनियर:** दिग्गज हॉकी खिलाड़ी, जो 1948 में लंदन, 1952 में हेलसिंकी और 1956 में मेलबर्न में हुए ओलंपिक खेलों में भारत की स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के सदस्य थे, का मोहाली (पंजाब) में निधन हो गया. वे पिछले कुछ अरसे से बीमार थे. 96 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा आधुनिक ओलंपिक इतिहास से चुने गए 16 दिग्गजों में शामिल अकेले भारतीय थे. ओलंपिक खेलों के पुरुष हॉकी फाइनल मैच में किसी खिलाड़ी द्वारा दाग़े गए अधिकतम गोलों का उनका विश्व रिकॉर्ड अभी भी नाबाद है.

**अजीत (प्रमोद कुमार) जोगी:** नवंबर 2000 से नवंबर 2003 तक नवगठित राज्य छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री रहे पूर्व आईएएस अधिकारी का *दो बार* दिल का दौरा (कार्डियक अरेस्ट) पड़ने के बाद 29 मई को निधन हो गया. वे 1986 से 2016 तक कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता रहे थे.

**चुन्नी गोस्वामी:** 1962 में आयोजित जकार्ता एशियाड के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान रहे महान फुटबॉलर का लंबी बीमारी के बाद कोलकाता में निधन हो गया. वे 82 वर्ष के थे. उन्हें खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए अर्जुन, पद्मश्री और कई अन्य प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था.

**रोब गिब्स:** दिग्गज निर्देशक, कथा शिल्पी और लेखक, जिन्होंने टॉय स्टोरी 2, फाइंडिंग नेमो, इनसाइड आउट, ऑनवर्ड, मॉन्स्टर्स, इंक और इंक्रेडिबल 2 जैसी फिल्मों पर काम किया था, का 55 वर्ष की आयु में निधन होने से मनोरंजन उद्योग को एक और बड़ा झटका लगा. उन्होंने 20 वर्षों तक अमेरिका में कैलिफोर्निया के पिक्सर एनिमेशन स्टूडियो में काम किया.

# चर्चित स्थान

## जुलाई

**हापाकांत:** म्यांमार के उत्तरी काचिन प्रांत में जेड की एक खदान में हुए भारी भूस्खलन के कारण कम से कम 162 लोग मारे गए. भारी बारिश के कारण मिट्टी और चट्टान की एक अत्यंत शक्तिशाली लहर ने पत्थर इकट्ठा करने वालों को चारों तरफ से घेर लिया, जिससे उनके बच निकलने की गुंजाइश खत्म हो गई. काचिन का चट्टानी और दूरस्थ क्षेत्र हापाकांत दुनिया के सबसे बड़े और आकर्षक जेड खनन उद्योग का केंद्र है. जेड एक लोकप्रिय कीमती पत्थर होता है, जो विशेष रूप से अपने हरे रंग के लिए प्रसिद्ध है.

## जून

**बागजान ऑयल फील्ड:** 8 जून को असम के तिनसुकिया ज़िले में स्थित एक प्राकृतिक गैस के तेल के कुएं में भीषण आग लग गई. बागजान तेल क्षेत्र का यह तेल का कुआँ ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) के स्वामित्व में है. कथित तौर पर तेल के कुएं में 27 मई को हुए एक विस्फोट के बाद हुए नुकसान के कारण पिछले 14 दिनों से इसमें से गैस का रिसाव हो रहा था. प्राकृतिक गैस का उत्पादन करने वाले इस कुएँ के आसपास 1.5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लगभग 6,000 लोगों को वहां से सुरक्षित निकाल कर राहत शिविरों में पहुंचाया गया.

**निसर्ग**: 3 जून को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में आये भयंकर चक्रवाती तूफान ने मुंबई से लगभग 95 किमी दक्षिण में खूबसूरत ऐतिहासिक तटीय पर्यटन केंद्र अलीबाग में भारी बारिश और तेज़ हवाओं के साथ व्यापक तबाही मचाई. महाराष्ट्र के तटीय रत्नागिरी और रायगढ़ जिलों को तेज़ हवाओं, भारी बारिश और 6 से 8 फीट तक ऊंची समुद्री लहरों का भारी प्रकोप सहना पड़ा.



## मई

**सुपर साइक्लोन अम्फान:** 20 मई को पश्चिम बंगाल के आधा दर्जन जिलों में से भीषणतम चक्रवाती तूफान के गुज़रने के कारण हज़ारों घर तबाह हो गए, निचले इलाकों में पानी भर गया और लाखों लोग बेघर हो गए. यह साइक्लोन पिछले लगभग दो दशकों में आया सबसे भयंकर मजबूत है, जिसने 85 से अधिक लोगों की जान ले ली. इसका प्रभाव उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना ज़िलों में फैले विश्व प्रसिद्ध सुंदरबन डेल्टा के लगभग 40 लाख निवासियों के लिए ख़ास तौर पर अत्यंत विनाशकारी रहा. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार चक्रवात के कारण राज्य के लगभग 1.5 करोड़ लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं और 10 लाख से अधिक मकान नष्ट हो गए हैं.

**बेंगलुरु:** यहां के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को भारत और मध्य एशिया में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय हवाई अड्डे का इस साल का स्काईट्रैक्स (SKYTRAX) पुरस्कार दिया गया है. विश्व हवाई अड्डा पुरस्कार 2020 में ग्राहकों ने इस हवाई अड्डे को चार वर्षों में तीसरी बार सर्वश्रेष्ठ का खिताब दिया है.

**औरंगाबाद:** महाराष्ट्र के इस ज़िले में 8 मई की तड़के रेलवे ट्रैक पर सो रहे सोलह प्रवासी मजदूरों के ऊपर से खाली मालगाड़ी गुजरने से बड़ा हादसा हो गया. जालना में काम करने वाले ये सभी श्रमिक मध्यप्रदेश लौटने के लिए "श्रमिक स्पेशल" ट्रेन में सवार होने के लिए भुसावल की ओर जा रहे थे, लेकिन थकान के कारण ये लोग पटरी पर ही सो गए थे. यह दुर्घटना नंदना डिवीज़न के बदनापुर और करमद स्टेशनों के बीच हुई.

**विशाखापत्तनम:** 7 मई को तटीय शहर विशाखापत्तनम के बाहरी इलाक़े में स्थित एलजी पॉलिमर्ज़ के कारखाने से रासायनिक गैस के रिसाव के कारण 11 लोगों की मौत हो गई. इस जहरीले पदार्थ से प्रभावित 350 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्थानीय प्रशासन ने लगभग 3,000 लोगों को सुरक्षित निकाल कर विशेष टीमों की मदद से क्षेत्र को सुरक्षित किया. स्टाइरीन नामक इस गैस को विनाईल बेंज़ीन भी कहा जाता है, जिसका उपयोग पॉलीस्टरीन प्लास्टिक, फाइबर ग्लास, रबर और लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है.

**टैगोर स्ट्रीट, तेल अवीव:** 8 मई को भारतीय कवि रवींद्रनाथ टैगोर की 159वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में उन्हें श्रद्धांजलि के तौर पर इज़राइल में तेल अवीव की एक सड़क का नामकरण टैगोर स्ट्रीट करने का फैसला लिया गया. तेल अवीव भारत में मुंबई की तरह ही इज़रायल का सबसे बड़ा और सबसे जीवंत शहर है.

**कराची:** 22 मई को कराची के जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास घनी आबादी वाले रिहायशी इलाक़े में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (PIA) का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. इस दुर्घटना में कम से कम 97 लोगों की मौत हो गई. विमान संख्या पीके-8303 लाहौर से कराची आ रहा था और ज़मीन पर उतरने से महज़ एक मिनट पहले ही मालिर में मॉडल कालोनी के निकट जिन्ना गार्डन में दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

# खेल जगत

## जुलाई

**चेन्नई के जी आकाश** भारत के 66वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बन गए हैं. अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) ने परिषद की बैठक में जीएम ख़िताब की पुष्टि की. वर्तमान में शतरंज में सब से कम उम्र (16 वर्ष और 14 दिन) में राष्ट्रीय चैंपियन बनने का रिकॉर्ड भी उनके नाम है.

**लेफ्टिनेंट कर्नल भारत पन्नू:** भारतीय सेना के अधिकारी ने वर्चुअल रेस एक्रॉस अमेरिका (VRAAM) 2020 के पहले संस्करण में लीडरबोर्ड पर तीसरा स्थान हासिल किया. वे अंतर्राष्ट्रीय अल्ट्रा-साइकिल रेस में विजेता मंच पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए हैं. साइकिलिंग के गलियारों में RAAM को सबसे कठिन दौड़ों में गिना जाता है.

**नाडा की जानकारी के लिए ऐप लॉन्च**

खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी का "नाडा ऐप" नामक पहला मोबाइल ऐप लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य नाडा और एथलीटों के बीच की खाई को पाटने के लिए खेल के विभिन्न पहलुओं, नशाबंदी और डोप टेस्ट के बारे में जानकारी देना है. आशा की जा रही है कि NADA ऐप डोपिंग-रोधी और दवा संबंधी सभी जानकारी के लिए खिलाड़ियों के लिए एकल खिड़की के रूप में काम करेगी.

### अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत

**मर्सिडीज रेसर वाल्टेरी बोटास (फिनलैंड)** ने ऑस्ट्रिया के स्पीलबर्ग में रेड बुल रिंग ट्रैक पर संपन्न हुई फॉर्मूला वन ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स का खिताब जीत लिया है. यह 2020 फॉर्मूला वन सीज़न की पहली दौड़ थी.

**लुईस हैमिल्टन** ने हंगरी के मोगोरोड, हंगरिंग में फॉर्मूला -1 हंगरी ग्रां प्री 2020 जीता.

**लुईस हैमिल्टन (ब्रिटेन):** टीम मर्सिडीज के रेसर ने 12 जुलाई को स्टाइलिश ग्रां प्री जीता और करियर की 85वीं जीत हासिल की.

**लिन डैन:** दो बार ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट (2008 और 2012) रहे स्टार चीनी बैडमिंटन खिलाड़ी और पूर्व विश्व नंबर बैडमिंटन खिलाड़ी ने अपने 20 साल के शानदार करियर पर विराम लगाते हुए खेल जगत से संन्यास लेने की घोषणा की.

## जून

**खेलो इंडिया सेंटर**

सरकार ने देश भर में ज़िला स्तर पर 1000 खेलो इंडिया सेंटर (KIC) स्थापित करने का निर्णय लिया है. इन केंद्रों को या तो पूर्व चैंपियन चलाएंगे या फिर वे कोच की भूमिका निभाएंगे. इस कदम का उद्देश्य पूर्व खेल चैंपियनों की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर खिलाड़ियों को ज़मीनी स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ साथ खेल पारिस्थितिकी तंत्र में उनके लिए आय का सतत स्रोत मुहैया कराना भी है.

**महिला एशियन कप की मेज़बानी करेगा भारत**

एशियाई फुटबॉल परिसंघ (AFC) ने 2022 में होने वाले एएफसी महिला एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट की मेज़बानी भारत को सौंपी है. AFC फीफा के छह महाद्वीपीय संघों में से एक है और एशिया और ऑस्ट्रेलिया में एसोसिएशन फुटबॉल का शासी निकाय है जबकि इसका मुख्यालय कुआलालंपुर (मलेशिया) में है.

## अंतरराष्ट्रीय खेल जगत

**चौथे एशियन यूथ पैरा गेम्स**

एशियाई पैरालंपिक समिति (APC) की ताज़ा घोषणा के अनुसार चौथे एशियाई युवा पैरा गेम्स दिसंबर 2021 में बहरीन (फारस की खाड़ी में स्थित छोटे से द्वीपीय देश) में आयोजित किए जाएंगे. इन खेलों में 20 साल से कम उम्र के लगभग 800 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है. APC का मुख्यालय अबू धाबी (संयुक्त अरब अमीरात) में स्थित है.

**इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान क्लेयर कॉनर** मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के 233 साल के इतिहास में पहली महिला अध्यक्ष बनेंगी.

**ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड में होगा महिला विश्व कप 2023**

फीफा ने महिला विश्व कप 2023 की मेज़बानी के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के नामों की घोषणा की है. पुरूष विश्व कप की तरह ही फीफा महिला विश्व कप भी हर चार साल बाद होता है. 2019 में फ्रांस में हुआ पिछला महिला विश्व कप शानदार आयोजन रहा था.

**गेंद चमकाने के लिए लार पर प्रतिबंध**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने खिलाडियों द्वारा गेंद को चमकाने के लिए लार का इस्तेमाल किये जाने पर अंतरिम प्रतिबंध लगा दिया है. इसके अलावा टेस्ट मैचों के दौरान यदि किसी खिलाड़ी में कोरोना वायरस संक्रमण के लक्षण पाए जाते हैं तो टीमों के पास उसकी जगह वैकल्पिक खिलाड़ी को मैदान में उतारने का विकल्प रहेगा. ICC के अनुसार लार के उपयोग पर प्रतिबंध इस लिए लगाया गया है क्योंकि पसीने के विपरीत इससे कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा मौजूद है. इसलिए गेंद को चमकाने के लिए पसीने के उपयोग की अनुमति अब भी रहेगी.

**फीफा द्वारा जारी विश्व भर की फुटबॉल टीमों की नवीनतम** रैंकिंग में बेल्जियम शीर्ष पर है, जिसके बाद बाद फ्रांस (दूसरे) और ब्राजील (तीसरे) का नंबर आता है. सूची में भारतीय टीम ने अपना 108वां स्थान बरकरार रखा है.

## मई

**सानिया मिर्ज़ा:** स्टार भारतीय टेनिस खिलाड़ी एशिया / ओशिनिया ज़ोन का फेड कप हार्ट अवार्ड 2020 जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं.

**दीपा मलिक:** वरिष्ठ पैरा-एथलीट ने पैरालंपिक खेलों से संन्यास लेने की घोषणा की है. अब वे भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) में पदाधिकारी के रूप में अपनी सेवायें देंगी. पैरालंपिक खेलों में पदक अर्जित करने वाली वे पहली भारतीय महिला हैं और उन्होंने अपने शानदार करियर में शॉट पुट और भाला फेंक में कुल 58 राष्ट्रीय और 23 अंतरराष्ट्रीय पदक हासिल किए हैं.

**नरिंदर बत्रा:** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (FIH), लुज़ाने (स्विट्जरलैंड) के अध्यक्ष के रूप में इनका कार्यकाल मई 2021 तक बढ़ा दिया गया है.

## अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत

**हेफथॉर जॉर्नसन:** लोकप्रिय टेलीविजन सीरीज़ 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के छह फीट और नौ इंच लंबे कद वाले 31 वर्षीय अभिनेता ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए 2 मई को आइसलैंड में 'थॉर पॉवर जिम' में 1,104 पाउंड (501 किलोग्राम) वजन उठाकर डेडलिफ्ट का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया. इससे पिछला रिकॉर्ड 2016 में 500 किलो वजन उठाने वाले ब्रिटेन के एडी हॉल के नाम था.

**जे. अरुणकुमार:** कर्नाटक के पूर्व क्रिकेटर को सयुंक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है.

# प्रमुख दिवस

## जुलाई

**01 जुलाई: राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे)**




यह दिवस हर साल 1 जुलाई को डॉक्टरों और चिकित्सकों को मानवता के प्रति उनकी अथक सेवा के लिए आभार प्रकट करने हेतु मनाया जाता है. इसका उद्देश्य डॉक्टरों की भूमिका, महत्व और ज़िम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और चिकित्स्कीय पेशे को प्रोत्साहित करना है. यह दिन भारत रत्न से सम्मानित प्रसिद्ध चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय () का जन्मदिन भी है. इस वर्ष का विषय था- 'COVID 19 की मृत्यु दर कम करना'.

**1 जुलाई: राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस**

यह दिन दुनिया भर के डाक कर्मियों के सम्मान में मनाया जाता है. यह दिन हम में से कई लोगों के लिए एकमात्र विकल्प बन गई है. डाकियों और सभी भारतीय डाक से जुड़े डिलीवरी कर्मियों को 'धन्यवाद' कहने का अनूठा तरीका है, विशेषकर तब जब बदलते हालात में ऑनलाइन शॉपिंग हम में से कई लोगों के लिए एक विकल्प बन गयी है.

**01 जुलाई: चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे**

यह दिवस 1949 में संसदीय अधिनियम द्वारा की गई भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (ICAI) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट्स (AICPA) के बाद इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लेखांकन निकाय है. ध्यातव्य है कि ICAI देश भर में वित्तीय लेखा परीक्षा और लेखांकन पेशे का एकमात्र लाइसेंसिंग और नियामक निकाय है. इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है.

**02 जुलाई: विश्व खेल पत्रकार दिवस**

खेल पत्रकारों के कार्यों को सम्मानित करने और उन्हें अपने काम में बेहतरी लाने की दिशा में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से हर साल 2 जुलाई को विश्व स्तर पर मनाया जाता है. खेल पत्रकार खिलाड़ियों और उनके प्रशंसकों के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं. यह आयोजन 1994 में अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन की 70वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शुरू किया गया था.

**4 जुलाई: अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस**

यह दिवस संयुक्त राष्ट्र के समर्थन से सामाजिक विकास में सहकारिता की भूमिका को उजागर करने के लिए जुलाई के पहले शनिवार को हर साल मनाया जाता है. यह आयोजन UNO के SDG (सततशील विकास लक्ष्य) के तहत 8वें लक्ष्य "समावेशी विकास और गरिमापूर्ण काम" के अनुरूप है. इस वर्ष के आयोजन का फोकस जलवायु परिवर्तन से निपटने में सहकारी समितियों के योगदान पर है. UN ने इस नारे का प्रचार-प्रसार करने की अपील भी की है: "# Coops4ClimateAction"

**10 जुलाई: राष्ट्रीय मछली पालक दिवस**

यह दिवस मत्स्य पालन के क्षेत्र में मछुआरों, उद्यमियों और मछुआरों की उपलब्धियों और देश के मत्स्य विकास में उनके योगदान के सम्मान में मनाया जाता है. इस आयोजन का लक्ष्य देश में मछलियों का सततशील स्टॉक और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने में मत्स्य संसाधनों के प्रबंधन की तरफ ध्यान आकृष्ट करना है. इस वर्ष का आयोजन 63वां राष्ट्रीय मछली पालक दिवस था.

**11 जुलाई: विश्व जनसंख्या दिवस**



संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा समर्थित यह दिन दुनिया भर में जनसंख्या संबंधी मुद्दों की गंभीरता और उनके महत्व पर ध्यान आकर्षित करने हेतु मनाया जाता है. भारत के पास दुनिया का मात्र दो प्रतिशत क्षेत्रफल है, लेकिन इसमें दुनिया की 16% आबादी रहती है. यूनाइटेड नेशन फ़ंड फ़ॉर पॉपुलेशन एक्टिविटीज़ (UNFPA) के अनुसार इस वर्ष का विषय है -"COVID-19 पर ब्रेक लगाना: महिलाओं और लड़कियों के स्वास्थ्य और अधिकारों की रक्षा".

**14 जुलाई: शार्क जागरूकता दिवस**



शार्क मछली के संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है. शार्क-फिन से बने सूप और शार्क के दांत से बने मेडलों की वैश्विक मांग और हर जगह समुद्र तटों पर सुरक्षा की झूठी तसल्ली जैसे सभी कारणों से शार्क सताई गयी और लुप्तप्राय प्रजातियां बन गयी हैं. प्रत्येक वर्ष लाखों शार्क मारी जाती हैं.

**15 जुलाई: विश्व युवा कौशल दिवस**

यह दिवस बेरोजगारी और इससे जुड़ी चुनौतियों से निपटने के साधन के रूप में उपयुक्त कौशल प्रदान करके आज के युवाओं के लिए बेहतर सामाजिक-आर्थिक स्थिति प्राप्त करने में सक्षम बनाने के मकसद से यूनेस्को के समर्थन से मनाया जाता है. इस वर्ष इस दिन का विषय ("कुशल युवा के लिए कौशल") कुशल युवाओं के विकास का महत्व पर केंद्रित है.

**17 जुलाई: विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस**

अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्याय की धारणा को बढ़ावा देने में हेग (नीदरलैंड) में स्थित अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) के कार्यकलापों के समर्थन में दुनिया भर में मनाया जाता है. इसे अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय दिवस के रूप में भी जाना जाता है. इस दिन का उद्देश्य उन सभी लोगों को एकत्रित करना है जो न्याय तथा पीड़ित के अधिकारों का समर्थन के साथ साथ उनके अधिकारों को बढ़ावा देते हैं और दुनिया की शांति, सुरक्षा और कल्याण के लिए खतरा बने अपराधों को रोकने में भी मदद करते हैं.

**18 जुलाई: अंतर्राष्ट्रीय नेल्सन मंडेला दिवस**

संयुक्त राष्ट्र के समर्थन से यह दिवस हर साल महान अफ्रीकी नेता नेल्सन मंडेला द्वारा विश्वभर में शांति और स्वतंत्रता की संस्कृति को बढ़ावा देने में उनके द्वारा दिए योगदान के सम्मान में उनके जन्मदिन पर मनाया जाता है. यह सामाजिक न्याय के लिए लड़ते हुए और इसे आगे बढ़ाने के लिए उनके द्वारा 67 वर्षों तक किए गए कार्यों को उजागर करने का दिन है. गांधी जी की तरह उन्होंने दक्षिण अफ्रीका से सफेद गोरों को पछाड़ा और 1994 में दक्षिण अफ्रीका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने. उन्हें 1993 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

**20 जुलाई: विश्व शतरंज दिवस**

संयुक्त राष्ट्र यह दिवस 1924 में पेरिस में इसी दिन हुई अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाता है. यह दिवस शतरंज से जुड़ी गतिविधियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग जुटाने में FIDE की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान के साथ-साथ शांति, संवाद, एकजुटता और शांति को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है.

### 22 जुलाई: राष्ट्रीय आम दिवस

आम उष्णकटिबंधीय दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण और व्यापक पाए जाने वाले फलों में शामिल है. आम का वैज्ञानिक नाम मैंगीफेरा इंडिका है और यह काजू परिवार (एनाकार्डिएसी) का सदस्य है. केरल में कन्नूर ज़िले के कन्नपुरम को 'स्वदेशी आम विरासत क्षेत्र' घोषित किया जा रहा है. इस पंचायत क्षेत्र में आमों की 200 से अधिक किस्में मिलती हैं.

### 23 जुलाई: राष्ट्रीय प्रसारण दिवस




यह दिन देश में पहली बार हुए रेडियो प्रसारण की स्मृति में मनाया जाता है, जो 1927 में इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी नामक निजी कंपनी के बॉम्बे स्टेशन से इसी दिन हुआ था. 1930 में इस कंपनी के फेल होने के बाद प्रसारण का अधिकार सरकार ने अपने हाथ में ले लिया और इसे भारतीय राज्य प्रसारण सेवा का नाम दिया. बाद में 8 जून, 1936 को भारतीय राजकीय प्रसारण सेवा ने ऑल इंडिया रेडियो (भारत का आधिकारिक रेडियो प्रसारक) का रूप ले लिया.

### 24 जुलाई: आयकर दिवस

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) यह दिवस 1860 में इसी दिन सर जेम्स विल्सन द्वारा भारत में पहली बार आयकर लागू करने के उपलक्ष्य में मनाता है. यह कर 1857 में ब्रिटिश शासन द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इसे हुए नुकसान की भरपाई के लिये लगाया गया था. कर भुगतान को बढ़ावा देने के लिए देश भर में कई आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य कर भुगतान को नैतिक मूल्य के तौर पर बढ़ावा देना और संभाव्य करदाताओं को इस बारे में संवेदनशील बनाना है कि करों का भुगतान करना सभी नागरिकों का नैतिक कर्तव्य है.

### 26 जुलाई: कारगिल विजय दिवस

इस वर्ष यह कारगिल विजय की 21वीं वर्षगांठ है. 1999 में पाकिस्तान को परास्त करने वाले इस अभियान को "ऑपरेशन विजय" नाम दिया गया था. इसी दिन भारत ने कारगिल क्षेत्र की ऊंची पहाड़ी चौकी पर पुनः नियंत्रण प्राप्त किया था जिस पर पाकिस्तानी सेना ने अवैध कब्जा जमा लिया था. स्वतंत्र भारत के इतिहास में कारगिल युद्ध को भारतीय सेना द्वारा किए गए सबसे भयंकर और सबसे साहसी ऑपरेशन के रूप में याद किया जाएगा.

### 28 जुलाई: विश्व हेपेटाइटिस दिवस

यह दिन हेपेटाइटिस का मुकाबला करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों को आगे बढ़ाने और हेपेटाइटिस से लड़ने के लिए अधिक वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता को उजागर करने का अवसर प्रदान करता है. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा समर्थित इस वर्ष का विषय है - "लापता लाखों का पता लगाएं" है जो हेपेटाइटिस के नए रोगियों की पहचान करने पर केंद्रित है।

यह दिन नोबेल-पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक डॉ. बरूच ब्लूमबर्ग के जन्मदिन की याद दिलाता है, जिन्होंने हेपेटाइटिस बी वायरस (HBV) की खोज की थी और इसके लिए एक नैदानिक परीक्षण और टीका विकसित किया था.

हेपेटाइटिस वह स्वास्थ्य स्थिति है जब यकृत की कोशिकाओं में सूजन आ जाती है. आमतौर पर एक वायरल संक्रमण के कारण होता है. हेपेटाइटिस के पांच प्रकार होते हैं A, B, C, D तथा E.

### 29 जुलाई: ग्लोबल टाइगर डे

यह हर साल बाघों के संरक्षण और बाघों के प्राकृतिक आवास के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है. इसे अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के रूप में भी जाना जाता है, 2010 में रूस में सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित टाइगर समिट में बाघ आबादी वाले देशों की सरकारों ने 2020 तक बाघों की आबादी दोगुनी करने का लक्ष्य लिया था. भारत ने यह लक्ष्य हासिल कर लिया है क्योंकि टाइगर एस्टीमेशन रिपोर्ट 2018 में कहा गया है कि भारत में अब 2967 बाघ हैं. मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा (526) हैं, इसके बाद कर्नाटक (524) में हैं.

### 30 जुलाई: अंतर्राष्ट्रीय मानव तस्करी विरोधी दिवस

मानव तस्करी के पीड़ितों की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों के संवर्धन और संरक्षण के लिए संयुक्त राष्ट्र के समर्थन के साथ मनाया जाता है. इस वर्ष उन व्यक्तियों के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो मानव तस्करी पर सरकार की कार्रवाई के महत्व को उजागर करते हैं और उन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए टैग लाइन है "Committed to the cause - working on the frontline to end human trafficking".

## जून

### 1 जून: विश्व दुग्ध दिवस

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) द्वारा समर्थित इस दिवस को मनाने का उद्देश्य हमारे आहार में दूध के महत्व के बारे में लोगों को शिक्षित करना और इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरुक करना है. इस पहल के 20 साल पूरे होने के अवसर पर इस साल की थीम भी इसी पर आधारित है यानी - 'वर्ल्ड मिल्क डे की 20वीं वर्षगांठ'.

### 1 जून: वैश्विक अभिभावक दिवस

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2012 में माता-पिता के अपने बच्चों के प्रति अथक समर्थन, बलिदान और प्रतिबद्धताओं के सम्मान में प्रस्ताव पारित कर इस दिन को मनाने की घोषणा की थी. यह दिवस सभी अभिभावकों की बच्चों के प्रति निःस्वार्थ प्रतिबद्धता और इस रिश्ते को सींचने मैं जीवनपर्यन्त उनके द्वारा की गयी कुर्बानियों को सलाम करने का अवसर है इस वर्ष के समारोहों का विषय है -"अपने माता-पिता का सम्मान करें "

**3 जून: विश्व साइकिल दिवस**




संयुक्त राष्ट्र ने 2018 में पहली बार साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस दिवस को मनाने की शुरुआत की थी. इस दिवस को मनाने का उदेश्य साइकिल की सततशील गतिशीलता और बहुमुखी प्रतिभा को रेखांकित कर इस किफायती, विश्वसनीय, सरल, स्वच्छ और पर्यावरणीय रूप से उपयुक्त साधन को बढ़ावा देना है.

**5 जून: विश्व पर्यावरण दिवस**

यह जनमानस के बीच पर्यावरणीय जागरूकता जगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा किया जाने वाला दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है. इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना और दिन-प्रतिदिन बढ़ रही विभिन्न पर्यावरणीय समस्याओं का विवेचन करना है. इस वर्ष का विषय है- "मनाएं जैव विविधता का जश्न"

जैव विविधता ((बायोडायवर्सिटी) का अर्थ है - पृथ्वी पर मौजूद जीवन रूपों की विविधता, जिसमें जीवों की आनुवंशिक रूपरेखा से लेकर उनकी सांस्कृतिक विविधता शामिल है.

**7 जून: विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस**

यह दिवस खाद्य सुरक्षा, मानव स्वास्थ्य, आर्थिक समृद्धि, कृषि, बाज़ार पहुंच, पर्यटन और सतत विकास में योगदान देने, खाद्य-संबंधित जोखिमों की रोकथाम, उनका पता लगाने और उनके प्रबंधन में मदद देने की ओर ध्यान आकर्षित करने और कार्यवाही करने के उद्देश्य से मनाया जाता है. इसके माध्यम से विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) खाद्य सुरक्षा को सार्वजनिक एजेंडा की मुख्यधारा में शामिल कर वैश्विक स्तर पर खाद्य जनित बीमारियों का बोझ कम करने का प्रयास करता है. इस वर्ष का विषय था- "खाद्य सुरक्षा, सभी का सरोकार"

**8 जून: विश्व महासागर दिवस**

हमारे जीवन में महासागरों के महत्व और और इनके संरक्षण के लिए वांछित प्रयासों के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने हेतु हर साल विश्व स्तर पर मनाया जाता है. जल निकायों से संबंधित वर्तमान समस्याओं जैसे प्लास्टिक का कचरा, पानी का घटता स्तर, पानी में अशुद्धियों और अन्य समस्याओं के चलते महासागरों की सुरक्षा और संरक्षण करना अति आवश्यक है. महासागर पृथ्वी के फेफड़ों की भूमिका निभाते हैं, जिनसे हमें सांस लेने के लिए सर्वाधिक ऑक्सीजन मिलती है. संयुक्त राष्ट्र विश्व महासागर दिवस 2020 का विषय है - "सततशील महासागर में नवाचार का महत्त्व"

**12 जून: विश्व बाल श्रम निषेध दिवस**

इस दिन को मनाने का उद्देश्य बच्चों को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए उनके अनुरूप वातावरण सृजित करने की ज़रूरत पर ज़ोर देना और दुनिया भर में बाल श्रम के खिलाफ आवाज़ उठाने का अवसर प्रदान करना है. इस वर्ष का विषय है - "बाल श्रम से बच्चों की रक्षा, अब पहले से कहीं अधिक". जिनेवा स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने 2002 में इस दिवस का शुभारंभ किया था.

**14 जून: विश्व रक्तदाता दिवस**

यह दिवस सुरक्षित रक्त और रक्त उत्पादों की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट करने के उद्देश्य से मनाया जाता है. रक्त योजनाबद्ध और तत्काल उपचार, दोनों ही मामलों में महत्वपूर्ण संसाधन है. इससे गंभीर और जानलेवा रोगों से पीड़ित रोगियों को मदद मिल सकती है और इसे जटिल चिकित्सकीय और शल्य प्रक्रियाओं में प्रयोग किया जाता है. इस वर्ष का विषय है - सुरक्षित रक्त है जीवनरक्षक.

**15 जून: वैश्विक वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित इस दिवस को मनाने का उदेश्य दुनिया भर के समुदायों को बुज़ुर्गों के प्रति दुर्व्यवहार और उपेक्षा को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों के बारे में जागरूकता पैदा कर इस दुर्व्यवहार और पीड़ा के खिलाफ़ आवाज़ उठाने का अवसर प्रदान करना है. वैश्विक स्तर की इस सामाजिक समस्या से दुनिया भर के लाखों वृद्ध व्यक्तियों के स्वास्थ्य और मानव अधिकारों पर प्रभाव पड़ता है.

**17 जून: विश्व मरुस्थलीकरण एवं सूखा रोकथाम दिवस**

मरुस्थलीकरण और सूखे के प्रभावों से निपटने के लिए वांछित सहयोग के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल मनाया जाता है. 2020 के इस आयोजन का विषय था - “फूड. फीड. फाइबर” - खपत और जमीन के बीच की कड़ी”

**18 जून: ऑटिस्टिक गौरव दिवस (ऑटिस्टिक प्राइड डे)**

ऑटिज़्म से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों के सम्मान में हर साल विश्व स्तर पर मनाया जाता है. 2005 में गैरीथ और एमी नेल्सन की एस्पिस फॉर फ्रीडम (AFF) द्वारा ब्राजील में पहला ऑटिस्टिक गौरव दिवस मनाया गया था और अब यह एक वैश्विक आयोजन बन चुका है. ऑटिज़्म या ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (ASD) के लक्षणों में सामाजिक कौशल में समस्याएं, दोहराव वाला व्यवहार और शाब्दिक एवं ग़ैर -शाब्दिक संचार में चुनौतियां शामिल हैं.

**20 जून: विश्व शरणार्थी दिवस**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस दिन को विश्व स्तर पर मनाने का उद्देश्य दुनिया को यह याद दिलाना है कि शरणार्थियों सहित सभी व्यक्ति समाज में योगदान डालने में सक्षम हैं और न्यायोचित, अधिक समावेशी और समानता के भाव वाला विश्व के सृजन में अपनी भूमिका निभाते हैं. इस वर्ष का विषय था - "Every Action Counts"

**21 जून: विश्व संगीत दिवस**

संगीत के माध्यम से शांति को बढ़ावा देने और सद्भावना फैलाने के उद्देश्य से दुनिया भर में मनाया जाता है. यह दिन फ्रांस में 'Fete de la Musique' के नाम से भी जाना जाता है. इसकी शुरुआत 1981 में जैक लैंग और मौरिस फ्लीट द्वारा की गई थी. यह संगीत को सर्व-सुलभ बनाने की दिशा में प्रयासों पर ज़ोर देने का दिन है. इस अवसर पर संगीत को सुलभ बनाने के लिए दुनिया भर में मुफ्त संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं.

**जून (21): फादर्स डे**

पारिवारिक संरचना और समाज में पिता की भूमिका के सम्मान में यह दिवस हर साल जून के तीसरे रविवार को मनाया जाता है. हमारे जीवन में पिता की भूमिका को सलाम करने वाला पहला फादर्स डे 19 जून 1910 को अमेरिका में मनाया गया था.

**21 जून: विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस**

हाइड्रोग्राफी (जल सर्वेक्षण) के बारे में जागरूकता लाने के लिए और इसके महत्व का प्रचार करने के उद्देश्य से हर साल विश्व स्तर पर मनाया जाता है. इस वर्ष का दिवस था - हाइड्रोग्राफी- स्वायत्त प्रौद्योगिकियों को सक्षम बनाना. हाइड्रोग्राफी विज्ञान की वह शाखा है, जिसमें पृथ्वी की सतह के नौगम्य भाग और इससे सटे तटीय क्षेत्रों की भौतिक विशेषताओं को मापकर उनका वर्णन किया जाता है.

**23 जून: संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस**

यह दिन विकास प्रक्रिया में जनसेवा के योगदान पर प्रकाश डालने और युवा लोगों को सार्वजनिक क्षेत्र में करियर बनाने को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है. दुनिया भर में चल रही COVID-19 महामारी, जिसने वैश्विक स्तर पर 10 लाख से अधिक लोगों की जान ले ली है, के मद्देनज़र जनसेवा और इसमें लगे लोगों की भूमिका और महत्वपूर्ण हो गई है. इस वर्ष का विषय "उन लोक सेवकों और लोगों का सम्मान करना है जिन्होंने कोविड-19 के खिलाफ जंग में सराहनीय काम किया है".

**23 जून: अंतर्राष्ट्रीय विधवा दिवस**

यह दिवस 2010 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा कई देशों में विधवाओं से होने वाली दुर्व्यवहार यानी उनके मानवाधिकारों के उल्लंघन के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए और उनके हित में सामाजिक समर्थन को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया था. दुनिया भर में अपने पति की मृत्यु के बाद कई महिलाएं चुनौतियों का सामना करती हैं और उन्हें अपनी बुनियादी ज़रूरतों, मानवाधिकारों और सम्मान के लिए लंबा संघर्ष करना पड़ता है. इस आयोजन का अंतिम लक्ष्य विधवाओं को सशक्त करने के लिए संसाधन और नीतियां विकसित करना और उन्हें शिक्षा, कार्य एवं स्वास्थ्य सेवा सुलभ करवाना और हिंसा और शोषण से मुक्त जीवन जीने का अवसर देना है इस वर्ष का विषय था - 'I am Generation Equality: Realizing Women's Rights' जो संयुक्त राष्ट्र के नए अभियान "जनरेशन इक्वेलिटी" के अनुरूप है.

**23 जून: विश्व ओलंपिक दिवस**

दुनिया भर में लाखों बूढ़े और जवान लोग दौड़ों, प्रदर्शनियों, संगीत और शैक्षिक सेमिनार जैसी खेलकूद से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेकर यह दिन मनाते हैं. यह आयोजन 1894 में पेरिस में हुई अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) की स्थापना के उपलक्ष्य में किया जाता है.

**25 जून: नाविक दिवस (सीफेयरर दिवस)**

अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन यह दिवस उन समुद्री यात्रियों और नाविकों के सम्मान में मनाता है जो समुद्री परिवहन का संचालन कर पूरे विश्व के काम में मदद करते हैं. 2020 का विषय था: सीफेयरर्ज़ हैं महत्त्वपूर्ण कार्यकर्ता

**26 जून: अंतर्राष्ट्रीय मादक दवा दुरुपयोग और अवैध व्यापार-रोधी दिवस**

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1987 में नशीली दवाओं के दुरुपयोग से मुक्त अंतर्राष्ट्रीय समाज के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्रवाई और सहयोग को मज़बूत करने के संकल्प की अभिव्यक्ति के रूप में यह दिवस मनाने का फैसला किया था. इसका उद्देश्य लोगों को अवैध दवाओं से होने वाले खतरों के बारे में आगाह करना है. इस वर्ष का विषय था "बेहतर देखभाल के लिए बेहतर ज्ञान".

**जून 27: सूक्ष्म- लघु और मध्यम आकार उद्यम दिवस**

यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा सतत विकास और वैश्विक अर्थव्यवस्था में उनके योगदान के लिए सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। ये उद्यम, जो आमतौर पर 250 से कम व्यक्तियों की मदद से चलते हैं, दुनिया भर में अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ हैं। इंटरनेशनल काउंसिल फॉर स्मॉल बिज़नेस द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, औपचारिक और अनौपचारिक एमएसएमई सभी फर्मों का 90% से अधिक हिस्सा हैं और कुल रोज़गार का औसत 60 - 70% और कुल GDP का 50% है.

**29 जून: राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस**

राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली की स्थापना में प्रो. पी. सी. महालनोबिस के अमूल्य योगदान के स्मरण में उनकी जयंती पर हर साल मनाया जाता है. इस दिन का उद्देश्य सांख्यिकी के उपयोग को रोज़मर्रा की ज़िंदगी में लोकप्रिय बनाना और जनमानस को इस बात के प्रति जागरूक करना है कि कैसे सांख्यिकी जन कल्याण पर केंद्रित नीतियों को आकार देने और उन्हें अंतिम रूप देने में मददगार है.

**जून 30: विश्व क्षुद्रग्रह दिवस**

इस दिन को 1908 में इसी दिन साइबेरिया के तुंगुस्का में एक विशाल क्षुद्रग्रह के पृथ्वी से टकराने की घटना की याद में मनाया जाता है। यह हाल के इतिहास में ज्ञात पृथ्वी पर क्षुद्रग्रह संबंधित सबसे भयंकर घटना है। इस विशेष दिन पर क्षुद्रग्रहों के अध्ययन के बारे में जागरूकता पैदा करने से संबंधित कई कार्यक्रम UNO द्वारा चलाए जाते हैं

**30 जून: अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस**



1908 में इसी दिन रूस के साइबेरिया में तुंगुस्का नदी के पास एक विशाल क्षुद्रग्रह टकरा कर गिरा था. इसी कारण क्षुद्रग्रहों के खतरे को लेकर जन जागरूकता फैलाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है. क्षुद्रग्रह से जुड़े इस घटना को हालिया इतिहास में पृथ्वी पर अब तक की सबसे बड़ी दुर्घटना बताया जाता है. इस दिन UNO द्वारा क्षुद्रग्रहों के अध्ययन के बारे में जागरूकता पैदा करने से संबंधित कई कार्यक्रम भी कराये जाते हैं.

**30 जून: अंतर्राष्ट्रीय संसदीय दिवस (पार्लिमेंट्रीज़म दिवस)**

यह दिवस संसदों और उन संसदीय प्रक्रियाओं का जश्न है, जिनके द्वारा संसदीय शासन प्रणाली दुनिया भर के लोगों के दैनिक जीवन को बेहतर बनाती है. मज़बूत संसद लोकतंत्र की आधारशिला होती है. संसद में लोगों की आवाज़ सुनी जाती है, कानून बनाये जाते हैं, कानून और नीतियां लागू करने के लिए धन आवंटित किया जाता है और सरकारों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है. संसदें यह बात भी सुनिश्चित करती हैं कि सरकारी नीतियों से सभी लोगों (विशेष रूप से सबसे कमज़ोर व्यक्तियों) को लाभ मिले.

**ALL THE NEWS ITEMS IN THIS MAGAZINE HAVE BEEN SOURCED FROM VARIOUS NEWS PAPERS AND GOVT. PRESS RELEASES.**

Telegram

## Government Jobs Made Easy




For Free Learning

Join the

**Gyanm Telegram Channel**

**http://t.me/gyanm34**

www.gyanm.in

# BULLET NEWS

## (फरवरी – अप्रैल 2020)

**For details please visit our website: www.gyanm.in**

# राष्ट्रीय समाचार

## अप्रैल

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई के वित्तपोषण के लिए 1 अप्रैल, 2020 से एक वर्ष के लिए सांसदों के वेतन में 30 प्रतिशत की कटौती को मंजूरी दी.
- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यों के राज्यपालों ने भी स्वेच्छा से कोरोना की लड़ाई का समर्थन करने के लिए एक वर्ष के लिए 30% की वेतन कटौती का फैसला किया है.
- कैबिनेट ने कोरोना से लड़ने के लिए MPLADS (सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना) को 2020-21 से दो साल के लिए निलंबित करने का फैसला किया.
- स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) के अनुसार 2019 में सैन्य खर्च के मामले में भारत 71.1 अरब डॉलर खर्च कर के विश्व में तीसरे स्थान पर रहा.
- ग्लोबल प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में सर्वेक्षण में शामिल 180 देशों में से भारत 142 वें स्थान पर है.
- भारतीय वायु सेना ने COVID 19 के खिलाफ लड़ने के लिए मालदीव को 6.2 टन आवश्यक चिकित्स्कीय सामान की आपूर्ति करने के लिए 'ऑपरेशन संजीवनी' का आयोजन किया.

## मार्च

- भारतीय रेलवे ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में अपना पहला "रेस्टोरेंट ऑन व्हील्स" लॉन्च किया.
- सरकार ने UNESCO द्वारा संकलित विश्व धरोहर सूची 2020 में शामिल करने के लिए गुजरात में धोलावीरा और डेक्कन सल्तनत के फॉर्ट्स और स्मारकों को नामित किया है.
- 2015-19 की अवधि के दौरान सऊदी अरब के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक रहा. इस रिपोर्ट में भारत को दुनिया के 25 सबसे बड़े हथियार निर्यातकों में 23वें स्थान पर रखा गया.
- जल शक्ति मंत्रालय ने देश के सभी 6,03,175 गांवों के खुले में शौच से मुक्त हो जाने की घोषणा की है.

## फ़रवरी

- गुजरात के गांधीनगर में प्रवासी जंतुओं के संरक्षण पर कन्वेंशन ऑफ पार्टीज (सीओपी) का 13वां सम्मेलन आयोजित किया गया.
  - ✓ CMS COP13 का शुभंकर "गिब - द ग्रेट इंडियन बस्टर्ड" है, जो एक गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजाति है.
- 34वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला फरीदाबाद (हरियाणा) के सूरजकुंड में आयोजित किया गया. उज्बेकिस्तान मेले का भागीदार देश था और हिमाचल प्रदेश थीम राज्य था.
- सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक ग्राम न्यायालयों की स्थापना की अधिसूचना जारी नहीं करने वाले राज्यों को चार सप्ताह के भीतर संबंधित अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया है.
- सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि पुलिस को कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों (18 से कम) को लॉकअप या जेल की हिरासत में रखने का कोई अधिकार नहीं है.
- लगभग 70 देशों की 1,000 से अधिक कंपनियों ने 5-9 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित सबसे बड़े डेफएक्सपो में भाग लिया.
- सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह उन सभी महिला अधिकारियों को तीन महीने के भीतर स्थायी कमीशन दे, जो इस विकल्प का लाभ लेना चाहती हैं.
- हैदराबाद (तेलंगाना) के पास निर्मित 'कान्हा शांतिवनम' में विश्व के सर्वाधिक विशाल ध्यान केंद्र का उद्घाटन किया गया.
- भारत और 50 अफ्रीकी देशों ने 6 फरवरी को आयोजित प्रथम भारत-अफ्रीका रक्षा मंत्री सम्मेलन के दौरान 'लखनऊ घोषणा' को अंगीकृत किया.

- सरकार ने प्रवासी भारतीय केंद्र का नाम बदलकर सुषमा स्वराज भवन और विदेश सेवा संस्थान का नाम बदलकर सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान कर दिया है.
- ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने 'संविधान' को "2019 का ऑक्सफोर्ड हिंदी शब्द" घोषित किया है, जिसमें कहा गया है कि इस शब्द को वर्ष में व्यापक रूप से ध्यान दिया गया.

# ख़बर राज्यों से

## अप्रैल

- 19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश राज्य संचालित की जा रही 7,368 सामुदायिक रसोइयों को जिओ टैग करने वाला देश का पहला राज्य बन गया जिसमें प्रति दिन 12 लाख भोजन पैकेट का उत्पादन होता है.
- उत्तर प्रदेश वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मामलों की सुनवाई के लिए अपनी सभी अदालतों में अपेक्षित बुनियादी ढाँचा रखने वाला पहला राज्य बन गया है.
- विश्व बैंक ने प्रमुख सड़कों के उन्नयन के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य सड़क ट्रांस-गठन परियोजना के लिए 8. 2 करोड़ डॉलर की राशि की मंज़ूरी दी है.

## मार्च

- सरकार ने मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया है.
- इसका तात्पर्य यह है कि इस जोन के कृषि क्षेत्र और अन्य खुले स्थानों को आवासीय या व्यावसायिक क्षेत्रों में परिवर्तित नहीं किया जाएगा
- अरुणाचल प्रदेश विधानसभा राष्ट्रीय इ विधान ऍप के कार्यान्वयन से 2 मार्च को काग़ज़-रहित (पेपरलेस) हो गई.
- घर की छत पर लगे सौर ऊर्जा उपकरणों के मामले में गुजरात देश में शीर्ष पर है. यह संख्या देश में लगे कुल 77,950 घरेलू सौर ऊर्जा उपकरणों का लगभग 64% है.
- तमिलनाडु सरकार ने राज्य में स्थित मंदिरों के व्यवस्थापकों से उनके द्वारा वितरित प्रसाद के लिए FSSAI (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) से भोग प्रमाणपत्र लेने को कहा है.
- गुजरात पुलिस सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने आधुनिकीकरण अभियान के भाग के रूप में टेसर गन से लैस होने वाली पहली राज्य पुलिस सेवा बन गई है.
- सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में हाउसिंग सोसाइटियों, होटलों और अस्पतालों जैसे थोक उपभोक्ताओं को घर बैठे डीजल की आपूर्ति करने के लिए मोबाइल एप 'फ्यूल हमसफर' लांच किया है.
- मिजोरम ने अपना सबसे बड़ा और उल्लासपूर्ण त्योहार "चापचर कुट" मार्च के पहले सप्ताह में मनाया. यह त्योहार अपने लोकप्रिय बांस लोक नृत्य के लिए प्रसिद्ध है.

## फरवरी

मध्य प्रदेश ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के कार्यान्वयन में पहला स्थान प्राप्त किया है. यह केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित योजना है.

- केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित इस योजना का उद्देश्य कामगार महिलाओं को गर्भावस्था में अवकाश लेने पर 5000 रुपये की सांत्वना राशि प्रदान करना और गर्भावस्था में उनके लिए आराम और सुपोषण सुनिश्चित करना है.
- गोवा में मांडोवी नदी के तट पर स्थित वास्को में एक क्रूज टर्मिनल पर भारत की पहली फ्लोटिंग जेट्टी (तैरते घाट) का उद्घाटन किया गया.
- मणिपुर के तामेंगलोंग जिले में मकरू नदी पर 100 मीटर ऊँचा (33 मंज़िला इमारत के बराबर) भारत का सबसे ऊँचा रेलवे पुल का निर्माण किया गया.
- तमिलनाडु सरकार ने राज्य को ''चावल का कटोरा'' बनाने में योगदान देने वाले आठ जिलों में फैले कावेरी डेल्टा क्षेत्र को विशेष संरक्षित कृषि क्षेत्र घोषित किया.
- उत्तराखंड सरकार ने देश में अपनी तरह के पहले कांच के झूलते पुल के डिजाइन को मंजूरी दे दी. यह पुल 94 साल पुराने सुप्रसिद्ध लक्ष्मण झूले के स्थान पर बनाया जाएगा.
- केरल सरकार ने जलीय चक्र, पारिस्थितिकी, मछली पालन और खाद्य सुरक्षा' पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को लेकर कोचीन में चार दिवसीय (11 से 14 फरवरी तक) अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "क्लिमफिशकॉन 2020" आयोजित किया.

# योजनाएं एवं नीतियां

## अप्रैल

- COVID-19 के प्रकोप से निपटने के लिए COVID-19 ट्रैकिंग ऐप आरोग्य सेतु केंद्र सरकार द्वारा 2 अप्रैल को लॉन्च किया गया.
- COVID-19 के प्रबंधन के लिए निर्णय लेने में मदद करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा एक एकीकृत भू-स्थानिक मंच "सहयोग" लॉन्च किया गया.
- ग्राम पंचायत विकास योजनाओं को तैयार करने और योजना बनाने के लिए ई-ग्राम स्वराज पोर्टल और मोबाइल ऐप लॉन्च किया गया.
- स्वामीत्व' योजना 6 राज्यों में पायलट मोड में शुरू की गई, जिसमें ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्र की आवासीय भूमि की मैपिंग ड्रोन तकनीक से की गई.

- केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के तहत 1 अप्रैल, 2020 से मैनुअल मजदूरों को देय मजदूरी दर में 13 रु से लेकर 34 रु की बढ़ोतरी करने को को मंजूरी दे दी.
- कृषि मंत्रालय ने तालाबंदी के दौरान खाद्यान्न, फलों और सब्जियों के परिवहन को आसान बनाने हेतु किसान रथ मोबाइल ऐप लॉन्च किया.
- CBSE) ने शैक्षणिक सत्र 2020-21 से कक्षा 11 के विद्यार्थियों को लिए तीन नए विषयों - डिजाइन थिंकिंग, फिज़िकल एक्टिविटी ट्रेनर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - का विकल्प देने का फैसला किया है.

## मार्च

- ग़रीब लोगों, महिलाओं, आशा कार्यकर्ताओं और जरूरतमंद लोगों को कोरोना संकट से निपटने के लिए सरकार ने 1.70 लाख करोड़ रु के "ग़रीब कल्याण पैकेज" की घोषणा की है
- योजना के तहत 80 करोड़ ग़रीबों को 3 महीने तक 5-5 किलो गेहूं या चावल तथा 1किलो दाल दिया जाएगा.
- सरकार ने सेतु भारतम योजना के तहत वर्ष 2020 के अंत से पहले राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर अंडरपास या ओवर ब्रिज बनाने का लक्ष्य रखा है.
- गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को स्वस्थ बनाने के उद्देश्य से सरकार ने राष्ट्रीय "सुपोषित मां अभियान" की शुरूआत की.
- डाक विभाग ने भारत में पहली बार कोलकाता में एक मुफ्त डिजिटल पार्सल लॉकर सेवा शुरू की है, जिससे ग्राहक अपनी सुविधानुसार निर्दिष्ट डाकघरों से अपने पार्सल कभी भी ले सकते हैं.
- सरकार ने रेलवे, बैंकों और केंद्र सरकार में निचले स्तरों पर उपलब्ध नौकरियों हेतु आवेदकों के लिए 2021 से सामान्य पात्रता परीक्षा (CET) आयोजित करने की घोषणा की है.
- संसद ने देश में तीन विश्वविद्यालयों को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय विधेयक 2019 पारित किया है.
- देश के दक्षिणी भाग में स्थित कंपनियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए चेन्नई में नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (NCLAT) की नई बेंच का गठन किया गया.

## फरवरी

- भारतीय रेलवे ने 20 फरवरी को काशी महाकाल एक्सप्रेस नाम से एक विशेष ट्रेन शुरू की, जो उत्तर प्रदेश के वाराणसी को मध्य प्रदेश के इंदौर से जोड़ती है.
- सरकार ने औपचारिक रूप से 22 वें विधि आयोग के गठन की घोषणा की है. विधि आयोग सरकार को जटिल कानूनी मुद्दों पर सलाह देता है और इसकी अवधि तीन साल है.
- केंद्र सरकार ने निवारक स्वास्थ्य पहलुओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए "स्कूल स्वास्थ्य राजदूत पहल" शुरू की.
- पहल को आयुष्मान भारत के एक भाग के रूप में शुरू किया गया है और इसका उद्देश्य निवारक, प्रचार और सकारात्मक स्वास्थ्य की अवधारणा को मजबूत करना है.
- भारतीय रेलवे ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-आधारित चैटबॉट का हिंदी संस्करण "आस्कदिशा" (ASKDISHA) लॉन्च किया है.
- IRCTC ने भगवान राम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों का 17 दिनों का टूर कराने हेतु विशेष पर्यटक ट्रेन 'श्री रामायण एक्सप्रेस' शुरू करने की घोषणा की.
- भारतीय रेलवे का दक्षिण मध्य रेलवे क्षेत्र मंडल देश का पहला पहला शून्य ऊर्जा–उपभोग रेलवे जोन बन गया है.
- इसका मतलब यह है कि रेलवे स्टेशन सौर ऊर्जा का दोहन कर अपनी 100 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकताएं पूरी करने में सक्षम हैं.

# उद्योग-अर्थव्यवस्था

## अप्रैल

- भारत के तेल-खुदरा-टेलीकॉम समूह रिलायंस जियो प्लेटफार्मों में 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए फेसबुक ने 43,574 करोड़ रुपये का निवेश किया.
- टीवीएस मोटर की विदेशी सहायक कंपनी टीवीएस मोटर सिंगापुर पीटीई लिमिटेड ने यूके के प्रतिष्ठित स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल ब्रांड 'नॉर्टन' का अधिग्रहण किया.

## मार्च

- **SEBI** ने निवेशकों को उनके स्मार्टफ़ोन से ही सुविधा के साथ शिकायतों को दूर करने के लिए **SEBI SCORES**' ऐप लॉन्च किया. **SCORES:** SEBI Complaints Redress System"
- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. अपने 28,000 पेट्रोल पंपों पर BS-VI ईंधन की आपूर्ति शुरू करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है.

## फरवरी

- अमरीका के थिंक टैंक वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत 2019 में यूके और फ्रांस को पछाड़कर 2.94 खरब डॉलर की जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया.
- विश्व इस्पात संघ के आंकड़ों के अनुसार भारत 2019 में जापान को पछाड़ते हुए भारत चीन के बाद कच्चे इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है. चीन नंबर एक पर बना हुआ है.

- PSU सर्वेक्षण 2018-19 के अनुसार तेल और प्राकृतिक गैस निगम (ONGC) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और NTPC भारत की सर्वाधिक कमाऊ प्रथम तीन कंपनियां हैं.

# बैंकिंग एवं फाइनेंस

## अप्रैल

- सरकार ने औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत बैंकिंग उद्योग को 21 अक्टूबर तक छह महीने के लिए सार्वजनिक उपयोगिता सेवा घोषित किया है.
- RBI ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को COVID-19 द्वारा प्रस्तुत चुनौतियों का सामना करने के लिए नकदी के संरक्षण के लिए मार्च 2020 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए कोई लाभांश घोषित नहीं करने को कहा है.

## मार्च

- सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अप्रैल 2018 में जारी एक सर्क्युलर को रद्द करते हुए बैंकों और वित्तीय संस्थानों को क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित सेवाएं मुहैया करने की इजाजत दे दी है.
- भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) ने उभरते व्यवसाइयों और उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए 05 जून, 2020 से एक विशेष रेलगाड़ी “स्वावलंबन एक्सप्रेस” शुरू करने की घोषणा की है.
- बैंक ऑफ बड़ौदा प्रबंधन ने देश में स्टार्ट-अप समुदाय का पसंदीदा बैंकिंग भागीदार बनाने और अगले दो वर्षों में कम से कम 2,000 स्टार्ट-अप से जुड़ने के उद्देश्य से "बड़ौदा स्टार्टअप बैंकिंग" पहल शुरू की है.
- भारतीय स्टेट बैंक ने बचत बैंक खातों में न्यूनतम शेष राशि बनाए रखने की आवश्यकता को समाप्त कर खाताधारकों को बड़ी राहत प्रदान की है..इसके अलावा SMS भेजने पर भी शुल्क समाप्त कर दिया गया है.
- बी.पी. कानूनगो: भारतीय रिज़र्व बैंक के उप-गवर्नर को केंद्र सरकार ने 2 अप्रैल, 2020 तक एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया है.
- एन एस विश्वनाथन: RBI के डिप्टी गवर्नर ने स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अपने पद से इस्तीफ़ा दिया है.

## फरवरी

- RBI ने बैंक जमाओं पर बीमा कवर को एक लाख रुपये से बढ़ा कर पांच लाख रुपये कर दिया है.
- यह कवर RBI की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी डिपॉजिट इंश्योरेंस एंड क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन (DICGC) द्वारा प्रदान किया जाता है.
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सहकारी बैंकों को आरबीआई के नियामक तंत्र के तहत लाने का फैसला किया है, जबकि प्रशासनिक मुद्दों को सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार द्वारा निपटाया जाता रहेगा.
- 'द बैंकर्स टॉप 500 बैंकिंग ब्रांड्स 2020' रिपोर्ट के अनुसार, इंडसइंड बैंक 'ब्रांड मूल्य में सबसे ज्यादा वृद्धि' के मामले में दुनिया भर के बैंकों की सूची में सबसे ऊपर है.

# रक्षा/विज्ञान टेक्नोलॉजी

## अप्रैल

- ट्रंप प्रशासन ने 15.5 करोड़ डॉलर की हार्पून ब्लॉक II एयर लॉन्चड मिसाइलें और हल्के वज़न के टॉरपीडो भारत को बेचने की मंजूरी दे दी है.

## मार्च

- अपतटीय गश्ती पोतों ICGS वरद और ICGS वज्र को चेन्नई पोर्ट पर आयोजित एक समारोह में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया.
- भारतीय विज्ञान संस्थान (बेंगलुरु) के सहयोग से DRDO ने विस्फोटक पदार्थों का पता लगाने वाला नया यंत्र RaIDer-X विकसित किया है.
- यह एक निर्धारित दायरे में पड़े विस्फोटक का पता लगा सकता है और छिपे हुए स्थान पर स्थित थोक विस्फोटकों का भी पता लगा सकता है .
- भारत ने यूरोपीय देश आर्मेनिया को हथियारों का पता लगाने में सक्षम 4 स्वदेशनिर्मित- रडार की आपूर्ति के लिए 280 करोड़ रुपये का सौदा किया है.
- भारतीय सेना ने कोरोनवायरस के खिलाफ अपने अभियान को 'ऑपरेशन नमस्ते' नाम दिया है. यह ऑपरेशन कोरोनावायरस के प्रकोप से निपटने में भारत सरकार को मदद देने के लिए शुरू किया गया है.
- सुप्रीम कोर्ट ने एक और ऐतिहासिक फैसले में कहा है कि नौसेना में महिलाओं को स्थायी कमीशन से वंचित नहीं किया जा सकता है .
- नूपुर कुलश्रेष्ठ भारतीय तटरक्षक बल के उप महानिरीक्षक (DIG) के रूप में पदोन्नत होने वाली पहली महिला बनीं. वह 1999 में इंडियन कोस्ट गार्ड में शामिल हुई थीं.
- रक्षा मंत्रालय ने 880 करोड़ रुपये की लागत से 16,479 नेगेव 7.62x51 मिमी लाइट मशीन गन (LMG) की खरीद के लिए इज़राइल हथियार उद्योग (IWI) के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं.
- एक नए अध्ययन में खगोलविदों ने क्षुद्रग्रहों के अब तक के पहले विदित, स्थायी निवास की खोज की है. ये 19 क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के बाहर से निर्मित हुए हैं.

- ट्रान्साटलांटिक वैज्ञानिकों की एक टीम ने बाहरी अंतरिक्ष में केप्लर -1649 C नामक पृथ्वी के आकार के एक ग्रह की खोज की है .
- अपने तारे के रहने योग्य क्षेत्र में परिक्रमा करने वाले इस ग्रह की खोज नासा के केपलर स्पेस टेलिस्कोप के डेटा का पुनर्विश्लेषण : .करते समय हुई
- ईरान ने अपना पहला सैन्य उपग्रह "नूर" सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित कर दिया है. उपग्रह 'नूर' पृथ्वी की सतह से लगभग 425 किमी ऊपर परिक्रमा कर रहा है.
- खगोलविदों ने 'बिग बैंग' के बाद से ब्रह्मांड में हुए सबसे बड़े विस्फोट का पता लगाया है जो धरती से लगभग 39 करोड़ प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित आकाश गंगा में हुआ है.
- भारतीय वैज्ञानिकों ने गेंहूँ की जैव-विविधतापूर्ण उच्च-प्रोटीन किस्म MACS 4028 विकसित की है. नई किस्म सामान्य गेंहूँ की किस्मों की तुलना में कई कीटों और बीमारियों के लिए प्रतिरोधी है.
- अमेरिकी सेना और उसके सहयोगियों के लिए सुरक्षित संचार प्रदान करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष बल ने अपने Advanced Extremely High Frequency उपग्रह को सफलतापूर्वक तैनात किया.
- मार्स रोवर का नाम तय करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता आयोजित करने के बाद नासा ने जुलाई 2020 के लिए मंगल मिशन के लिए इसका नाम Perseverance तय किया है.

## फरवरी

- महाराष्ट्र के लोनावाला में स्थित भारतीय नौसेना स्टेशन INS शिवाजी को मेधावी सेवाओं के सम्मान में प्रेसिडेंट्स कलर्स प्रदान किया गया है. इस में नौसेना का कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग स्थित है. इसे 15-02-1945 को नौसेना में शामिल किया गया था.
- भारतीय नौसेना को चौथा गुपचुप काम करने वाला पनडुब्बी-रोधी जंगी जहाज़ (कार्वेट) INS Kawaratti सौंप दिया गया है.
- भारतीय नौसेना ने कोलकाता के पास सुंदरबन डेल्टा में तटीय समुदायों से संवाद कर तटीय सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 'माल्टा अभियान' नामक तटीय सुरक्षा अभ्यास किया.
- 'संप्रीति-9': भारत और बांग्लादेश के बीच 14 दिवसीय संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास 'संप्रीति-9' 3 से 16 फरवरी तक उमरोई (मेघालय) में आयोजित किया गया.
- इन्द्रधनुष 2020: भारत और इंग्लैंड का संयुक्त वायुसेना अभ्यास गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के पास वायु सेना स्टेशन हिंडन में आयोजित किया गया.
- अजय वारियर -2020: भारत और इंग्लैंड के संयुक्त सैन्य अभ्यास के 5वें संस्करण का आयोजन 3-26 फरवरी तक इंग्लैंड के सालिसबरी मैदान में हुआ.
- सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रनाश': DRDO ने 200 किलोमीटर दूर तक की मारक क्षमता वाली सुपरसोनिक सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रनाश' विकसित की.
- 'ऑपरेशन वेनिला': भारतीय नौसेना ने मेडागास्कर में चक्रवात डायने द्वारा मचाई गई तबाही से प्रभावित पीड़ितों को मानवीय सहायता और आपदा राहत उपलब्ध करने के लिए 'ऑपरेशन वेनिला' किया.
- शोधकर्ताओं ने सांस में ऑक्सीजन नहीं लेने वाले पहले जानवर की खोज की है. हेन्नीगुया साल्मिनीकोला परजीवी 10 से भी कम कोशिकाओं से बना होता है और सालमन मछली के भीतर रहता है.

# अंतर्राष्ट्रीय ख़बरें

## अप्रैल

- 28 अप्रैल को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ब्रिक्स समूह के वर्तमान अध्यक्ष रूस द्वारा ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों का शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया.
- भारत समेत 30 देशों के साथ पीटरबर्ग क्लाइमेट डायलॉग के 11वें सत्र की मेजबानी जर्मनी ने 28 अप्रैल को एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए की.
- यूएसए ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के लिए अमेरिकी फंडिंग को रोकने का फैसला किया है, जिसमें उसने कोरोनोवायरस के प्रसार को व्यापक रूप से कुप्रबंधन और कवर करने का आरोप लगाया है.
- इतिहास में पहली बार, अमेरिकी तेल की कीमतें 20 अप्रैल को नकारात्मक हो गईं दुनिया में सबसे अच्छी गुणवत्ता वाले कच्चे तेल, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट की कीमतें 0 डॉलर से नीचे गिरकर -$ 40.32 प्रति बैरल हो गई.
- सऊदी अरब ने अपने यहां नाबालिगों द्वारा किए गए अपराधों के मामले में मौत की सजा समाप्त करने की घोषणा की है. इसकी बजाय अपराधी को किशोर सुधार गृह में अधिकतम 10 साल तक रहने की सज़ा मिलेगी.

## मार्च

- विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्येयियस ने तेज़ी से फैलने वाले कोरोनावायरस को आधिकारिक तौर पर महामारी) pandemic( घोषित किया
- WHO और वैश्विक एनजीओ विश्व आर्थिक मंच )WEF) ने कोरोनवायरस के वैश्विक प्रकोप से निपटने के लिए एक आपातकालीन कार्यबल "COVID एक्शन प्लेटफॉर्मका गठन " .किया
- दुनिया भर के 200 से अधिक कॉर्पोरेट नेताओं ने प्लेटफॉर्म के लिए अपने समर्थन की पेशकश की है.

- हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2020 में अमेज़ॅन के जेफ बेजोस 140 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहले स्थान पर रहे, इसके बाद बर्नार्ड अर्नाल्ट और बिल गेट्स दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे.
- सऊदी अरब के राजा सलमान की अध्यक्षता में 26 मार्च को G - 20 का पहला आभासी शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया.
- अमेरिका ने अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की चरणबद्ध वापसी के लिए दोहा, कतर में तालिबान के साथ एक ऐतिहासिक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए.

## फरवरी

- WHO ने नए कोरोनावायरस के कारण होने वाली बीमारी को 'COVID-19' का नाम दिया है. "CO' यानी कोरोना, 'VI' यानी वायरस और 'D' यानी "डिसीज" (बीमारी) है और 19 यानी 2019.
- भूटान ने अपने यहां के पारिस्थितिकी तंत्र का रखरखाव सुनिश्चित करने के लक्ष्य से भारत, मालदीव और बांग्लादेश के क्षेत्रीय पर्यटकों के लिए 'सततशील विकास शुल्क' नामक नई फीस लगाने की घोषणा की.
- अफ्रीकी संघ शिखर सम्मेलन 2020 इथियोपिया की राजधानी अदीस अबाबा में 10-11 फरवरी को आयोजित किया गया.
- करीब तीन वर्ष पहले अपने मानवाधिकार रिकार्ड की आलोचना को लेकर मालदीव राष्ट्रमंडल से अलग होने के बाद मालदीव एक फरवरी को राष्ट्रमंडल में फिर शामिल हो गया.
- नेपाल ने पृथ्वी पर सर्वाधिक ऊंचाई पर फैशन शो आयोजित कर नया गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया.
- माउंट एवरेस्ट फैशन रनवे फैशन शो नामक आयोजन एवरेस्ट बेस कैंप के पास काला पत्थर में 5340 मीटर (17515 फीट) की ऊंचाई पर हुआ.
- जनमत संग्रह में जनादेश प्राप्त करने के तीन साल से अधिक समय के बाद 31 जनवरी को स्थानीय समय के अनुसार 23:00 बजे ब्रिटेन ने यूरोपीय संघ की अपनी 47 साल पुरानी सदस्यता आधिकारिक तौर पर समाप्त कर दी.

# चर्चित चेहरे

## अप्रैल - मार्च

**महाराजा रणजीत सिंह:** 19वीं शताब्दी में पंजाब में स्थापित सिख साम्राज्य के दिग्गज भारतीय शासक / राजा को बीबीसी वर्ल्ड हिस्ट्री मैगज़ीन द्वारा कराए गए सर्वेक्षण में दुनिया में' अब तक का सबसे महान नेता' चुना गया है.

**न्यायमूर्ति रंजन गोगोई:** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने 16 मार्च को भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश को राज्यसभा के लिए नामित किया.

**बाइज़ू रवीन्द्रन, गौरव गुप्ता होनहार युवाओं में**

बायजूस क्लासेस के संस्थापक बायजू रवीन्द्रन और ज़ोमेटो के सह-संस्थापक गौरव गुप्ता उन पाँच भारतीयों में शामिल हैं, जिन्हें विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी की गयी 40 वर्ष से कम आयु के 115 युवा वैश्विक नेताओं की नई सूची में शामिल किया गया है.

**बिल गेट्स:** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक ने माइक्रोसॉफ्ट के निदेशक मंडल से पद छोड़ने की घोषणा की. उन्होंने वारेन फेट के बर्कशायर हैथवे इंक का बोर्ड पद भी छोड़ दिया है, जिस पर वे 2004 से सेवारत थे.

**सत्यरूप सिद्धान्त:** भारतीय पर्वतारोही ने 7 चोटियों और 7 ज्वालामुखियों के शिखरों को फतह कर दुनिया के सबसे कम उम्र के पर्वतारोही होने के लिए लिम्का बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज किया.

## फरवरी

**राधाकिशन दमानी:** डी-मार्ट *रिटेल* चेन चलाने वाली *कंपनी एवेन्यू सुपरमार्केट के संस्थापक* 17.8 अरब डॉलर की संपत्ति अर्जित कर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी के बाद दूसरे सबसे अमीर भारतीय बन गए.

**शक्तिकांत दास:** लंदन की फाइनेंशियल इंटेलिजेंस मैगज़ीन The Banker ने भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर को एशिया प्रशांत क्षेत्र के 'सेंट्रल बैंकर ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिए चुना.

# नयी नियुक्तियां

## अप्रैल

**संजय कोठारी:** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने इन्हें भारत के मुख्य सतर्कता आयुक्त के तौर पर राष्ट्रपति भवन में शपथ दिलाई.

**प्रवीण राव:** इन्फोसिस के मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) को नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (NASSCOM) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया.

**एम एस महाबलेश्वर:** पुनः निजी क्षेत्र के कर्नाटक बैंक के एमडी और सीईओ नियुक्त किये गए.

**विश्वनाथन आनंद:** दिग्गज विश्व शतरंज चैंपियन को विश्व वन्यजीव कोष ने भारत के पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम का राजदूत नियुक्त किया है. वे इस भूमिका में पर्यावरण संरक्षण के सरोकारों को अपना समर्थन देंगे.

**कपिल देव त्रिपाठी:** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडलीय नियुक्ति समिति ने इन्हें राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद का सचिव नियुक्त किया है.

**टी. एस. तिरुमूर्ति:** 1985 बैच के IFS अधिकारी संयुक्त राष्ट्र संघ, न्युयोर्क में में भारत के अगले राजदूत / स्थायी प्रतिनिधि नियुक्त किये गए हैं. वे वर्तमान राजदूत सैय्यद अकबरुद्दीन का स्थान लेंगे.

gyanm.college Follow

879 posts 3,052 followers 712 following

Gyanm

🔥 Helping students realize their dreams for more than 10 years

🏆 Target: Making 5,000 students get a Govt Job before 2022. Be one of them!

# Government Jobs Made Easy




Follow Gyanm on Instagram & learn quick facts from trained teachers

https://www.instagram.com/gyanm.college/

www.gyanm.in

## मार्च

**शिवराज सिंह चौहान:** चौथी बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप शपथ ली.

**डॉ. अजय भूषण पांडे:** केंद्रीय वित्त सचिव के तौर पर नियुक्त किये गए.

**प्रशांत कुमार:** येस बैंक के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) और प्रबंध निदेशक (MD) नियुक्त किये गए.

## फरवरी

**बिमल जुल्का:** केन्द्रीय सूचना आयोग के अगले मुख्य सूचना आयुक्त चुने गए हैं.

**संजय कोठारी:** प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त समिति द्वारा नए केंद्रीय सतर्कता आयुक्त नियुक्त किये गए.

**देबाशीष पांडा:** वित्त मंत्रालय के नए वित्तीय सेवा सचिव नियुक्त किए गए.

**अजय बिसारिया:** कनाडा में अगले भारतीय उच्चायुक्त नियुक्त किये गए हैं.

**एम. अजीत कुमार:** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त किये गए हैं.

**सुनील मेहता:** पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वर्ष 2020 के लिए भारतीय बैंक संघ, IBA (मुंबई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चुने गए

# पुरस्कार एवं सम्मान

## अप्रैल

**7वां डॉ. एम एस स्वामीनाथन पुरस्कार:** तेलंगाना राज्य कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति वी. प्रवीण राव ने 2017-2019 के लिए कृषि अनुसंधान, शिक्षण, विस्तार और प्रशासन के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए जीता.

## मार्च

**चमेली देवी जैन पुरस्कार:** उत्कृष्ट महिला पत्रकारों को दिए जाने वाले इस पुरस्कार से "द वायर" की आरफा खानम शेरवानी और बेंगलुरु की फ्रीलांसर रोहिणी मोहन को सम्मानित किया गया.

**एबेल पुरस्कार 2020:** गणित के नोबेल के रूप में लोकप्रिय यह पुरस्कार येरुशलम (इज़राइल) के हिब्रू विश्वविद्यालय के हिलेल फुरस्टेनबर्ग और अमेरिका के येल विश्वविद्यालय के ग्रेगरी मार्गुलिस को दिया गया.

**प्रित्जकर पुरस्कार 2020:** पहली बार दो महिलाओं आर्किटेक्ट यवोन फैरेल और शेल्ली मैकनामारा को पुरस्कृत किया गया. ये दोनों डबलिन (आयरलैंड) में कार्यरत हैं.

## फरवरी

**कुष्ठ रोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय गांधी पुरस्कार:** व्यक्तिगत श्रेणी में डॉ. एन.एस. धर्मशक्तु को और संस्थागत श्रेणी में कुष्ठरोग मिशन ट्रस्ट को दिया गया.

**65वां फिल्मफेयर अवार्ड समारोह: 'गली बॉय' छायी**
**सर्वश्रेष्ठ फिल्म** - गली बॉय (जोया अख्तर)
**सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** - जोया अख्तर (गली बॉय)
**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** - रणवीर सिंह (गली बॉय)
**सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** - आलिया भट्ट (गली बॉय)
**लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड** - रमेश सिप्पी (फिल्म 'शोले' के निर्देशक)

**दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स 2020 मुंबई (महाराष्ट्र) में आयोजित**
**सर्वश्रेष्ठ फिल्म:** सुपर 30 (विकास बहल)
**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता:** ऋतिक रोशन (सुपर 30 )

**लंदन में आयोजित बाफ्टा पुरस्कार**
**सर्वश्रेष्ठ फिल्म:** 1917 (सैम मेंडेस)
**सर्वश्रेष्ठ निर्देशक:** सैम मेंडेस (1917)
**सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री:** रेनी ज़ेल्वेगर (जूडी)
**सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेता:** जोकिन फीनिक्स (जोकर)

**अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में आयोजित 92वें अकादमी (Oscar) पुरस्कार**
**सर्वश्रेष्ठ फिल्म:** पैरासाइट (दक्षिण कोरियाई फिल्मकार 'बॉन्ग जून हो' द्वारा निर्देशित)
**सर्वश्रेष्ठ निर्देशक:** बोंग जून-हो (पैरासाइट)
**सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री:** रेनी ज़ेल्वेगर (जूडी)
**सर्वश्रेष्ठ अभिनेता:** जोक्विन फीनिक्स ( जोकर)
**सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री फिल्म:** अमेरिकन फैक्ट्री (बराक और मिशेल ओबामा द्वारा निर्मित )

**डैन डेविड पुरस्कार 2020:** नारीवादी के क्षेत्र में कार्यरत भारतीय विदुषी और कार्यकर्ता गीता सेन को महिलाओं के अधिकारों, प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य और गरीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए "वर्तमान" श्रेणी के तहत सम्मानित किया गया.

**टायलर पुरस्कार 2020:** हरित अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए विश्व वन्यजीव कोष के अध्यक्ष और चेयरमैन पवन सुखदेव को पुरस्कृत किया गया.



# श्रद्धांजलि

## अप्रैल

**ऋषि कपूर:** दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता का 30 अप्रैल को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया. वे 67 वर्ष के थे. वे पिछले लगभग दो वर्षों से एक प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया) से पीड़ित थे.

**इरफान ख़ान:** प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता का 29 अप्रैल को मुंबई में निधन हो गया. मीडिया रिपोर्टों के अनुसार वे कोलन के एक दुर्लभ संक्रमण (पेट के कैंसर) से जूझ रहे थे.

**उषा गांगुली:** प्रख्यात रंगकर्मी का 75 वर्ष की आयु में 23 अप्रैल को दक्षिण कोलकाता में उनके निवास स्थान पर निधन हो गया. उन्होंने 1976 में रंगकर्मी समूह की स्थापना की.

**टोनी लुईस:** डकवर्थ-लुईस पद्धति के सह-आविष्कारक रहे ब्रिटिश क्रिकेटर का 1 अप्रैल को 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया.

**सर स्टर्लिंग मॉस:** फॉर्मूला 1 कार रेसिंग के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों में से एक रहे ब्रिटिश ड्राइवर का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उन्होंने लगभग हर प्रकार की कार चलाकर 529 रेसों में से 212 में जीत हासिल की.

**जीन डिच:** मशहूर कार्टून कैरेक्टर 'टॉम एंड जेरी' और 'पोपाय द सेलर' के जनक का 95 साल की उम्र में प्राग (चेकोस्लोवाकिया) में उनके निवास पर निधन हो गया.

## मार्च

**सतीश गुजराल:** विभिन्न माध्यमों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए पहचाने जाने वाले प्रसिद्ध कलाकार और वास्तुकार का नई दिल्ली में निधन हो गया. 94 वर्षीय गुजराल को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था

**निम्मी:** 1950 और 60 के दशक में आन, बरसात और दीदार जैसी हिंदी फिल्मों की मृगनयनी अदाकारा का लंबी बीमारी के बाद 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया.

**पी के बनर्जी:** 1962 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार और पद्म श्री से सम्मानित महान भारतीय फुटबॉलर की मृत्यु हो गई. वे 83 वर्ष के थे.

**राजयोगिनी दादी जानकी:** दुनिया की सबसे बड़ी आध्यात्मिक संस्था ब्रह्मा कुमारी संस्थान की प्रमुख का 104 वर्ष की आयु में राजस्थान के माउंट आबू में स्थित संस्थान के मुख्यालय में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया.

**जेवियर पेरेज़ डी कुएलर:** ईरान-इराक युद्ध और अल सल्वाडोर में हुए गृहयुद्ध के दौरान वैश्विक निकाय संयुक्त राष्ट्र का नेतृत्व करने वाले इसके पूर्व महासचिव, जो इस साल की 19 जनवरी को 100 साल के हुए थे, का उनके पैतृक देश पेरू में निधन हो गया.

## फरवरी

**डॉ. आर. के. पचौरी:** प्रसिद्ध पर्यावरणविद्, TERI (द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट) के पूर्व प्रमुख और संस्थापक का लंबे समय तक हृदय की बीमारी से जूझने के बाद 13 फरवरी को निधन हो गया. उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें 2001 में पद्म भूषण और 2008 में पद्म विभूषण दिया गया था. वे 79 वर्ष के थे.

**पी. परमेस्वरन:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के वरिष्ठतम प्रचारकों में से एक, प्रसिद्ध विचारक, लेखक और भारतीय विचार केन्द्रम के संस्थापक निर्देशक का ओट्टापलम (केरल) में 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया.

**डेनियल अराप मोई:** सर्वाधिक लंबे समय तक सेवारत रहे केन्याई राष्ट्रपति का 4 फरवरी को निधन हो गया. उन्होंने 1978 से 2002 तक केन्या पर शासन किया और लगातार पांच आम चुनाव जीते.

**मोहम्मद होस्नी मुबारक:** 30 वर्षों से सत्ता पर काबिज़ रहे मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति का वृद्ध आयु से संबंधित बीमारियों के कारण निधन हो गया. वे 91 वर्ष के थे.

**मैरी हिगिंस क्लार्क:** अमरीका की "क्वीन ऑफ़ सस्पेंस", जिनकी मुश्किल हालात से लड़ने वाली जुझारू महिलाओं की दास्तानों ने उन्हें दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय लेखकों की क़तार में ला खड़ा किया था, का निधन हो गया. वे 92 साल की थीं.

# चर्चित स्थान

## अप्रैल - मार्च

**गैरसैंण:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने घोषणा की कि उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी को जिला चमोली में **गैरसैंण** में स्थानांतरित कर दिया जाएगा. वर्तमान में देहरादून राज्य की राजधानी है.

**नीयू:** दक्षिण प्रशांत महासागर में एक छोटा सा द्वीप देश 'डार्क स्काई प्लेस' के रूप में मान्यता प्राप्त करने वाला दुनिया का पहला पूरा देश बन गया है.

## फरवरी

**IGIA हवाई अड्डा:** दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (IGIA) एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग से मुक्त हो गया है.

# खेल जगत

## अप्रैल

**पी. वी. सिंधु:** विश्व बैडमिंटन चैंपियन को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) के "मैं हूँ बैडमिंटन" जागरूकता अभियान का सद्भावना दूत बनाया गया है.

**फीफा की नवीनतम रैंकिंग में भारतीय फुटबॉल** टीम ने अपना 108वां स्थान बरकरार रखा है. रैंकिंग में बेल्जियम और विश्व चैंपियन फ्रांस क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं जबकि ब्राजील तीसरे स्थान पर है.

## मार्च

**अचंता शरत कमल:** शीर्ष भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी द्वारा मस्कट (ओमान) में खेले गए ITTF चैलेंजर प्लस ओमान ओपन (टेबल टेनिस) को जीतने के साथ ही उनका ख़िताब जीतने का एक दशक का इंतजार खत्म हुआ.

**ध्रुव बत्रा प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड:** नई दिल्ली में आयोजित तीसरे वार्षिक पुरस्कारों में राष्ट्रीय पुरुष और महिला टीमों के कप्तान मनप्रीत सिंह और रानी रामपाल ने क्रमशः पुरुषों और महिलाओं की श्रेणी में यह पुरस्कार जीता.

**बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ़ द ईयर अवार्ड - 2019:** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु ने जीता. स्प्रिंटर क्वीन पी टी उषा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया.

**रणजी ट्रॉफी:** करिश्माई कप्तान जयदेव उनादकट के नेतृत्व में सौराष्ट्र ने बंगाल को हराकर पहली बार प्रीमियम घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया. बाएं हाथ के ये तेज गेंदबाज इस सीजन में अब तक 67 विकेट ले चुके हैं.

**1 मार्च को भुवनेश्वर (ओडिशा) में संपन्न** हुए पहले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में पंजाब विश्वविद्यालय (चंडीगढ़) ने 17 स्वर्ण, 19 रजत और 10 कांस्य पदकों सहित 46 पदक जीतकर चैंपियन ट्रॉफी जीती.

**वसीम जाफर:** रणजी ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा 12,038 रन बनाने वाले मुंबई के 42 वर्षीय दिग्गज बल्लेबाज ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की है. उन्होंने सबसे अधिक शतक (40) बनाने और कैच (200) लेने का घरेलू रिकॉर्ड भी अपने नाम किया.

## फरवरी

**डी. गुकेश:** तमिलनाडु के 13 वर्षीय चेस ग्रैंडमास्टर फ्रांस में आयोजित 34वें कान्स ओपन शतरंज टूर्नामेंट में चैंपियन बने.

**भारतीय साइकिलिस्ट एसो अल्बेन** ने छह दिवसीय बर्लिन (जर्मनी) टूर्नामेंट में पुरुषों के कीरिन श्रेणी में साइकिलिंग स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता. कीरिन एक विशेष गति आधारित साइकिलिंग है.

**कोनेरू हंपी:** विश्व रैपिड चैंपियन ने अमेरिका के सेंट लुइस (मिसौरी) में हुआ कैर्न्स कप शतरंज टूर्नामेंट जीता.

**शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने महिला वर्ग और सौरव घोषाल** ने चेन्नई में आयोजित 77वीं सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पुरुष वर्ग में क्रमश:18वां और 13वां खिताब अपने नाम किया.

**आदित्य मेहता:** दिग्गज क्यू खिलाड़ी ने पुणे में हुई राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप में कई बार विश्व चैंपियन रहे पंकज आडवाणी को 6-2 से हराकर यह प्रतियोगीता जीत ली. दूसरी तरफ महिलाओं का खिताब कर्नाटक की विद्या पिल्लई ने जीता.

**सुनील कुमार:** नई दिल्ली में आयोजित *एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप के ग्रीको रोमन* श्रेणी के *87 किग्रा* भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता.

**दिव्या काकरान** ने 68 किग्रा वर्ग में स्वर्ण जीतकर एशियाई स्तर पर स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय महिला बनने का गौरव हासिल किया. **रवि दहिया** ने 57 किग्रा वर्ग में अपना पहला एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण जीता.

**चंद्रकांत माली:** भारतीय भारोत्तोलक ने 7 फरवरी को कोलकाता में आयोजित नेशनल वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में पुरुषों के 109 किलोग्राम वर्ग में तीन नए रिकॉर्ड बनाए.

**मीराबाई चानू :**पूर्व विश्व चैंपियन ने राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के 49 किग्रा वर्ग में 203 किग्रा वजन उठाकर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता इससे पहले मीराबाई के नाम .201 किग्रा वज़न उठाने का राष्ट्रीय रिकार्ड था .

### ESPN खेल पुरस्कार घोषित

**सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी :**वर्ल्ड चैंपियन शटलर पी वी सिंधु (लगातार तीसरी बार जीतीं)

**सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी:** 17 वर्षीय किशोर सौरभ चौधरी, मेरठ (यूपी). उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक जीते हैं, जिसमें से ज्यादातर स्वर्ण पदक हैं.

**सर्वश्रेष्ठ नवोदित** खिलाड़ी :दीपक पुनिया (पहलवान)

**सर्वश्रेष्ठ टीम :**मनु भाकर, सौरभ चौधरी (युवा निशानेबाज़)

**रानी रामपाल:** भारतीय महिला टीम की कप्तान दुनिया भर में हुए मतदान के आधार पर अंतर्राष्ट्रीय विश्व खेल संघ (स्विट्जरलैंड) का प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर' पुरस्कार जीतने वाली पहली हॉकी खिलाड़ी बनीं. मतदान में पड़े 7 लाख से अधिक वोटों में से रानी ने लगभग 2 लाख वोट हासिल किए.

**मनप्रीत सिंह :**भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा 2019 का प्लेयर ऑफ द ईयर घोषित किया गया .1999 में पुरस्कारों की शुरुआत होने के बाद से यह पुरस्कार जीतने वाले वे पहले भारतीय बन गए हैं.

**मिज़ोरम की 19 वर्षीय हॉकी खिलाड़ी लालरेम्सियामी** को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा "2019 FIH महिला राइजिंग स्टार ऑफ़ द ईयर " नामित किया गया है.

**खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2020** का आयोजन केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश में कुछ कार्यक्रमों में किया गया.

**लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर (LSRC) रेड** ने लेह, लद्दाख में खेला गया पहला पुरुष वर्ग खेलो इंडिया आइस हॉकी टूर्नामेंट 2020 जीता.

**6वीं नेशनल आइस स्टॉक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप** गुलमर्ग (जम्मू और कश्मीर) के आइस रिंक में आयोजित की गई. आयोजन में 18 राज्यों के दो सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया. जम्मू और कश्मीर टीम ने टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता.

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)** स्थित अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने घोषणा की कि भारत 2021 में होने वाले जूनियर पुरुष विश्व कप का मेजबान होगा.

**20 अक्टूबर से 4 नवंबर 2020 तक गोवा में होने वाले 36वें राष्ट्रीय खेलों** के लिए आग से रंग वाली गर्दन वाली बुलबुल और गोवा के राज्य पक्षी 'रूबिगुला' का शुभंकर के तौर पर आधिकारिक अनावरण किया गया.

## अंतर्राष्ट्रीय खेल जगत

**ऑस्ट्रेलियन ओपन का समापन**

**सर्बिया के नोवाक जोकोविच** ने ऑस्ट्रिया के डॉमिनिक थिएम को हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार पुरुष एकल खिताब जीता.

**अमेरिकी खिलाड़ी सोफिया केनिन** ने स्पेन की गारबाइन मुगुरूजा को हराकर अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता.

**द लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स - 2020**

**लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ़ द ईयर:** लिओनेल मेसी (अर्जेंटीना के फुटबॉलर) और लुईस हैमिल्टन (ब्रिटेन के F1 रेसर)

**लॉरियस स्पोर्ट्सवुमन ऑफ़ द ईयर:** सिमोन बाइल्स (ओलंपिक और विश्व चैम्पियनशिप में सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाली अमेरिकी जिम्नास्टिक सुपरस्टार)

**लॉरियस टीम ऑफ द ईयर:** दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय रग्बी टीम (रग्बी विश्व कप, 2019 की विजेता)

**रॉस टेलर:** न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज क्रिकेट के तीनों प्रारूपों (टेस्ट, वनडे और टी 20) में 100-100 मैच खेलने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं.

**IOC कोच लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड्स**

**पुरुष वर्ग** - मैल्कम अर्नोल्ड (युगांडा), एथलीटों के प्रशिक्षण के लिए

**महिला वर्ग** – उल्ला कोच (जर्मनी), जिमनास्टों के प्रशिक्षण के लिए

**आईसीसी अंडर -19 विश्व कप:** बांग्लादेश ने जेबी मार्क्स ओवल, पोटचेफस्ट्रूम (दक्षिण अफ्रीका) में आयोजित फाइनल मैच में भारत को तीन विकेट से हराकर पहली बार क्रिकेट कप जीता.

**आईसीसी महिला चैंपियनशिप ट्रॉफी 2020:** मेघन मोइरा लैनिंग की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीती.








# Model Test For
# सामान्य / अर्थव्यवस्था / बैंकिंग जागरूकता



## जुलाई GK - 01

**1. किसे हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है?**
a) ज्ञानेंद्रो निगोमबाम
b) बलबीर सिंह
c) सुनील छेत्री
d) धनराज पिल्लई
e) संजय सिंह

**2. विश्व जनसंख्या दिवस विश्व भर में कब मनाया जाता है?**
a) 12 जुलाई
b) 13 जुलाई
c) 11 जुलाई
d) 10 जुलाई
e) 18 जुलाई

**3. भारत में पहली बार किस राज्य में ई-लोक अदालत का आयोजन किया गया?**
a) हिमाचल प्रदेश
b) छत्तीसगढ़
c) अरुणाचल प्रदेश
d) महाराष्ट्र
e) झारखंड

**4. किस राज्य ने दूध की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए 'प्योर फॉर श्योर' अभियान शुरू किया है?**
a) हिमाचल प्रदेश
b) छत्तीसगढ़
c) राजस्थान
d) महाराष्ट्र
e) गुजरात

**5. फ्लिपकार्ट ने किस राज्य के साथ उस राज्य के कला, शिल्प और हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए?**
a) कर्नाटक
b) छत्तीसगढ़
c) राजस्थान
d) महाराष्ट्र
e) नागालैंड

**6. भारतीय रिज़र्व बैंक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का अंतिम उपाय का ऋणदाता है क्योंकि-**
a) सभी बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक से संपर्क कर सकते हैं जब उनकी ऋण सीमा समाप्त हो जाती है.
b) वे अन्य बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सक्षम नहीं हैं.
c) भारतीय रिजर्व बैंक आवश्यकता पड़ने पर किसी भी ऐसे बैंक के बचाव के लिए आ सकता है जिसे अस्थायी तरलता की आवश्यकता है और उसे कहीं और से वित्तीय सहायता मिलने की कोई उम्मीद नहीं है.
d) उपरोक्त सभी
e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है.

**7. मुद्रा नोटों की डिजाइन, रूप और सामग्री तय करने का अंतिम अधिकार किसके पास है?**
a) केंद्र सरकार
b) भारतीय रिज़र्व बैंक
c) इंडियन बैंक्स एसोसिएशन
d) नोट नोटिंग अथॉरिटी ऑफ इंडिया
e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है.

**8. किस एयरोस्पेस कंपनी ने भारतीय वायु सेना को 22 अपाचे और 15 चिनूक सैन्य हेलीकॉप्टर सप्लाई किए हैं?**
a) एयरबस
b) जनरल डायनेमिक्स
c) नॉर्थ्रोप ग्रुमैन
d) बोइंग
e) बीएई सिस्टम्स

**9. किस आईआईटी ने भारत की पहली "एनविडिया एआई (AI) प्रौद्योगिकी केंद्र" (NVIDIA) स्थापित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी, एनविडिया के साथ समझौता किया है?**
a) IIT- हैदराबाद
b) IIT- मद्रास
c) IIT- रोपड़
d) IIT- दिल्ली
e) IIT - बॉम्बे

**10. किस संगठन के मुख्यालय को 2020 के यूएस ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (USGBC) लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया है?**

a) ICC b) IOC
c) FIFA d) IMF
e) WHO

**11. हाल ही में Google ने Google+ को फिर से लॉन्च किया है और इसका नाम बदलकर __________ कर दिया गया है?**

a) Google ++ b) Google Create
c) Google Current d) Google Play
e) Google Fast

**12. निम्नलिखित में से कौन भारत के सबसे बड़े बैंक - भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष हैं?**

a) केके वेणुगोपाल b) रजनीश कुमार
c) तुषार मेहता d) किरण मजूमदार
e) एम के जैन

**13. भारतीय रिज़र्व बैंक के हाथों में साख नियंत्रण का निम्नलिखित में से कौन सा साधन है?**

I. छूट और ब्याज दरों को कम करना या बढ़ा देना.
II. प्रमुख कृषि उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाना.
III. वाणिज्यिक बैंकों द्वारा बनाए गए न्यूनतम नकद भंडार को कम करना या बढ़ा देना.
नीचे दिए गए कोड का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें.

a) केवल I b) केवल II
c) केवल III d) I और III दोनों
e) II और III दोनों

**14. निम्नलिखित में से क्या भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा तय किया जाता है?**

I. डिपॉजिट की ब्याज दरें II. आधार दर
III. प्राइम लेंडिंग रेट (मूल उधार दर)
नीचे दिए गए कोड का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:

a) केवल I b) केवल II
c) केवल III d) II और III
e) इनमें से कोई नहीं

**15. जैसा कि हम सभी जानते हैं, भारत में अनुसूचित बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ अपनी मांग और समय देनदारियों का एक निश्चित हिस्सा बनाए रखना आवश्यक है. इस भाग को ________कहा जाता है.**

a) वैधानिक तरलता अनुपात b) नकद आरक्षित अनुपात
c) बैंक आरक्षित जमा d) रिवर्स रिपो
e) सरकारी प्रतिभूतियाँ

**16. भारत की सुरक्षा, रक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए और भारत के लोगों के डेटा और गोपनीयता की रक्षा के लिए, सरकार ने 29 जून को ____ मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया जो चीन से सम्बंधित थे.**

a) 51 b) 55
c) 59 d) 63
e) 72

**17. केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा 1 जुलाई 2020 से एक और वर्ष के लिए भारत के अटॉर्नी जनरल के रूप में फिर से किसे नियुक्त किया गया है?**

a) तुषार मेहता b) के के वेणुगोपाल
c) मुकुल रोहतगी d) कपिल सिब्बल
e) रंजीत कुमार

**18. हाल ही में जारी ग्लोबल रियल एस्टेट पारदर्शिता सूचकांक में भारत का रैंक क्या है?**

a) 30वीं b) 34वीं
c) 28वीं d) 44वीं
e) 17वीं

**19. किस राज्य ने 'सेल्फ स्कैन' नाम से एक मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है, जो लोगों को अपने महत्वपूर्ण व्यक्तिगत दस्तावेजों को अपने मोबाइल फोन में संग्रहीत करने के लिए स्कैन करने में सक्षम बनाता है?**

a) पश्चिम बंगाल b) महाराष्ट्र
c) उत्तर प्रदेश d) बिहार
e) सिक्किम

**20. किस देश की रेलवे ने ओवरहेड लाइन को सीधे बिजली देने के लिए दुनिया का पहला सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है?**

a) चीन b) जापान
c) यूएसए d) भारत
e) जर्मनी

**21. भारतीय रिज़र्व बैंक या केंद्र सरकार के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मांग पर देय होने के लिए किसी भी वचन पत्र, हुंडी या बिल जारी करने के लिए ड्राइंग, स्वीकार करना, बनाना या जारी करना_____________के तहत निषिद्ध है.**

a) बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949
b). भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934
c) परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881
d) भारतीय अनुबंध अधिनियम, 1872
e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है

**22. भारतीय रिज़र्व बैंक के सार्वजनिक ऋण कार्यालय की क्या भूमिका है?**

a) यह ट्रेजरी बिल को छोड़कर सभी प्रकार की सरकारी प्रतिभूतियों के लिए एक केंद्रीय डिपॉजिटरी है.

b) यह भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नोट जारी करने के कार्य में भाग लेता है.

c) यह रुपये के बाहरी मूल्य को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है.

d) यह भारत सरकार के भुगतान की स्थिति के संतुलन को नियंत्रित करता है.

e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है.

**23. हाल ही में ख़बरों में रही गोल्डन बर्डविंग निम्न में से किस प्रजाति से संबंधित है?**

a) चील	b) तितली
c) चमगादड़	d) छिपकली
e) टिड्डा

**24. कौन सा / से देश दक्षिण पूर्व एशिया में खसरा और रूबेला को खत्म करने वाला पहला देश बन गया है?**

a) मालदीव	b) श्रीलंका
c) इंडोनेशिया	d) मलेशिया
e) a और b दोनों

**25. स्कूली बच्चों को मोबाइल एप्लिकेशन बनाना सिखाने के लिए अटल इनोवेशन मिशन के तहत NITI Aayog द्वारा कौन सा मॉड्यूल लॉन्च किया गया है?**

a) डिजिटल लर्निंग मॉड्यूल
b) ऑनलाइन मोब लर्निंग मॉड्यूल
c) ऑनलाइन लर्निंग मॉड्यूल
d) ATL ऐप डेवलपमेंट मॉड्यूल
e) इनमें से कोई नहीं

**26. निम्न में से कौन सा देश सबसे बड़ा कैमरा ट्रैप वन्यजीव सर्वेक्षण करने के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह ले चुका है?**

a) ब्राजील	b) चीन
c) भारत	d) यूएसए
e) रूस

**27. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किन अनुमोदित परिसंपत्तियों के एवज़ में मुद्रा नोट जारी किए जाते हैं?**

a) सोने का सिक्का, बुलियन और रुपया का सिक्का

b) विदेशी प्रतिभूतियां और भारत सरकार का किसी भी परिपक्वता अवधि की रुपया-अंकित प्रतिभूतियां

c) भारत में देय एक्सचेंज और प्रोमिसरी नोट्स के बिल जो RBI द्वारा खरीदे जाने के पात्र हैं.

d) उपरोक्त सभी

e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है.

**28. यूके सरकार द्वारा जारी नए आंकड़ों के अनुसार कौन सा देश वित्तीय वर्ष 2019-20 में ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के जरिए निवेश करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निवेशक बन गया है?**

a) जापान	b) चीन
c) भारत	d) यूएसए
e) जर्मनी

**29. ब्राजील द्वारा विकसित पहले पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का नाम बताइए?**

a) Amazonia-1	b) SROSS-1
c) Chinook-1	d) BSL-1
e) Rio-de I

**30. भारतीय रेलवे ने किस वर्ष तक 100% स्वच्छ ऊर्जा पर चलने वाली दुनिया की पहली ग्रीन रेलवे बनने की योजना बनाई है?**

a) 2025	b) 2022
c) 2030	d) 2035
e) 2028

**31. किस राज्य सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क न पहनने वाले व्यक्तियों को दंडित करने के लिए 'रोको -टोको' अभियान शुरू किया?**

a) पंजाब	b) महाराष्ट्र
c) राजस्थान	d) मध्य प्रदेश
e) गुजरात

**32. विश्व मलाला दिवस कब मनाया गया था?**

a) 10 जुलाई	b) 9 जुलाई
c) 12 जुलाई	d) 11 जुलाई
e) 15 जुलाई

**33. पारिभाषिक शब्द 'Ways and Means Advances' से क्या तात्पर्य है?**

a) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा DRI योजना के तहत अनुमत अग्रिम राशि

b) बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अनुमत अग्रिम राशि

c) RBI द्वारा सरकार को दी गयी अल्पकालिक आर्थिक अग्रिम

d) उपरोक्त सभी

e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है

**34. निम्नलिखित में से किस संगठन को प्रतिष्ठित CII-ITC सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2019 से सम्मानित किया गया?**

a) IOC b) NTPC
c) INGC d) TCS
e) SAIL

**35. COVID-19 वैक्सीन के मानव परीक्षणों को पूरा करने वाला विश्व का पहला देश कौन बन गया?**

a) रूस b) अमेरिका
c) भारत d) चीन
e) ब्रिटेन

**36. इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ एस्ट्रोनॉटिक्स (IAA) द्वारा वॉन कर्मन पुरस्कार 2020 के लिए किसे चुना गया है?**

a) अनुराधा टी.के. b) ऋतु करीधल
c) के. सिवन d) हरिंद्र दवे
e) टेसी थॉमस

**37. किस राज्य को IT क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'एलिट्स एक्सीलेंस अवार्डस 2020' से सम्मानित किया गया है?**

a) तमिलनाडु b) छत्तीसगढ़
c) पंजाब d) हरियाणा
e) त्रिपुरा

**38. पोलैंड के राष्ट्रपति के रूप में चुने गए व्यक्ति का नाम बताइए?**

a) आंद्रेज़ डूडा b) सर्जियो मटारेला
c) मिखाइल मिष्टुतिन d) स्टीफन लोफवेन
e) इनमें से कोई नहीं

**39. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-**

1. अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक वे हैं जिन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की पहली अनुसूची में शामिल किया गया है.
2. गैर-अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक वे हैं जिन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की द्वितीय अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है.
3. पंजाब नेशनल बैंक एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक है.

उपरोक्त कथनों में से कौन सा/ से सही है/ हैं?

a) केवल 2 b) केवल 2 और 3
c) दोनों 1 और 2 d) उपरोक्त सभी
e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है.

**40. भारत का एकमात्र 'गोल्डन टाइगर' हाल ही में किस राज्य में देखा गया?**

a) गुजरात b) ओडिशा
c) असम d) महाराष्ट्र
e) मध्य प्रदेश

**41. हाल ही में किस आईआईटी ने 'SHUDH 'नामक एक अल्ट्रा वायलेट सैनिटिज़िंग उपकरण विकसित किया है?**

a) IIT- कानपुर b) IIT- रोपड़
c) IIT- मद्रास d) IIT- रुड़की
e) IIT - दिल्ली

**42. BCCI के अंतरिम सीईओ के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**

a) राहुल द्रविड़ b) रवींद्र जडेजा
c) सौरव गांगुली d) हेमांग अमीन
e) रवि शास्त्री

**43. द्विवर्षीय ASEAN (एसोसिएशन ऑफ साउथईस्ट एशियन नेशंस) समिट 2020 का 36 वां संस्करण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किस शहर में आयोजित किया गया था?**

a) हनोई b) कुआलालंपुर
c) जकार्ता d) बैंकॉक
e) मनीला

**44. नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (NPA) से निपटने के लिए विशेष रूप से किस अधिनियम को बनाया गया था?**

a) बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949
b) ऋण वसूली अधिकरण अधिनियम, 1993
c) औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947
d) सरफेसी (SARFAESI) अधिनियम, 2002
e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है

**45. किस राज्य में जुलाई, 2020 में 20 हज़ार करोड़ रुपये की 11 राजमार्ग परियोजनाओं की नींव रखी गई?**

a) महाराष्ट्र b) हरियाणा
c) पंजाब d) मध्य प्रदेश
e) तमिलनाडु

**46. प्रो. पी. सी. महालनोबिस पुरस्कार भारत सरकार द्वारा किस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है?**

a) सार्वजनिक सेवा b) भौतिकी
c) विज्ञान d) सांख्यिकी
e) गणित

**47. "ए सॉन्ग ऑफ इंडिया" नामक पुस्तक ________ द्वारा लिखी गई है?**

a) अमिताभ कांत b) के.के. वेणुगोपाल
c) सलमान रुश्दी d) रस्किन बॉन्ड
e) अमीश त्रिपाठी




## Online Videos for All Government Exams

For Free Learning

Subscribe to

**Gyanm YouTube Channel**

**www.youtube.com/c/GroverGyanm**

www.gyanm.in

48. **मानव संसाधन विकास मंत्री ने डिजिटल शिक्षा पर 'PRAGYATA' दिशानिर्देशों को आभासी रूप में में जारी किया. वर्तमान मानव संसाधन विकास मंत्री कौन हैं?**

a) नितिन गडकरी　　b) धर्मेंद्र प्रधान
c) रमेश पोखरियाल निशंक　　d) जितेंद्र सिंह
e) स्मृति ईरानी

49. **पीएम स्व-निधि योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश शीर्ष स्थान पर है. यह योजना निम्न में से किसके लिए है?**

a) सीमांत किसानों के लिए　　b) ठेला फड़ी वालों के लिए
c) दुकानदारों के लिए　　d) कारीगरों के लिए
e) मजदूरों के लिए

50. **वैश्विक मानवतावादी पुरस्कार 2020 के तहत निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को शीर्ष प्रचारक के रूप में सम्मानित किया गया है?**

a) के सिवन　　b) सचिन पायलट
c) अविनाश पांडे　　d) अर्नब गोस्वामी
e) इनमें से कोई नहीं

# जुलाई GK - 02

1. **निम्नलिखित में से किस संगठन ने हाल ही में अपना 39वां स्थापना दिवस मनाने के लिए अपना पहला 'डिजिटल चौपाल' आयोजित किया?**

a) SEBI　　b) NHB
c) NABARD　　d) RBI
e) IRDAI

2. **भारतीय रेलवे भारत के पहले केबल स्टे रेल ब्रिज का निर्माण किस राज्य / केन्द्र शासित प्रदेश में कर रहा है?**

a) अरुणाचल　　b) मणिपुर
c) जम्मू और कश्मीर　　d) असम
e) मेघालय

3. **एशियाई विकास बैंक ने भारत के किस ब्यूरोक्रेट को अपना नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया है?**

a) पी श्रीनिवासन　　b) अशोक लवासा
c) डॉ. विधु पी. नायर　　d) सचिन अवस्थी
e) राजीव कुमार

4. **उस क्रिकेटर का नाम बताइए जिसे स्पोर्ट्सअड्डा ने अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है?**

a) शेन वॉटसन　　b) शेन वार्न
c) मिशेल जॉनसन　　d) ब्रेट ली
e) बेन स्टोक्स

5. **किस हवाई अड्डे ने भारत की पहली पूरी तरह से संपर्क रहित हवाई अड्डा कार पार्किंग शुरू की है?**

a) इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली
b) राजा भोज एयरपोर्ट, भोपाल
c) कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा
d) केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलुरु
e) राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, हैदराबाद

6. **उस भारतीय संस्थान का नाम बताइए जिसने दुनिया की सबसे सस्ती COVID-19 डायग्नोस्टिक किट "Corosure" विकसित की है?**

a) आई आई एस सी बेंगलुरु　　b) ICMR, नई दिल्ली
c) आईआईटी, दिल्ली　　d) सीडीआरआई, लखनऊ
e) सीएसआईआर, नई दिल्ली

7. **'स्मार्ट मनी' किसके लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है?**

A. इंटरनेट बैंकिंग　　B. बैंकों में सावधि जमाएं
C. क्रेडिट कार्ड　　D. डिजिटल मनी
E. बैंक नोट

8. **बेसल- II मानदंड बैंकिंग उद्योग में निम्नलिखित में से किन पहलुओं से संबंधित हैं?**

(a) जोखिम प्रबंधन　　(b) जनशक्ति नियोजन
(c) कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति लाभ
(d) कॉर्पोरेट प्रबंधन
(e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं

9. **2020 के लिए "इन्फ्रा बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर अवार्ड" से किसे सम्मानित किया गया है?**

a) सुंदरपाइचई　　b) सत्य नडेला
c) वेद प्रकाश दुदेजा　　d) मुकेश अंबानी
e) रोशनी नाडर

10. **भारतीय रेलवे की निम्नलिखित में से किस इकाई द्वारा पोस्ट COVID कोच विकसित किया गया है?**

a) आरसीएफ, कपूरथला
b) कोंकण रेलवे कॉर्प, बेलापुर
c) कोच्चि कोच फैक्ट्री
d) मॉडर्न कोच फैक्ट्री, रायबरेली
e) इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई

11. **किस राज्य ने अपने पोबा रिजर्व फ़ॉरेस्ट को एक वन्यजीव अभयारण्य में अपग्रेड करने की घोषणा की है?**

a) अरुणाचल प्रदेश b) असम
c) नागालैंड d) केरल
e) मध्य प्रदेश

**12. नीला सत्यनारायण का हाल ही में निधन हो गया, वह किस राज्य की पहली महिला चुनाव आयुक्त थीं?**
a) मध्य प्रदेश b) उत्तर प्रदेश
c) महाराष्ट्र d) केरल
e) तमिलनाडु

**13. किस राज्य की पुलिस महिला सुरक्षा विंग ने राज्य में बच्चों और महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध से निपटने के लिए "CybHer" अभियान शुरू किया है?**
a) ओडिशा b) आंध्र प्रदेश
c) तेलंगाना d) अरुणाचल प्रदेश
e) छत्तीसगढ़

**14. निम्नलिखित में से कौन सा ऋण पर नियंत्रण पाने का तरीका नहीं है?**
a) आरक्षित नकद अनुपात b) मुक्त बाजार संचालन
c) ऋण - जमा अनुपात d) बैंक दर नीति
e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है

**15. "द टैंगम्स" नामक पुस्तक एक लुप्तप्राय आदिवासी समूह के बारे में है। वे किस राज्य के हैं?**
a) पश्चिम बंगाल b) झारखंड
c) अरुणाचल d) ओडिशा
e) मणिपुर

**16. नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कौन हैं?**
a) नरेंद्र मोदी b) अमिताभ कांत
c) अजीत डॉवल d) शशांक मनोहर
e) राजीव कुमार

**17. हाल ही में किस संगठन ने IL 76 सैन्य कार्गो विमानों के लिए पूरी तरह से स्वदेशी P7 हैवी ड्रॉप सिस्टम विकसित किया है?**
a) ISRO b) CSIR
c) ITBP d) DRDO
e) BHEL

**18. भारत की सबसे अमीर महिला रोशनी नाडर कौन सी सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनी का नेतृत्व करने वाली पहली महिला बन गई हैं?**
a) HCL Technologies Ltd. b) TCS Ltd.
c) MindTree Ltd. d) Infosys Ltd.
e) Mphasis Ltd.

**19. अनिवासी भारतीयों द्वारा भारत में धन प्रेषण में वृद्धि से क्या होता है?**
a) भारत में भुगतान घाटे में वृद्धि होती है
b) भारत में भुगतान घाटे में कमी होती है
c) भुगतान की स्थिति पर कोई प्रभाव नहीं
d) उपरोक्त सभी
e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सही नहीं है

**20. किस वैश्विक आईटी दिग्गज ने भारत में ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 10 अबर डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है?**
a) आईबीएम b) माइक्रोसॉफ्ट
c) गूगल d) फेसबुक
e) एप्पल

**21. 10 जुलाई को आंध्र प्रदेश के किस ज़िले से सूखी मिर्च लेकर जाने वाली पहली पार्सल कार्गो ट्रेन को बांग्लादेश के लिए रवाना किया गया.**
a) विजयवाड़ा b) विशाखापत्तनम
c) काकीनाडा d) गुंटूर
e) नेल्लोर

**22. भारत सरकार ने किस देश के साथ सड़क मार्ग से व्यापार की सुविधा के लिए अहले (पसाखा) में एक नया भूमि सीमा शुल्क केंद्र खोला है?**
a) बांग्लादेश b) भूटान
c) म्यांमार d) नेपाल
e) चीन

**23. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र के किस अंग के उच्च-स्तरीय खंड में आभासी मुख्य भाषण दिया था?**
a) महासभा b) सुरक्षा परिषद
c) आर्थिक और सामाजिक परिषद
d) ट्रस्टीशिप परिषद
e) विशेष सभा

**24. किस बॉलीवुड हस्ती को टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (TIFF) 2020 का राजदूत (एंबेसडर) चुना गया है.**
a) आमिर खान b) नवाजुद्दीन सिद्दीकी
c) भूमि पेडनेकर d) अक्षय कुमार
e) प्रियंका चोपड़ा

**25. पूंजी बाजार में, अंतरपणन (Arbitrage) शब्द किस संदर्भ में प्रयोग किया जाता है?**
a) बिक्री तक पहुँचने के लिए प्रतिभूतियों की खरीद
b) खरीद पर नुकसान को कम करने के लिए प्रतिभूतियों की बिक्री
c) कीमत में असंतुलन से लाभ के लिए किसी संपत्ति की एक साथ खरीद और बिक्री
e) विभिन्न बाजारों में भिन्नता e) उपरोक्त सभी

**26. विनिर्माण इकाई की लागत प्रतिस्पर्धा और परिचालन स्थितियों के संदर्भ में भारत 48 देशों के बीच वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थानों की सूची में ________स्थान पर है.**
a) तीसरे b) सातवें
c) दसवें d) तेरहवें
e) पन्द्रहवें

**27. सीबीएसई ने वर्तमान शैक्षणिक वर्ष 2020-21 में किस आईटी दिग्गज के साथ मिलकर ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के लिए एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पाठ्यक्रम एकीकृत किया है?**

a) Amazon b) Azure
c) IBM d) Alibaba
e) Google

**28. किस पहाड़ी राज्य / केंद्र शासित प्रदेश ने 5 मेगावाट बिजली पैदा करने और बिजली उत्पादन के लिए कचरे का उपयोग करके प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए 'Waste to Energy' नामक एक पहल शुरू की है?**

a) लद्दाख b) जम्मू और कश्मीर
c) हिमाचल प्रदेश d) उत्तराखंड
e) सिक्किम

**29. प्रो. सी. एस. शेषाद्रि, स्वतंत्रता के बाद के समय में भारतीय गणित के विद्वानों में से एक का 17 जुलाई को निधन हो गया. उन्हें गणित की किस शाखा में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए याद किया जायेगा?**

a) बीजगणित b) बीजगणितीय ज्यामिति
c) त्रिकोणमिति d) ज्यामिति
e) एल्गोरिदम

**30. भारत ने किस देश के साथ आपातकालीन कच्चे तेल के भंडार पर सहयोग के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें भारत द्वारा उस देश में तेल के भंडारण की संभावना भी शामिल है?**

a) अमेरिका b) सऊदी अरब
c) रूस d) ईरान
e) कुवैत

**31. कई बार हम समाचार पत्रों में future trading के बारे में पढ़ते हैं. 'future trading' क्या है?**

I. यह किसी भी दो स्टॉक एक्सचेंजों के बीच व्यापार है, जिसमें एक दूसरे के शेयरों को एक वर्ष में एक निश्चित कीमत पर खरीदने का फैसला किया जाता है.

II. यह भविष्य में अंतर्निहित संपत्ति खरीदने या बेचने के लिए दोनों पक्षों के बीच एक समझौता है.

III. यह स्टॉक एक्सचेंजों के बीच एक समझौता है कि वे भविष्य में या किसी निश्चित अवधि के लिए किसी भी परिस्थिति में एक-दूसरे के शेयरों का व्यापार नहीं करेंगे.

नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें.

a) केवल I b) केवल II
c) केवल III d) II और III
e) दिए गए विकल्पों में से कोई भी सत्य नहीं है

**32. तीसरी G20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स (FMCBG) की वर्चुअल मोड में बैठक 18 जुलाई को किस स्थान पर हुई थी?**

a) पेरिस b) ओसाका
c) कैनबरा d) रियाद
e) जिनेवा

**33. रक्षा अधिग्रहण परिषद ने सशस्त्र बलों को अपनी तत्काल परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए _____ करोड़ रुपये तक तत्काल पूंजी अधिग्रहण के लिए शक्तियां सौंपी हैं.**

a) 100 b) 200
c) 300 d) 400
e) 500

**34. जी -20 में एक स्थायी सचिवालय नहीं है. समूह की अध्यक्षता प्रतिवर्ष इसके सदस्यों में से से किसी के द्वारा की जाती है। वर्ष 2020 के लिए कौन सा देश इसकी अध्यक्षता कर रहा है?**

a) संयुक्त राज्य अमेरिका b) सऊदी अरब
c) जापान d) ब्राज़िल
e) इटली

**35. भारत निम्नलिखित बहु राष्ट्र क्षेत्रीय सहयोग समूहों में से किसका सदस्य नहीं है?**

a) SAARC b) BIMSTEC
c) ASEAN d) SCO
e) SAFTA

**36. ________ असुरक्षित बांड हैं जिन्हें कंपनी इक्विटी या स्टॉक में परिवर्तित नहीं किया जा सकता है?**

a) पूरी तरह से परिवर्तनीय डिबेंचर्स
b) आंशिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर्स
c) परिवर्तनीय डिबेंचर्स
e) गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर्स
e) ये सब

**37. भारतीय संविधान में _________अनुच्छेद, जाति, धर्म, लिंग, जाति और जन्म स्थान के आधार पर किसी भी नागरिक के खिलाफ राज्य द्वारा भेदभाव पर प्रतिबंध लगाता है?**

a) 15 b) 17
c) 21 d) 24
e) 27

**38. शंघाई सहयोग संगठन का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है?**

a) शंघाई b) बीजिंग
c) ताशकंद d) मास्को
e) बिश्केक

**39. यूरोपीय संघ का मुख्यालय निम्नलिखित में से किस शहर में स्थित है?**

a) द हेग
b) ब्रसेल्स
c) स्टॉकहोम
d) जिनेवा
e) ओस्लो

**40. निम्न में से कौन सा शहर अपने हाथी महोत्सव पूरम पर्व के लिए प्रसिद्ध है?**
a) कोच्चि
b) त्रिची
c) त्रिशूर
d) कोल्लम
e) पेरियार

**41. भारत के वर्तमान केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री कौन हैं?**
a) बाबुल सुप्रियो
b) प्रकाश जावड़ेकर
c) मेनका गांधी
d) अर्जुन मुंडा
e) जे पी नड्डा

**42. विश्व में सबसे बड़ा महासागर निम्नलिखित में से कौन सा है?**
a) हिंद महासागर
b)दक्षिणी महासागर
c) अटलांटिक महासागर
d) आर्कटिक महासागर
e) प्रशांत महासागर

**43. यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (ईबीआरडी) बर्लिन की दीवार के पतन के बाद 1991 में स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है. इसका मुख्यालय ________ में है.**
a) पेरिस
b) लंदन
c) हैम्बर्ग
d) जेनेवा
e) विएना

**44. प्रधानमंत्री जन धन योजना अपने खाताधारकों को _____ लाख रुपए तक का मुफ्त दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करती है?**
a) 1
b) 1.5
c) 2
d)2.5
e) 3

**45. नॉर्वे की राजधानी निम्नलिखित में से कौन सी है?**
a) ओस्लो
b) द हेग
c) स्टॉकहोम
d) हेलसिंकी
e) हैम्बर्ग

**46. आर्कटिक महासागर में भारत के अनुसंधान स्टेशन का नाम निम्नलिखित में से कौन सा है?**
a) सागरिका
b) भारत
c) मैत्री
d) हिमाद्री
e) हिमशिखा

**47. नॉर्वे अपनी प्राकृतिक प्राकृतिक रंगीन पोलर लाइटों के लिए प्रसिद्ध है. इस अद्भुत प्राकृतिक घटना को _______के रूप में जाना जाता है.**
a) नॉर्दर्न अरोरा
b) औरोरा बोरियालिस
c) ऑरोरा आस्ट्रेलिस
d) नॉर्दर्न पोलारिस
e) ध्रुवीय चमक

**48. निम्नलिखित में से कौन इंटरनेट, साइबरस्पेस और उनके संबंधित कानूनी मुद्दों से संबंधित समग्र कानूनी प्रणाली प्रदान करती है?**
a) भारतीय इंटरनेट और साइबर कानून, 2001
b) भारतीय सूचना और प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000
c) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000
d) सूचना और साइबर प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000
e) सूचना और प्रौद्योगिकी विनियमन अधिनियम, 2002

**49. भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पहले मुख्य न्यायाधीश कौन थे?**
a) सर मौरिस ग्वेयर
b) सर श्रीनिवास वरदाचारी
c) सर एच जे कानिया
d) मेहर चंद महाजन
e) कैलाश नाथ काटजू

**50. किस शीर्ष भारतीय संस्थान ने प्रोग्रामिंग और डाटा साइंस में दुनिया का पहला ऑनलाइन B.Sc. डिग्री पाठ्यक्रम शुरू किया है?**
a) IIT, मुंबई
b) IIT, खड़गपुर
c) आईआईटी, दिल्ली
d) आईआईटी, मद्रास
e) IISc, बेंगलुरु

## ANSWER KEY | JULY GK TEST | 1

| Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A | 2 | C | 3 | B | 4 | C | 5 | A |
| 6 | C | 7 | A | 8 | D | 9 | A | 10 | B |
| 11 | C | 12 | B | 13 | D | 14 | E | 15 | B |
| 16 | C | 17 | B | 18 | B | 19 | A | 20 | D |
| 21 | B | 22 | A | 23 | B | 24 | E | 25 | B |
| 26 | C | 27 | D | 28 | C | 29 | A | 30 | C |
| 31 | D | 32 | C | 33 | C | 34 | B | 35 | A |
| 36 | C | 37 | B | 38 | A | 39 | B | 40 | C |
| 41 | A | 42 | D | 43 | A | 44 | D | 45 | B |
| 46 | D | 47 | D | 48 | C | 49 | B | 50 | E |

## ANSWER KEY | JULY GK TEST | 2

| Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. | Q. | A. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C | 2 | C | 3 | B | 4 | D | 5 | E |
| 6 | C | 7 | C | 8 | A | 9 | C | 10 | A |
| 11 | B | 12 | C | 13 | C | 14 | C | 15 | C |
| 16 | B | 17 | D | 18 | A | 19 | B | 20 | C |
| 21 | D | 22 | B | 23 | C | 24 | E | 25 | C |
| 26 | A | 27 | C | 28 | D | 29 | B | 30 | A |
| 31 | B | 32 | D | 33 | C | 34 | B | 35 | C |
| 36 | D | 37 | A | 38 | B | 39 | B | 40 | C |
| 41 | B | 42 | E | 43 | B | 44 | C | 45 | A |
| 46 | D | 47 | B | 48 | C | 49 | C | 50 | D |

# IBPS PO - PRELIMS (MODEL TEST PAPER)




## तार्किक शक्ति

**निर्देश (प्रश्न सं 1 से 5): निम्न जानकारी का अध्ययन कर दिए गए सवालों के जवाब दें.**

बारह कारें - मर्सिडीज़, स्विफ्ट, सैंट्रो, एकॉर्ड, इनोवा, पोलो, पुंटो, फिगो, सिविक, सिटी, फेरारी और लैंड रोवर- दो समानांतर पंक्तियों में इस तरह से खड़ी हैं कि कारों के बीच की दूरी एक समान है. पहली पंक्ति में कार चालकों का मुंह दक्षिण की ओर है. दूसरी पंक्ति में कारें कुछ इस तरह से खड़ी हैं कि इनमें बैठे कार चालकों का मुंह उत्तर की ओर होगा. इस प्रकार दी गयी पार्किंग व्यवस्था में पंक्ति में खड़ी प्रत्येक कार का मुंह दूसरी पंक्ति में खड़ी किसी अन्य कार की ओर है.

(i) बड़ी कार होने के कारण मर्सिडीज अंतिम छोर पर खडी की जानी चाहिए. मर्सिडीज़ सैंट्रो के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर खड़ी है. सैंट्रो फिगो की ओर मुंह करके खड़ी है.

(ii) पुंटो और इनोवा बिलकुल एक दूसरे के बगल में खड़ी हैं. वे न तो फिगो और न ही सैंट्रो के बगल में खड़ी हैं.

(iii) सिविक इस तरह से खड़ी है कि उसका चालक जब पार्किंग में खड़ी कार में बैठा होगा, तो उसका मुंह दक्षिण की ओर होगा. सिविक पोलो के बाईं ओर तीसरे स्थान पर खड़ी है.

(iv) सिटी कार कुछ इस तरह खड़ी है कि उसका मुंह फेरारी की ओर है. फेरारी लैंडरोवर के बाईं ओर दूसरे स्थान पर खड़ी है. लैंडरोवर का मुंह उत्तर की तरफ़ है और वह फिगो के बगल में नहीं खड़ी है.

(v) स्विफ्ट फेरारी के दायीं ओर तीसरे स्थान पर खड़ी है और उसका मुंह इनोवा की तरफ़ है.

**(नोट: पार्किंग की दाईं और बाईं दिशाऐं कार में बैठे चालक के संदर्भ में हैं)**

**1) सैंट्रो और सिविक के बीच कितनी कारें खड़ी हैं?**
a) एक b) दो
c) तीन d) चार
e) दोनों कारें अलग पंक्तियों में खड़ी हैं

**2) यदि पोलो: फेरारी, एकॉर्ड: इनोवा है तो सिटी:?**
a) मर्सिडीज़ b) इनोवा
c) सैंट्रो d) पुंटो
e) लैंडरोवर

**3) निम्न में से कौन सी कारों का जोड़ा पंक्तियों के चरम छोर पर खड़ा है?**
a) लैंड रोवर, पुंटो b) इनोवा, पोलो
c) पोलो, एकॉर्ड d) लैंड रोवर, इनोवा
e) फेरारी, स्विफ्ट

**4) निम्नलिखित कारों में से किसका मुंह पोलो की ओर है?**
a) मर्सिडीज़ b) सिविक
c) लैंडरोवर d) पुंटो
e) एकॉर्ड

**5) फिगो के बारे में निम्न में से कौन सा कथन सच है?**
a) पार्क की गयी फिगो में बैठे ड्राइवर का मुंह उत्तर की ओर होगा.
b) फिगो की ओर मुंह कर खड़ी कार के दायीं ओर दूसरी कार स्विफ्ट है.
c) पुंटो और फेरारी करें फिगो के ठीक बाद खड़ी हैं.
d) मर्सिडीज़ और एकॉर्ड उस पंक्ति के चरम छोर पर खड़ी हैं, जिसमें फिगो है.
e) उपरोक्त सभी कथन ग़लत हैं

**निर्देश (प्रश्न सं 6 से 10): निम्न जानकारी का अध्ययन कर दिए गए सवालों के जवाब दें.**

विभिन्न खेलों के आठ खिलाड़ी अलग-अलग कंपनियों द्वारा प्रायोजित हैं. क्रिकेट खिलाड़ी सचिन पेप्सी या ब्रिटानिया द्वारा प्रायोजित नहीं है. एडिडास द्वारा प्रायोजित खिलाड़ी बैडमिंटन खेलता है. बिलियर्ड्स का खिलाड़ी रीबॉक द्वारा प्रायोजित है. महेश MRF द्वारा प्रायोजित है. वह टेबल टेनिस या शतरंज नहीं खेलता है. सिंगर्स द्वारा प्रायोजित खिलाड़ी फुटबॉल खेलता है. डिंको हॉकी नहीं खेलता है. वॉलीबॉल खिलाड़ी पेप्सी द्वारा प्रायोजित है. लक्ष्मण और रमेश वॉलीबॉल और बैडमिंटन खेलते हैं (हालांकि ऐसा ज़रूरी नहीं है कि वे ये खेल क्रमशः खेलते हों). राहुल बिलियर्ड्स खेलता है. धनराज, जो ईशांत इंटरनेशनल द्वारा प्रायोजित है, शतरंज नहीं खेलता है. मुकेश ब्रिटानिया द्वारा प्रायोजित नहीं है जबकि मानिकचंद द्वारा प्रायोजित खिलाड़ी टेबल टेनिस या हॉकी नहीं खेलता है.

**6) सिंगर्स द्वारा किसे प्रायोजित किया गया है?**
a) डिंको b) मुकेश
c) सचिन d) निर्धारित नहीं किया जा सकता है
e) इनमें से कोई नहीं

7) **डिंको कौन सा खेल खेलता है?**
a) फुटबॉल b) टेबल टेनिस
c) शतरंज d) हॉकी
e) निर्धारित नहीं किया जा सकता है

8) **इनमें से कौन टेबल टेनिस खेलता है?**
a) धनराज b) डिंको
c) मुकेश d) सचिन
e) निर्धारित नहीं किया जा सकता है

9) **MRF द्वारा प्रायोजित खिलाड़ी कौन सा खेल खेलता है?**
a) क्रिकेट b) हॉकी
c) शतरंज d) निर्धारित नहीं किया जा सकता है
e) इनमें से कोई नहीं

10) **निम्न में से कौन सा संयोजन निश्चित रूप से ग़लत है?**
a) लक्ष्मण - वॉलीबॉल – पेप्सी
b) रमेश - बैडमिंटन - एडिडास
c) राहुल- बिलियर्ड्स – रीबॉक
d) महेश - फ़ोटबॉल - MRF
e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न सं 6 से 10):** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में चार कथन दिए गए हैं, इसके बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं: **I, II, III, IV**। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। निष्कर्ष पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए कथनों में से कौन सा निष्कर्ष सामान्यतः ज्ञात तथ्यों की अवहेलना करते हुए दिए गए कथनों से तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

11) **कथन:**
**कुछ कालीन किताबें हैं. सभी पुस्तकें पैन हैं.**
**कुछ पैन डिब्बे हैं. सभी डिब्बे कापियां हैं.**
निष्कर्ष:
I. कुछ डिब्बें कालीन हैं. II. कुछ डिब्बें किताबें हैं.
III. कुछ कलमें कालीन हैं. IV. कुछ कापियां कलमें हैं.
a) केवल I या II सत्य है. b) केवल II और III सत्य हैं.
c) केवल III और IV सत्य हैं. d) केवल I और III सत्य हैं.
e) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है.

12) **कथन:**
**कुछ पेंट बोतलें हैं. कुछ बोतलें ब्रांड हैं.**
**कुछ ब्रांड रंग हैं. सभी रंग रबड़ हैं.**
निष्कर्ष:
I. कुछ पेंट ब्रांड हैं. II. कुछ रबड़ें बोतलें हैं.
III. कुछ रबड़ें ब्रांड हैं. IV. कुछ बोतलें रंग हैं.
a) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है. b) केवल III सत्य है.
c) केवल II और IV सत्य हैं. d) केवल IV सत्य है
e) केवल I, II और III सत्य हैं

13) **कथन:**
**कुछ डिब्बें त्रिकोण हैं. सभी चौकोर त्रिकोण हैं.**
**सभी गोले डिब्बे हैं. सभी त्रिकोण चतुभुर्ज हैं.**
निष्कर्ष:
I. कुछ चतुभुर्ज डिब्बे हैं. II. कुछ चतुभुर्ज त्रिकोण हैं.
III. कुछ त्रिकोण चौकोर हैं.
IV. कोई गोला चतुर्भुज नहीं है.
a) केवल I सत्य है. b) केवल II सत्य है.
c) केवल I, II और III सत्य हैं. d) केवल III सत्य है.
e) सभी निष्कर्ष सत्य हैं.

14) **कथन:**
**सभी प्लास्टिक पेड़ हैं. कुछ पेड़ इमारतें हैं.**
**कुछ इमारतें खिड़कियां हैं. कुछ खिड़कियां काग़ज़ हैं.**
निष्कर्ष:
I. कुछ काग़ज़ प्लास्टिक हैं. II. कुछ इमारतें काग़ज़ हैं.
III. कोई कागज पेड़ नहीं है. IV. कुछ पेड़ खिड़कियां हैं.
a) केवल I सत्य है. b) केवल II सत्य है.
c) केवल I और IV सत्य हैं. d) केवल III सत्य है.
e) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है.

15) **कथन:**
**सभी छल्ले फोन हैं. सभी फोन चम्मच हैं.**
**कुछ फोन फाइलें हैं. सभी फाइलें कवर हैं.**
निष्कर्ष:
I. कुछ फ़ाइलें छल्ले हैं. II. कुछ चम्मच कवर हैं.
III. कुछ चम्मच फोन हैं. IV. कुछ छल्ले कवर हैं.
a) केवल I और IV सत्य हैं.
b) केवल I, II और III सत्य हैं.
c) केवल I और II सत्य हैं.
d) केवल II और III सत्य हैं.
e) कोई भी निष्कर्ष सत्य नहीं है.

**निर्देश (16-20): निम्न जानकारी का अध्ययन कर बाद में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें.**
दी गयी एक कोड भाषा के अनुसार 'prepare for your exams' का मतलब xn nt oz wl' है.
'hard work for prepare' का मतलब 'nt ml oz tk' है.
'prepare your studies well' का मतलब 'sd jk nt xn' है.
'work well best results' का मतलब 'ds lu jk ml' है.

16) **दी गई कोड भाषा में 'best' के लिए क्या कोड है?**
a) lu b) ml
c) sd d) ds
e) ds या lu

17) **दी गई कोड भाषा में 'nt' किस शब्द का कोड है?**
a) prepare b) your
c) hard d) work
e) exam

18) **दी गई कोड भाषा में 'exams are hard' का कोड क्या है?**
a) wl ml tk b) zr tk ko
c) wl xn tk d) tk zr wl
e) ke wl xn

**19) दी गई कोड भाषा में 'studies for' का क्या कोड है?**

a) ds sd b) jk sd
c) jk xn d) oz jc
e) oz sd

**20) दी गई कोड भाषा में 'well' का क्या कोड है?**

a) xn b) nt
c) wl d) jk
e) ml

**निर्देश (21-25): निम्नलिखित जानकारी को सावधानीपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-**

A, B, C, D, E, F, G और H आठ व्यक्ति आयताकार मेज़ के चारो ओर बैठे हैं. उनमें से चार मेज़ के बीच की ओर बैठते हैं, और उनका मुँह केंद्र से बाहर की ओर हैं. चार मेज़ के कोने पर बैठते हैं, और उनका मुँह केंद्र की तरफ हैं. वे सभी अलग -अलग उम्र के हैं. मेज़ के कोने पर बैठने वाले सभी चार व्यक्तियों की आयु में 3 का गुणांक है और चारों व्यक्तियों की आयु जो मेज़ के मध्य में बैठे हैं., उनकी आयु में 2 का गुणांक है.

E, A के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा हैं. A का मुँह बाहर की ओर हैं. E तथा जिसकी उम्र 54 है उनके बीच दो व्यक्ति बैठे है. H उस व्यक्ति के दायीं ओर दूसरा है, जिसकी उम्र 54 वर्ष है. H और B के बीच तीन व्यक्ति बैठते हैं, जिनकी आयु 76 वर्ष है. H के ठीक पड़ोस में 69 वर्षीय व्यक्ति है. C उस व्यक्ति के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है, जिसकी उम्र 69 वर्ष है. केवल एक व्यक्ति C और F के बीच बैठता है. जो कि F के बायीं तरफ दूसरे स्थान पर वह व्यक्ति बैठता है, उसकी आयु B की तुलना में एक वर्ष कम है. एक व्यक्ति की आयु जो 75 वर्ष की उम्र के साथ ही उसका ठीक पड़ोसी है, की आयु B और A की उम्र के बीच अंतर के बराबर है. उनमें से एक की आयु 27 वर्ष है लेकिन वह B के ठीक पड़ोस में नहीं हैं. H की उम्र पूर्ण वर्ग है और उसकी उम्र B और A की उम्र के बीच है. D की आयु H की उम्र से 1 साल कम है.

**21) D की उम्र क्या है?**

a) 64 साल b) 81 साल
c) 36 वर्ष d) 16 साल
e) इनमें से कोई नहीं

**22) निम्न में से कौन G के ठीक बायीं ओर बैठता है?**

a) F b) G
c) E d) D
e) इनमें से कोई नहीं

**23) A और D के बीच कितने व्यक्ति हैं, जब A की बाईं ओर से गिना जाता है?**

a) चार b) दो
c) तीन d) कोई भी नहीं
e) एक

**24) कौन A के सामने बैठता है?**

a) F b) G
c) E d) D
e) इनमें से कोई नहीं

**25) F और C के बीच उम्र का अंतर क्या है?**

a) 69 साल b) 51 साल
c) 27 वर्ष d) 42 साल
e) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश (26-30): निम्नलिखित जानकारी को सावधानीपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए सवालों के जवाब दें:**

छह व्यक्ति D, E, F, G, H और I विभिन्न शहरों जैसे पटना, पुणे, रांची, दिल्ली, गुड़गांव और नोएडा से संबंधित हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि एक ही क्रम में. उनमें से प्रत्येक को अलग-अलग रंग पसंद है, जैसे काला, सफेद, गुलाबी, बैंगनी, ग्रे और ब्राउन. वे विभिन्न प्रकार के लैपटॉप का इस्तेमाल करते हैं, जैसे कि HP, Dell और Sony लेकिन जरूरी नहीं कि एक ही क्रम में. कम से कम दो व्यक्ति एक ही प्रकार के लैपटॉप का इस्तेमाल करते हैं.

जो गुड़गांव का है वो Sony का उपयोग करता है. I Sony का उपयोग करता है और सफेद रंग पसंद करता है, लेकिन वह न तो पटना या न ही रांची से संबंधित है. जो दिल्ली का है वह HP का उपयोग करता है. E उसी लैपटॉप का उपयोग करता है जो काला रंग पसंद करने वाला करता है, लेकिन वह पुणे का नहीं है. जो पटना का है वह HP का उपयोग करता है. G गुड़गांव का है और उसे गुलाबी या ब्राउन रंग पसंद नहीं है.

जो पुणे का है, वह Dell का उपयोग करता है. H दिल्ली से संबंधित है और बैंगनी रंग पसंद करता है, लेकिन वह उसी लैपटॉप का उपयोग नहीं करता, जिसका उपयोग F करता है. D को ग्रे या ब्राउन रंग पसंद नहीं है. जो सोनी का उपयोग करता है, वह दिल्ली और रांची का नहीं है. जो लोग बैंगनी और गुलाबी रंग पसंद करते हैं, वे एक ही तरह के लैपटॉप का इस्तेमाल करते हैं.

**26) निम्न में से कौन सा संयोजन सही है?**

a) H - दिल्ली - बैंगनी - Sony
b) D - पटना - गुलाबी - HP
c) E - पुणे - काला - Dell
d) H - पटना - ग्रे - HP
e) G - नोएडा - सफेद - Sony

**27) निम्न में से कौन एक ही प्रकार के लैपटॉप का इस्तेमाल करते हैं?**

a) G, H b) E, I
c) D, H d) F, G
e) I, D

**28) निम्नलिखित में से कौन बैंगनी रंग पसंद करता है?**

a) जो दिल्ली से संबंधित है और Dell का उपयोग करता है.

b) वह जो पुणे से है और Sony का उपयोग करता है.

c) जो Dell का उपयोग करता है.

d) जो नोएडा से संबंधित है.

e) इनमें से कोई नहीं

